विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 73 ▸▸ अंक 100 ▸▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 07 जनवरी, 2026
▸▸ माघ कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए ■ ■

www.dainikjagranmpcg.com आज के अंक के साथ सत्यकथा




कश्मीर में इन दिनों 40 दिनों के 'चिल्लई कलां' का समय चल रहा है। 'चिल्लई कलां' मौसम के सबसे सर्द 40 दिनों का समय होता है, जो 21 दिसंबर से शुरू हुआ है और 30 जनवरी तक चलेगा। इसका असर मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश, राजस्थान जैसे मैदानी राज्यों में भी दिखाई दे रहा है, जहां सर्दी अपने चरम पर है और कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जगह ओस की बूंदें तक जम गई हैं। तस्वीर में श्रीनगर-गुलमर्ग हाईवे दिखाई दे रहा है, जिसे भारी बर्फबारी के कारण बंद कर दिया गया है और यहां सड़क, पहाड़, पेड़- सब कुछ दूर-दूर तक बर्फ की सफेद चादर में ढंका है।

# पैरेलल एनआरसी नहीं हैं एसआईआरः आयोग

## अन्य याचिकाओं पर गुरुवार को फिर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम सवाल उठाया कि क्या संदिग्ध मामलों में दस्तावेजों के जरिए जांच-पड़ताल करना चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकार क्षेत्र से बाहर होगा। इस पर जवाब देते हुए आयोग ने अदालत को यह भी स्पष्ट किया कि एसआईआर किसी भी तरह से एनआरसी जैसी समानांतर नागरिकता प्रक्रिया नहीं है। इस अहम संवैधानिक मुद्दे पर अब अगली सुनवाई गुरुवार को होगी, जहां अदालत यह तय कर सकती है कि एसआईआर की सीमाएं क्या होंगी और चुनाव आयोग के अधिकारों की व्याख्या कैसे की जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ कई राज्यों में शुरू की गई एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बागची ने पूछा कि यदि मतदाता सूची में कुछ नामों की स्थिति संदिग्ध प्रतीत होती है, तो क्या उनकी जांच करना आयोग के संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों के दायरे से बाहर होगा।



न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि चुनाव आयोग यह दावा नहीं करता कि वह किसी व्यक्ति को नागरिक या गैर-नागरिक घोषित करता है, लेकिन यदि यह मानने का आधार है कि मतदाता सूची में ऐसे नाम शामिल हैं जिनकी स्थिति संदिग्ध है, तो क्या आयोग को जांच-पड़ताल करने का अधिकार नहीं होगा। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि केवल उम्र (18 वर्ष से अधिक) और निवास के आधार पर किसी अवैध अप्रवासी को मतदाता मान लेना क्या उचित होगा।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत ने तर्क दिया कि मतदाता के लिए केवल यह साबित करना आवश्यक है कि वह 18 वर्ष से ऊपर है और देश का सामान्य निवासी है। यदि संदेह हो तो जांच हो सकती है, लेकिन नागरिकता तय करने का अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। नागरिकता का फैसला विदेशी ट्रिब्यूनल जैसे सक्षम प्राधिकरण द्वारा ही किया जा सकता है।

### ड्राफ्ट सूचीः उप्र में 2.89 करोड़ नाम कटे

उत्तर प्रदेश में मंगलवार को एसआईआर के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी हुई। इसमें 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इसका अर्थ है कि उत्तर प्रदेश में हर पांचवां वोटर अब ड्राफ्ट सूची से बाहर हो गया है। पहले जहां उत्तर प्रदेश में 15.44 करोड़ मतदाता थे, वहीं अब यह संख्या घटकर 12.55 करोड़ रह गई है। उत्तर प्रदेश से पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ड्राफ्ट सूची में कुल 3.69 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इस तरह कुल हटाए गए मतदाताओं की संख्या देश में 6.58 करोड़ हो गई है। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख, पश्चिम बंगाल में 58.20 लाख, राजस्थान में 41.85 लाख, तमिलनाडु में 97 लाख, गुजरात में 73 लाख, गोवा में 11.85 लाख, पुडुचेरी में 1.03 लाख, अंडमान-निकोबार में 3.10 लाख और लक्षद्वीप में 1,616 वोटर्स के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए हैं।

### अदालत की टिप्पणी

न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि नागरिकता केवल उम्र और निवास से तय नहीं होती, बल्कि यह एक संवैधानिक आवश्यकता है, जिसके साथ अन्य कानूनी शर्तें भी जुड़ी हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या एसआईआर के तहत दस्तावेज-आधारित सत्यापन करना नागरिकता तय करने जैसा होगा या यह केवल पहले से की गई प्रविष्टियों की सटीकता की जांच है।

### ममता बोलीं- एसआईआर भाजपा के मोबाइल ऐप से हो रहा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा की आईटी सेल द्वारा बनाए गए मोबाइल ऐप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे आम और पात्र मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### अर्बन डेवलपमेंट के संचालक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

## विकास के साथ ही नागरिकों की सेहत का भी ध्यान रखें अफसर



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहरों के विकास के साथ अधिकारी पूरी गंभीरता से इस बात पर ध्यान दें कि पेयजल की पाइप लाइन और सीवेज लाइन एक-दूसरे से दूर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी शहरी क्षेत्रों में निजी निवेश को प्राथमिकता दें, साथ ही निकायों को अपनी आमदनी बढ़ानी होगी। सीएम मंगलवार को मंत्रालय में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 11वीं बैठक ले रहे थे। बैठक में प्रदेश में शहरी विकास के लिए मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में 4 स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसमें परिसंपत्ति प्रबंधन■ **शेष पृष्ठ 7 पर**

### इंदौर में दूषित पानी से 17 मौतों पर हाईकोर्ट सख्त, कहा-

# इंदौर की छवि धूमिल, जरूरत पड़ी तो तय होगी आपराधिक जिम्मेदारी

**इंदौर, जेएनएन।** दूषित पेयजल से हुई मौतों के मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने मंगलवार को राज्य सरकार और नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि इस घटना ने 'देश के सबसे स्वच्छ शहर' की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है और स्वच्छ पेयजल नागरिकों का मौलिक अधिकार है, जिससे किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट संकेत दिए कि यदि आवश्यकता पड़ी तो दोषी अधिकारियों पर सिविल के साथ-साथ आपराधिक जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। हाईकोर्ट में दूषित पानी से जुड़े पांच याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। पीठ ने यह भी कहा कि अगर पीड़ितों को दिया गया मुआवजा अपर्याप्त पाया गया, तो उस पर भी उचित निर्देश जारी किए जाएंगे।



**अगली सुनवाई 15 को, मुख्य सचिव तलबः** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम को विस्तृत जवाब के साथ नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में स्वच्छ पेयजल का अधिकार निहित है और इसकी अनदेखी गंभीर अपराध है।

### अब तक 17 मौतें, 15 आईसीयू में

भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को उल्टी-दस्त के 38 नए मामले सामने आए, जिनमें से 6 मरीजों को अरबिंदो अस्पताल रेफर किया गया। कुल मिलाकर 110 मरीज अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। अब तक 421 मरीज अस्पताल लाए गए, जिनमें से 311 डिस्चार्ज हो चुके हैं, जबकि 15 मरीज आईसीयू में हैं।

**शिकायतों पर नहीं दिया ध्यानः** याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि 31 दिसंबर को ही हाईकोर्ट ने स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे, बावजूद इसके प्रभावित इलाकों में दूषित पानी की सप्लाई जारी रही। वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि समय रहते शिकायतों पर कार्रवाई होती तो यह त्रासदी टल सकती थी।

**पाइपलाइन के लिए नहीं मिला फंडः** अदालत को यह भी बताया गया कि 2022 में नई पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव पारित हुआ था, लेकिन फंड जारी न होने से काम शुरू नहीं हो सका।

### हरिद्वारः घाटों पर गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने पर विचार

**देहरादून/हरिद्वार, जेएनएन।** उत्तराखंड सरकार हरिद्वार के 120 वर्ग किमी में फैले 105 गंगा घाटों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। यह मांग कुछ संतों और गंगा सभा की ओर से उठाई गई है, जो हरिद्वार के प्रमुख हर-की-पौड़ी घाट के रखरखाव की जिम्मेदारी संभालती है। उल्लेखनीय है कि हर-की-पौड़ी क्षेत्र में नगर पालिका के उपविधानों के तहत गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर पहले से ही सीमित प्रतिबंध लागू हैं। इसमें सरकारी ड्यूटी करने वाले गैर-हिंदुओं को छूट दी गई है। यह प्रक्रिया अर्ध कुंभ से शुरू की जा सकती है, ■ **शेष पृष्ठ 7 पर**

**सन् 1916 के समझौते को फिर से बहाल करने की तैयारी**






# इनक्यूबेशन सेंटर में जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



**जागरण, सतना।** सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर सतना में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों एमएसएमई के लिए जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट प्रमाणन तथा रेज़िंग ऐंड पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस एवं ईडी सतना स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा के मार्गदर्शन में एवं मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा तडिच् योजना की राज्य नोडल एजेंसी के रूप में किया गयाए जिसमें एमएसएमई विभाग मध्यप्रदेश शासन का सहयोग रहा । कार्यशाला के दौरान शुभम सरवर आरएएमपी सलाहकार इंदौर संभाग द्वारा आरएएमपी योजना के उद्देश्य पात्रता लाभ तथा उद्योगों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरांत आर के दलेला मास्टर ट्रेनर द्वारा ज़ेडईडी प्रमाणन के महत्व पर सत्र आयोजित किया गया जिसमें गुणवत्ता आधारित उत्पादन शून्य दोषदृशून्य प्रभाव लागत में कमीए पर्यावरण संरक्षण तथा उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया गया। प्रतिभागियों को एमएसएमई नीति 2025 मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति तथा मध्यप्रदेश भूमि नियम 2025 के महत्वपूर्ण प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। डीआईसी से आर एल पाण्डेय, नवीन शुक्ला लघुउद्योग भारती से नितेश बदेदिया , फवाद खान एवं स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर से दीपेंद्र सिंह राजपूत शांतनु सिंह परिहार संजना सिंह तथा विष्णु कांत चौरसिया उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में सतना औद्योगिक क्षेत्र की लगभग 50 से 55 एमएसएमई निर्माण इकाइयों के उद्यमियों एवं प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमों को गुणवत्ता नवाचार डिजिटल सशक्तिकरण तथा राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों का प्रभावी लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना रहा ताकि सतना जिले के औद्योगिक विकास को नई गति मिल सके।

# किसानों के न्याय एवं हक की लड़ाई शुरू किसान कांग्रेस उतरी सड़क पर



## कोठी में हरी झंडी दिखाकर यात्रा के रथ को किया गया रवाना

**जागरण, सतना।** यात्रा का ग्रामीणों ने जगह.जगह किया स्वागत मध्य प्रदेश के किसानों को न्याय एवं उनका हक दिलाए जाने के लिए कांग्रेस ने अब लड़ाई लड़ना शुरू कर दी है और इसके लिए वह सदन से लेकर अब सड़क तक संघर्ष करती दिख रही है इसकी शुरुआत मध्यप्रदेश के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के आवाहन पर संपूर्ण मध्य प्रदेश में की जा चुकी है आज सतना जिले के रैगांव विधानसभा के कोठी ब्लॉक से जिला अध्यक्ष संतोष पांडे के नेतृत्व में सतना जिले में किसान जन आंदोलन यात्रा की शुरुआत की गई यात्रा के रथ को हरी झंडी दिखाकर कांग्रेस नेताओं ने रवाना किया जहां पर जगह.जगह यात्रा का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत कियाए इसके पूर्व समारोह पूर्वक आयोजन कर किसान कांग्रेस ने अपना उद्देश्य बताते हुए यात्रा में सभी किसानों को सम्मिलित होने का आवाहन किया कोठी के बस स्टैंड परिसर पर अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की प्रतिमा पर आज के इस यात्रा के शुभारंभ के मुख्य अतिथि रामपुर बघेलान के पूर्व विधायक राम लखन पटेल वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुंवर अभय सिंह रोली की अध्यक्षता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजभान सिंह राज के विशिष्ट अतिथि सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष पांडे के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत किसान जन आंदोलन यात्रा के कार्यक्रम की शुरुआत की गई जहां पर कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया इसके उपरांत किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे ने जिले की तीनों विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं को किया संबोधित



**पन्ना ।** आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के महामंत्री एवं सागर संभाग के प्रभारी गौरव रणदिवे ने संगठनात्मक विषयों को लेकर पन्ना जिले की तीनों विधानसभाओं की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया श्री रणदिवे ने अपने संबोधन में एस आई आर और अन्य संगठन विषयों पर प्रकाश डाला रणदिवे द्वारा कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की, कि कम से कम सप्ताह में एक दिन अपने प्रवास तय करें ताकि संगठन को और अधिक गति मिल सके रणदिवे ने कहा कि जब कार्यों की स्वयं समीक्षा करते हैं तो वास्तविकता का पता चलता है समीक्षा करने से अभी पता चलता है की जो सोचा था वह हुआ कि नहीं हर व्यक्ति को अपने कार्यों की स्वयं समीक्षा करनी चाहिए समीक्षा व खुद का अवलोकन से कार्य को आगे और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है कार्यकर्ता आधारित संस्कृति है भाजपा और विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित किया है बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा,विधायक राजेश वर्मा, विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह,आशीष तिवारी और मंडलों के मंडल अध्यक्ष और अपेक्षित की श्रेणी की कार्यकर्ता शामिल थे।

## म.प्र. उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद के पुरस्कार के लिये अंतिम तिथि 2 फरवरी

**सतना।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय एवं 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने के लिये 01 जनवरी, 2025 से 31 दिसम्बर, 2025 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 02 फरवरी, 2026 तक आमंत्रित है। पुरस्कार में अखिल भारतीय पुरस्कार रूपये 51,000/- के अंतर्गत मीर तकी मीर पुरस्कार उर्दू शायरी, हकीम कमरूल हसन पुरस्कार उर्दू पत्रकारिता, शोध एवं आलोचना, हामिद सईद खाँ पुरस्कार कहानी, लघु कथा, शादाँ इन्दौरी पुरस्कार निबंध एवं अनुवाद, जौहर कुरैशी पुरस्कार हास्य व्यंग्य, इब्राहीम यूसुफपुरस्कार नाटक, दास्तान को शामिल किया गया है।

## बैंक-ग्राहक संबंधों को और सुदृढ़ करने का संकल्प

**रीवा।** यूको बैंक द्वारा रीवा शहर में कस्टमर मीट कार्निवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझना, उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना तथा नए ग्राहकों को बैंक से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में जोनल हेड अक्षय कुमार एवं रिसोर्सेज हेड एस. एल. सोनार्थी द्वारा बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं एवं जमा योजनाओं की विशेषताओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ये योजनाएँ न केवल ग्राहकों की आर्थिक उन्नति में सहायक होंगी, बल्कि रीवा जिले के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। इस अवसर पर रीवा, सतना, मैहर एवं सीधी सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से राजेन्द्र शर्मा (शिल्पी इंफ्रा), एसके. त्रिपाठी (डीन, एजी कॉलेज), रघुराज किशोर (एबीवीपी अध्यक्ष), एनके. शुक्ला (जीएम, एमपीआईडीसी रीवा) एवं डॉ.आरपी. जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही बैंक की विभिन्न शाखाओं से शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी नावेद अहमद खान, एमएस नेहा द्विवेदी, शहबाज़ खान, अनिल गुप्ता, मयंक जायसवाल एवं सिद्धार्थ शुक्ला भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ग्राहकों के साथ सकारात्मक संवाद एवं बैंक-ग्राहक संबंधों को और सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ किया गया।

## युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए शैक्षणिक संस्थाओं में 9 एवं 10 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

**पन्ना ।** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं के मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए 9 एवं 10 जनवरी को विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जिसके तहत एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने इसके लिए आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी तथा क्रियान्वयन अधिकारी की नियुक्ति की है। जिले की प्रत्येक उच्च शिक्षा की शैक्षणिक संस्था में विशेष शिविर के आयोजन संबंधी समस्त निर्देशों के अनुसार कार्यवाही संपादित कराने के लिए छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह प्रत्येक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष कैम्प के आयोजन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही संपादित कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को भी नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इस क्रम में समस्त शासकीय एवं निजी महाविद्यालय प्राचार्य अपने-अपने महाविद्यालय में मानक संचालन प्रक्रिया अनुरूप कार्यवाही संपादित कराने तथा जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के निर्देशन में कार्यवाही व पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेवार होंगे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संबंधित प्राचार्य द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के जिला नोडल अधिकारी के निर्देशन में यह कार्रवाई संपादित की जाएगी। इसी तरह सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद चौरसिया द्वारा समस्त महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर वांछित कार्रवाई उपरांत जिला निर्वाचन कार्यालय को एकजाई पालन प्रतिवेदन भेजा जाएगा, जबकि उच्च माध्यमिक शिक्षक पुष्पराज सिंह परमार हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर वांछित कार्रवाई उपरांत जिला निर्वाचन कार्यालय को एकजाई पालन प्रतिवेदन भेजेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस संबंध में सभी निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रांतर्गत आवश्यक कार्रवाई के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। आगामी 12 जनवरी तक जिला निर्वाचन कार्यालय में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

## किसान भाई 15 तक बेच सकेंगे अपनी सोयाबीन उपज

**सतना।** म.प्र. शासन द्वारा किसान भाईयो को सोयाबीन फसल के विक्रय पर समर्थन मूल्य प्रदाय करने की सुनिश्चिता हेतु भावान्तर भुगतान योजना प्रारंभ की गई है। जिसके तहत 15 जनवरी 2026 तक मण्डी में पंजीकृत कृषकों द्वारा सोयाबीन विक्रय करने पर उनकी पात्रता की सीमा में भावान्तर राशि प्रदाय करने का प्रावधान किया गया है। कृषि उपज मण्डी समिति के सहायक संचालक करूणेश तिवारी ने बताया कि योजना अंतर्गत जिले में कुल 71 कृषकों द्वारा कुल 100.23 हेक्टेयर का पंजीयन कराया है। इनमें 5 जनवरी तक योजना अंतर्गत कुल 56 कृषकों द्वारा 896.07 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय किया गया है। जिसमें से 31 कृषकों को 5 लाख 7 हजार 257 रूपये भावान्तर राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# 5 किलोमीटर सड़क पर ठेकेदार ने की लीपापोती

## गुणवत्ता विहीन डामरीकरण कर बनाई सड़क



**जागरण, सतना।** रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पैपखरा गाँव मे लोक निर्माण विभाग की सड़क पिछले वर्ष 2024 नवंबर माह में मेसर्स आर के बिल्डर्स कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा 4०6 किलोमीटर का निर्माण कार्य किया गया था जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर तथा ठेकेदार की लापरवाही के कारण तीन स्थानों पर सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया वहीं ठेकेदार के द्वारा 15 जून 2025 के पूर्व जून माह में डामरीकरण किया गया उक्त सड़क गुणवत्ता विहीन होने के कारण एवं पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर की मिलीभगत और लापरवाही के कारण सड़क के परख्च्चे उड़ गए जिसके कारण ग्रामीणों को ग्राम पंचायत पैपखरा से मेंन रोड तक आने में भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ता है यहां तक की बरसात के समय जहां ठेकेदार ने सड़क छोड़ दी है वहां पर भारी कीचड़ होता है और लोग पैदल तक नहीं निकाल पाते ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार को बार.बार कहा गया कि वह गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करें मगर पीडब्ल्यूडी के जवाबदार इंजीनियर की लापरवाही और मिली भगत से मोटी रकम कमाने के लिए गुणवत्ता विहीन डामरीकरण करके सड़क निर्माण किया गया है जिसमें 6 माह के अंदर ही किये गये डामरीकरण के परख्च्चे उड़ गए और फिर से सड़क इस बदहाल स्थिति में हो गई अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इसको संज्ञान में लेते हैं या फिर सड़क निर्माता कंपनी का सहयोग करते हैं।

## मैहर एएसपी ने की जनसुनवाई



**सतना।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में आयोजित' जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनीं गईं एव सभी शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित थानों अधिकारियों को शिकायत निराकरण हेतू आवश्यक निर्देश दिए गए।

## रंग बहादुर सिंह को मातृ शोक

**सतना।** कर्मचारी कॉग्रेस के जिलाध्यक्ष रंगबहादुर सिंह भदौरिया की मा श्रीमती पूर्णिमा सिंह का 6 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शोक लहर व्याप्त है वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार विलकता हुआ छोड गई। इस दुख की घडी मे राजाराम गर्ग, रामकलेश कुशवाहा,हितेन्द्र सिंह परिहार, राजललन पाण्डेय, मुनेन्द्र सिंह परिहार, अशोक सोनी, राजबहादुर पटेल, राजेन्द्र साकेत,राजेश मिश्रा, द्वारिका वर्मा, स्वामीदीन कुशवाह ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 84 आवेदकों की समस्यायें



**जागरण, सतना।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 84 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण हेतु आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया।

## ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में आयोजित हुआ संयुक्त सैनिक सम्मेलन

**सतना।** पूर्व सैनिकों के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को सतना स्थित ईसीएचएस (एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम) पॉलीक्लिनिक में संयुक्त सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों के साथ-साथ वीरांगनायें (महिलाएं) भी शामिल हुईं। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी और पॉलीक्लिनिक के कार्यवाहक अधिकारी-इन-चार्ज लेफ्टिनेंट कर्नल एनके मिश्रा ने की। दोनों अधिकारियों ने पूर्व सैनिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, ईसीएचएस सुविधाओं तथा अन्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों, पेंशन, मेडिकल सुविधाओं तथा अन्य मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। अधिकारियों ने उपस्थित सभी की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण किया। कुछ जटिल मामलों को उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन भी दिया गया। इस तरह के सम्मेलन पूर्व सैनिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मानकों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण शोध करें : प्रो आलोक चौबे




**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पीएचडी पाठ्यक्रम सत्र 2025.26 का दीक्षारंभ आज पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाओं के साथ हुआ। इस अवसर पर आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने शोध की गुणवत्ता महत्व एवं उसकी सामाजिक उपादेयता पर चर्चा करते हुए आवाहन किया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण शोध परिणाम के नियमित अध्ययन के साथ साथ व्यवस्थित रिसर्च करें। उन्होंने कहा कि शोधार्थी को रुचि पूर्वक विषय सामग्री का अध्ययन और शोध प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो आरसी त्रिपाठी और अधिष्ठाता गण प्रो अमरजीत सिंह प्रो सूर्य कांत चतुर्वेदीए प्रो आञ्जनेय पांडेय और कार्यक्रम संयोजक प्रो सुधाकर मिश्रा निदेशक शोध निदेशालय मौजूद रहे।

## मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 53 आवेदन

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 53 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 24 घन्टे के अन्दर 02 नाबालिगों को पुलिस ने खोज निकाला

**सतना।** 24 घंटे के अंदर नागौद पुलिस ने अलग अलग स्थानो में दबीश देकर दो नाबालिगो को खोज निकाला है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश , एएसपी प्रेमलाल कुर्वे, एसडीओपी रघुकेसरी के मार्गदर्शन में नागौद टीआई अशोक पाण्डेय द्वारा की गई है।

# रामपुर ब्लॉक कुम्हार संघ का हुआ विस्तार



**जागरण, सतना।** प्रजापति कुम्हार संघ सतना ब्लॉक रामपुर बघेलान संगठन का विस्तार नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष कुंजीलाल प्रजापति की अध्यक्षता एवं नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष अनूप प्रजापति नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष शुभकरण मिंटू अतिरिक्त प्रभार रामपुर बघेलान की उपस्थिति में संगठन का विस्तार किया गया बैठक के मुख्य अतिथि पुसई प्रजापति जिला संरक्षक विशिष्ट अतिथि रामबहोरी प्रजापति जिला संरक्षक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोरेलाल प्रजापति जिला संरक्षक एवं प्रवक्ता लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति जिला महासचिव बंसीलाल प्रजापति जिला सभापति बीड़ी प्रजापति जिला संगठन मंत्री रामबहोरी आर बी प्रजापति युवा जिला अध्यक्ष जय नारायण प्रजापति व्यापारिक समिति अध्यक्ष लक्ष्मण प्रजापति जिला संरक्षक बद्रीविशाल प्रजापति जिला मीडिया प्रभारी शुभकरण प्रजापति भगवान दास प्रजापति पूर्व पार्षद बुद्धा प्रजापति की गरिमामई उपस्थिति में ब्लाक रामपुर बघेलान संगठन का विस्तार किया गया। जहां ब्लाक उपाध्यक्ष लक्ष्मण प्रजापति सचिव रावेद्र प्रजापति चूंद शिवकुमार प्रजापति कोषाध्यक्ष गुडुडुरू शंकर लाल प्रजापति संरक्षक बमौरी पप्पू प्रजापति संगठन मंत्री पड़खुरी सुखबदन प्रजापति मीडिया प्रभारी चकदही रामदास प्रजापति मुख्य सलाहकार सुंदरलाल प्रजापति महामंत्री प्रीतम प्रजापति प्रचार.प्रसार मंत्री सविता प्रजापति कानून मंत्री युवा विंग में संजय प्रजापति युवा ब्लॉक अध्यक्ष कोटर प्रदीप प्रजापति उपाध्यक्ष इंदू प्रजापति सचिव सुंदरलाल प्रजापति महासचिव मणिराज प्रजापति कोषाध्यक्ष सुखेंद्र प्रजापति मीडिया प्रभारी रावेन्द्र प्रजापति शिक्षक प्रचार.प्रसार मंत्री संरक्षक मनसुख लाल प्रजापति सक्रिय सदस्य सुखेंद्र प्रजापति रामनरेश प्रजापति सक्रिय सदस्य रामदुलारे प्रजापति सतेन्द्र प्रजापति रामेश प्रजापति रामसजीवन प्रजापति छोटेलाल विपिनचंद्र प्रजापति रामकृपाल प्रजापति गजाधर प्रजापति श्यामल प्रजापति शिवराम प्रजापति मोहन प्रजापति भाई लाल प्रजापति सूर्यबली प्रजापति राकेश प्रजापति किशोरी लाल प्रजापति राजा भैया ओमप्रकाश रामनिवास राजकरण राकेश प्रजापति कटरा शारदा प्रजापति को सक्रिय सदस्य नवनियुक्त किया गया बैठक में उपस्थित कुजा प्रजापति लाला सजन इन्द्रल राजू गिरीश पारश अजय नाथ झल्लू रामेश प्रजापति नीता फूलमती लल्ली सुखी उर्मिला ज्योति सहित सैकड़ों गणमान्य जन उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाया।

# मौसम में बदलाव से ब्रोंकिइटिस के मामले बढ़े

**जागरण,रीवा।** पिछले कुछ दिनों में मौसम में हुए बदलाव का असर अब दिखाई देने लगा है। इससे लोगों को कोई न कोई बीमारी इस मौसम में हो रही है। इस समय सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है। उनमें ब्रोंकाइटिस की परेशानी ज्यादा बढ़ गई है। सर्दी बढ़ते ही अब एसजीएमएच और जिला अस्पताल की ओपीडी में बच्चों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इसमें चालीस फीसदी तक बच्चे इसी से पीड़ित आ रहे हैं। इस समय कंपकंपी छुड़ा देने वाली सर्दी बच्चों की सेहत बिगाड़ रही है। इसमें ज्यादातर बच्चों की सांस की नली सिकुड़ जाती है। बच्चों को हाफनी के साथ सांस फूलने लगती है। इसके अधिकांश लक्षण निमोनिया जैसे होते हैं। इस तरह की समस्या सबसे ज्यादा एक साल तक के बच्चों में ज्यादा आ रही है। कुछ बड़ी उम्र के बच्चे भी अस्पतालों में आ रहे हैं। इसमें इस समय केआरएच में भी बच्चे भर्ती हो रहे हैं।

## दिवंगतों के घर पहुंच सांसद ने जताया शोक



**जागरण, सतना।** लोकसभा क्षेत्र सतना में बीते दिनों कई परिवारों के सदस्यों के दुखद निधन की सूचना मिलने पर सतना सांसद गणेश सिंह उनके निवास पहुंचकर दिवंगतजनों के प्रति शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी है। मंगलवार को एडवोकेट शंकरदीन कुशवाहा के पुत्र अक्षय कुशवाहा के दुखद निधन पर उनके निवास उतैली वॉर्ड नम्बर 22 पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं अमर सिंह सेवा निवृत उप पुलिस अधीक्षक मास्टर प्लान सतना की माताजी के दुखद निधन पर उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की है।

# टैली प्रशिक्षण पाकर छात्रों को मिली तकनीकी दक्षता

## एक्सीलेंस कॉलेज में रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम का शुभारंभ



**जागरण, रीवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी टैली प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र नाथ तिवारी, स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी/संयोजक डॉ. विवेक वर्मा, सह-संयोजक डॉ. नवीन राय एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में राज यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी डॉ. विवेक वर्मा ने बताया कि टैली प्रशिक्षण आज के समय में लेखांकन, वित्तीय प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशासन के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल लेखांकन, जीएसटी, इन्वेंट्री मैनेजमेंट और रिपोर्टिंग जैसे विषयों में दक्ष बनाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद प्रतिभागी निजी कंपनियों, औद्योगिक संस्थानों तथा सरकारी योजनाओं में रोजगार प्राप्त करने में सक्षम होंगे। टैली विशेषज्ञ ने टैली सॉफ्टवेयर का परिचय, अकाउंटिंग एंट्री, जीएसटी बिलिंग, बैंकिंग ट्रांजैक्शन, रिपोर्ट जनरेशन, प्रायोगिक अभ्यास, केस स्टडी, असाइनमेंट और मूल्यांकन इत्यादि के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. रवीन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विषय विशेषज्ञों की बात को आत्मसात करके अपने कॅरियर को उँचाई तक ले जाना चाहिये। यह 30 दिवसीय अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी सशक्त बनाएगा।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 07 जनवरी 2026 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



# कलेक्टर के एक्शन से खनिज माफियाओं में हड़कंप




## कलेक्टर के निर्देश पर अवैध खनिज उत्खनन एवं भंडारण पर हो रही कार्रवाई

### खनिज विभाग कर रहा है जिले भर में सतत निगरानी

जागरण, सीधी



कलेक्टर के एक्शन से खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। कलेक्टर के निर्देश पर अवैध खनिज उत्खनन एवं भंडारण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई का सिलसिला चल रहा है। खनिज विभाग जिले भर में अवैध खनिज उत्खनन एवं भंडारण पर सतत निगरानी के साथ कार्रवाई में जुटा हुआ है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी अवैध खनिज उत्खनन एवं भंडारण को काफी गंभीरता से लेते हुए इस पर सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर की सख्ती के चलते सीधी जिले में खनिज एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्रवाई का क्रम जारी रखा गया है। अवैध खनिज उत्खनन की सूचना किन क्षेत्रों से मिल रही है वहां संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जा रही है। टीम द्वारा रेत के अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर सर्वाधिक कार्रवाई अभी तक की गई है। इसके अलावा जिन क्षेत्रों से अवैध रूप से पत्थर, मुरुम, मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है वहां भी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर की सख्ती के चलते जिले के सुदूर क्षेत्रों में भी संयुक्त टीम की कार्रवाई चल रही है। खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर संयुक्त टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई सीधी जिले में शुरू होने के बाद से खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। खनिज माफिया द्वारा प्रशासनिक सख्ती शुरू होने के बाद से अपने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में खनिज माफिया पर कार्रवाई हो चुकी है वहां खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन भी बंद हो गया है। वहीं जिन क्षेत्रों में अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है वहां भी खनिज माफियाओं में दहशत के चलते अवैध उत्खनन एवं परिवहन बंद किया गया है। संयुक्त टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की सतत जानकारी जुटाई जा रही है। खनिज के अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक के दौरान भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खजिन, पुलिस, सोन घड़ियाल एवं राजस्व विभाग संयुक्त द्वारा से संवेदनशील एवं चिन्हित क्षेत्रों में सतत जांच एवं निरीक्षण करे। अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त आदतन उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। तत्संबंध में सभी एसडीएम को प्रभावी निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं अनाधिकृत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में प्रयुक्त वाहनों, बिना नंबर प्लेट के खनिज परिवहन कर रहे वाहनों तथा कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टरों द्वारा खनिज परिवहन किए जाने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### अवैध खनिज भंडारण पर प्रमुखता पर कार्रवाई



कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर प्रमुखता के साथ कार्रवाई करें। अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों की पहचान लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों की डेटा के अधार पर कर इनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करें। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा जिले में विभिन्न खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार प्रकरण दर्ज कर इन प्रकरणों के माध्यम से अर्थदंड वसूल कर शासकीय कोष में जमा कराया जा रहा है। कलेक्टर की सख्ती के चलते खनिज के अवैध कारोबार में लिप्त खनिज माफिया के विरुद्ध जहां कड़ी कार्रवाई हो रही है वहीं अवैध रूप से उत्खनन किए गए खनिज की जप्ती का कार्य भी किया जा रहा है। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान खनिज के परिवहन में लगे वाहनों की जांच भी की जा रही है। यदि वाहनों में आवश्यक कागजात नहीं हैं तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई करते हुए वाहनों की जप्ती का कार्य भी किया जा रहा है। यह सिलसिला सीधी जिले में निर्बाध रूप से चल रहा है।

# जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ ने सुनी 107 आवेदकों की समस्याएं



जागरण, सीधी। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 107 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल समन्वय स्थापित कर शिकायतों की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उनके समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी आवेदकों को मौके पर ही पावती भी उपलब्ध कराई गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सभी विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों में समय-सीमा निर्धारित है, उन्हें स्वयं संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित शिकायतकर्ता को निराकरण की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के दौरान हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों को दृष्टिगत रखते हुए जिला पंचायत सीईओ ने विभाग प्रमुखों को योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा जनसुनवाई का आयोजन आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से किया जाता है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता से लेते हुए सभी प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी भोपाल से हुआ गिरफ्तार



जागरण, सीधी। सामूहिक दुष्कर्म के जघन्य प्रकरण में पूर्व में एक आरोपी एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 20 हजार रुपये का इनामी तीसरा आरोपी नीलेश रजक लंबे समय से फरार चल रहा था। उक्त फरार आरोपी नीलेश रजक को सीधी पुलिस द्वारा भोपाल से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक सीधी के सशक्त निर्देशन में निरंतर प्रयासशीलता, उन्नत तकनीकी विश्लेषण एवं बौद्धिक दक्षता का प्रत्यक्ष परिणाम है। पुलिस के अनुसार आरोपी नीलेश रजक की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई संभावित स्थानों पर दबिश दी गई थी, किंतु आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को गुमराह करता रहा। हाल ही में प्राप्त तकनीकी एवं खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी के भोपाल में होने की पुष्टि हुई। सूचना का सत्यापन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम नें आरोपी को भोपाल के सघन बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। इस संपूर्ण कार्रवाई में उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी जमोडी, प्रधान आरक्षक अवनीश सिंह, आरक्षक केपी सिंह, आरक्षक सतीश तिवारी, आरक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीधी पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लेती है। ऐसे जघन्य अपराधों में लिप्त आरोपियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। यह गिरफ्तारी हमारी पुलिस टीम की सतर्कता, तकनीकी दक्षता एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है। आमजन से अपील है कि किसी भी अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देंए सीधी पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है।

### शौर्य दिवस को लेकर निकली बाइक रैली



जागरण, सीधी। शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में बाइक रैली निकाली गई। यह रैली समीपी ग्राम पड़रा यातायात थाना के बगल से अंबेडकर चौक सीधी तक निकाली गई। बाइक रैली के पश्चात बाबा का अपमान करने वालों के खिलाफ कलेक्टर सीधी के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुख्य रूप से अतुल साकेत, रविशंकर कोल, रमेश साकेत, विवेक कोल, एड. अजय भारती, पवन चौधरी समेत अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

### जन्मदिन पर छात्रावास के बच्चों को बांटे कपड़े एवं मिठाई



जागरण, सीधी। जिले के पुराना बस स्टैंड स्थित मिश्रा बीज भंडार के संचालक पुष्पराज मिश्रा ने आज ग्राम पंचायत पड़खुरी नंबर 2 में बने छात्रावास के बच्चों को कपड़े एवं मिठाइयां बांटकर अपना जन्मदिन मनाया। समाजसेवी पुष्पराज मिश्रा ने समरसता के भाव के साथ छात्रावास में रहने वाले छात्रों से उनके पठन-पाठन के बाद आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि लोग अपना जन्मदिन मनाने में बहुत सारे पैसे खर्च कर देते हैं। लेकिन जरूरत इसकी है कि जो पैसे हम अनावश्यक रूप से खर्च करते हैं वही पैसे हम जरूरतमंद बच्चों के लिए कपड़े एवं अन्य सामग्रियां देकर जन्मदिन मनाएं तो उसका विशेष महत्व निकलता है। साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूकता और सहयोग का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि ऐसे ही समाज में समरसता बनी रहे तो ग्रामीण से आने वाले छात्रों को बहुत राहत मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से उपस्थित होने वालों में से राकेश द्विवेदी, विकाश नारायण तिवारी, जगन्नाथ द्विवेदी, बृजेश पाण्डेय, रविंद्र पाण्डेय, पंकज द्विवेदी, अमित सिंह, विद्यासागर शुक्ला शंभू, जीतेंद्र तिवारी, शत्रुघ्न पाण्डेय, सुरेश केवट एवं पप्पू सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अवैध परिवहन पर संयुक्त दल ने 5 वाहन किए जब्त

जागरण, सीधी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में आज जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। क्षेत्रीय उड़नदस्ता प्रभारी बसंत राम एवं जिला खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के नेतृत्व में खनिज विभाग एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा बघवार, मड़वास, मझौली एवं कुसमी क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज रेत का अनाधिकृत परिवहन करते पाए गए तीन वाहनोंकृटाटा 407 क्रमांक एमपी 53 जीए 4365, एमपी 53 जीए 3875 तथा एक बिना नंबर के हाईवा को नियमानुसार जब्त किया गया। जब्त वाहनों को सुरक्षार्थ थाना मड़वास एवं पुलिस चौकी टिकरी में खड़ा कराया गया। इसके अतिरिक्त एक बिना नंबर का हाईवा अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर थाना मड़वास में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। छापामार कार्रवाई से वापसी के दौरान ग्राम जोगीपुर बाईपास के पास एक बिना नंबर के हाईवा को खनिज स्टोन डस्ट का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसे जब्त कर पुलिस थाना कोतवाली में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। जब्त किए गए वाहनों के मालिकों एवं चालकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण नियम 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही जिन वाहनों में नंबर प्लेट अंकित नहीं पाई गई, उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई हेतु जिला परिवहन अधिकारी को पृथक से पत्र भेजा जाएगा।

### 7 फरवरी से 10वीं-12वीं की होंगी परीक्षाएं

जागरण, सीधी। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 7 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। मंडल ने तैयारी कर ली है कि पेपर लीक जैसी घटनाएं न हों इसके लिए मोबाइल एप से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। वहीं परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल प्रतिबंध रहेगा। केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित कोई स्टाफ भी केंद्र में मोबाइल नहीं ले जा सकेगा। प्रदेश के 700 संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर जैमर और 226 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनकी निगरानी मंडल कंट्रोल रूम से ऑनलाइन करेगा। परीक्षा केंद्रों से माशिमं को सूचना देने या परीक्षा की निगरानी करने के लिए मोबाइल के बदले वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

# मालगाड़ी के डस्ट से परेशान हैं रघुनाथपुर वासी

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट का क्लिंकर लेकर रोजाना गुजरती है मालगाड़ी

जागरण, सीधी



जिले के बघवारांचल के आधा दर्जन गांव के रहवासी माल गाड़ी के डस्ट से काफी परेशान हैं। हालात यह है कि यह डस्ट गांवों में धूल के गुबार की तरह उड़ता है। और उससे लोगों को भारी हानि होने लगी है। उक्त डस्ट से परेशान लोगों द्वारा बताया गया कि अल्ट्राटेक सीमेंट का क्लिंकर लेकर प्रति दिन मालगाड़ी बघवार स्टेशन पहुंचती है। इस क्लिंकर के चलते काफी डस्ट उड़ता है। जिसके चलते दूर-दूर तक धूल के गुबार पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस डस्ट के चलते जहां इंशानों को गंभीर बीमारियों में फंसने का खतरा पैदा हो रहा है वहीं फसलों को भी काफी क्षति होगी। उक्त समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों द्वारा पूरी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए तहसीलदार, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह राहुल को भी ज्ञापन दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना था कि यदि मालगाड़ी के डस्ट को रोंकने का स्थाई प्रयास नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इससे काफी हानि पहुंचेगी। इंशानों के साथ ही खेती भी पूरी तरह बर्बाद होना शुरू हो जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि रघुनाथपुर जो कि बघवार रेलवे स्टेशन है यहां के लोग सबसे ज्यादा त्रस्त हैं साथ ही आसपास के आधा दर्जन गांव डस्ट के गुबार की समस्या से गंभीर रूप से त्रस्त हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जन प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उक्त समस्या का स्थाई समाधान जल्द से जल्द नहीं कराएंगे तो ग्रामीणों को अपने गांव में चैन से रहना भी मुश्किल हो जाएगा। यह डस्ट स्वास्थ्य एवं फसलों को सबसे ज्यादा प्रभावित करना शुरू कर देगी।

## 9 विकेट से जीत कर मुंबई ने रांची को किया मैच से बाहर




जागरण, सीधी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची झारखण्ड और अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब के मध्य हुए तीसरे दिन के मैच के रोमांचक मुकाबले में 9 विकेट से अपनी एक तरफ जीत दर्ज कर मुंबई क्रिकेट क्लब ने कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची को खेल से बाहर किया। आज तीसरे दिन के मैच के मैन ऑफ द मैच चिराज साधवानी रहे जिन्हें आज के गेस्ट ऑफ ओनर देवेंद्र सिंह मुन्नू एवं राजेश सिंह द्वारा प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। आज तीसरे दिन के मैच मे सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा द्वारा मुंबई क्रिकेट क्लब के फ्रेंचाइजी विनय सिंह परिहार अपना फिलिंग स्टेशन और रॉक मेंस रांची के फ्रेंचाइजी नीरज शर्मा कमला कॉलेज सीधी की गरिमामय उपस्थित में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा किया गया। टॉस जीतकर रांची ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कमला कालेज रॉक मेंस रांची पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.2 ओवर मे 10 विकेट के नुकशान के साथ 151 रनो का लक्ष्य मुंबई क्रिकेट क्लब अपना फिलिंग स्टेशन के सामने रखा जिसमे हर्ष ने 5 चौके और एक छक्का लगाते हुए 40 रनों की तथा नितेश यादव 5 चौके लगाते हुए 38 रनों की शानदार पारी खेली और चिराग साधवानी मात्र 33 रन देकर 5 विकेट झटके। जबावी पारी में अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब द्वारा पहले गेंद पर पहला विकेट खोने के बाद शानदार बल्लेबाजी अमन यादव 76 रन और अभिषेक शर्मा 62 रन बनाते हुए आज का मैच अपने नाम कर लिया। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेंद्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार, हर्ष गुप्ता रहे। रोमांचक कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार बालेंद्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे। छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के पूल ए का चौथा मैच कल अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब और समय प्रेस एनएनएस क्रिकेट अकादमी भदोही यूपी के बीच आज बुधबार को सुबह 10 खेला जाएगा।

## चुरहट वन परिक्षेत्र में दो तेंदुए पाए गए मृत, आरोपी गिरफ्तार

जागरण, सीधी। वनमंडल सीधी के अंतर्गत वन परिक्षेत्र चुरहट के बीट चुरहट क्षेत्र में दिनांक 4 जनवरी 2026 को गश्ती के दौरान सुरक्षा श्रमिकों द्वारा दो तेंदुए मृत अवस्था में पाए गए। सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त रीवा के निर्देशन एवं वनमंडल अधिकारी सीधी के मार्गदर्शन में उप वनमंडल अधिकारी मझौली तथा वन परिक्षेत्र चुरहट द्वारा निर्धारित मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) के अनुसार कार्रवाई की गई। निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत मृत तेंदुओं का पोस्टमार्टम कराया गया एवं तत्पश्चात नियमानुसार शवदाह किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए संजय टाइगर रिजर्व सीधी एवं वनमंडल सतना से डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची। वन परिक्षेत्र चुरहट के स्टाफ एवं वनमंडल सीधी के अन्य कर्मचारियों द्वारा घटना स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन छानबीन की गई। जांच के दौरान शिकार में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें न्यायालय चुरहट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## पद्मधर पति त्रिपाठी की जयंती पर कंबल एवं फल वितरण आज



जागरण, सीधी। समय समूह के प्रधान संपादक स्वण् पद्मधर पति त्रिपाठी की 56वीं जयंती पर आज 7 जनवरी 2026 को कंबल एवं फल वितरण किया जाएगा। प्रधान संपादक कुशाग्र पति त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे समय प्रेस से जन प्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक जिला अस्पताल सीधी पहुंचेंगे। तत्पश्चात मरीजों को कंबल एवं फल का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागी होने की अपील की गई है। मालुम रहे कि प्रधान संपादक स्व. पद्मधर पति त्रिपाठी सहज स्वभाव के साथ ही मिलनसार थे। उनके कार्यालय में इसी वजह से सभी वर्ग के लोगों की आवाजाही थी। उनके सानिध्य में आने वाले लोग अक्सर बैठक में शामिल होते थे। जन प्रतिनिधि भी उनके पास आकर लंबी बैठक में शिरकत करते थे। छोटे. बड़े सभी के चहेते रहे स्व. पद्मधर पति त्रिपाठी की यादें आज भी लोगों के जेहन में ताजी है।

# कुसमी में उपखंड स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न



जागरण, सीधी। आनंद उत्सव 2026 के सफल आयोजन के लिए उपखंड स्तरीय समिति की बैठक आज उपखंड कार्यालय कुसमी के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी कुसमी विकास कुमार आनंद ने की। बैठक में तहसीलदार कुसमी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी, बीआरसीसी कुसमी, नायब तहसीलदार कुसमी, सहायक यंत्री जनपद पंचायत कुसमी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, एनआरएलएम प्रबंधक, समस्त पंचायत समन्वय अधिकारी, उपयंत्री, ब्लॉक समन्वयक आवास, पेशा, पंचायती राज विभाग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में उपखंड अधिकारी द्वारा आनंद उत्सव के आयोजन के शासन के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कार्यक्रम के सुचारू एवं व्यापक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि आनंद उत्सव का आयोजन दिनांक 14 जनवरी से 24 जनवरी 2026 के मध्य समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाए। तीन-तीन ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक कलस्टर बनाते हुए कलस्टर मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में परंपरागत खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं स्थानीय स्तर के अन्य आयोजन सम्मिलित किए जाएंगे, जिनमें ग्रामीणजन, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिसके लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएंगे। विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन हेतु नायब तहसीलदार अमित दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड स्तरीय आनंद उत्सव का आयोजन दिनांक 28 जनवरी 2026 को किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी द्वारा कार्यक्रम आयोजन हेतु कलस्टर का चिन्हांकन कर निर्धारित पोर्टल पर कार्यक्रम की फीडिंग सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही खंड स्तरीय विभाग प्रमुख शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं बीआरसीसी द्वारा कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# अल्ट्राटेक सीमेंट में मनाया गया 37वां खदान सुरक्षा सप्ताह

## माइंस में धात्विक खदानों में सुरक्षा पर विशेष ध्यान

### एफएच माइंस ने खदान सुरक्षा पर दिये सुझाव

जागरण, सीधी



सीधी सीमेंट वर्क्स माइंस के अंतर्गत अर्गट चूना पत्थर खदान एवं हिनौती चूना पत्थर खदान में 37वां धात्विक खदान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन महानिदेशालय खान सुरक्षा (डीजीएमएस) जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों से आए चार अधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। एबीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों एवं सिधी सीमेंट वर्क्स के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से खदान सुरक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम को एनके शर्मा एफएच माइंस ने संबोधित करते हुए सुरक्षित खनन कार्यप्रणालियों के महत्व पर प्रकाश डाला। खान सुरक्षा शपथ का वाचन डीएच माइंस शिशीर ताम्राकर द्वारा कराया गया। कार्यक्रम एफएच-2 हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें अरविंद शेंडे खान प्रबंधक, अर्गट चूना पत्थर खदान एवं संदीप शर्मा खान प्रबंधक हिनौती चूना पत्थर खदान की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी खदान कर्मचारियों ने भाग लिया। सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कॉलोनी की महिलाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता तथा अर्गट एवं हिनौती के और एबीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिससे नई पीढ़ी में खदान सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिला।



### खदान सुरक्षा सप्ताह में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

अल्ट्राटेक सीमेंट में 37वां खदान सुरक्षा सप्ताह के दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों ने खदान सुरक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से बताया गया वहीं सुरक्षित खनन कार्यप्रणालिया के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रमों में अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही अन्य लोगों की सहभागिता रही। वहीं सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कालोनी की महिलाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई गई। साथ ही एबीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से नई पीढ़ी में खदान सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिला।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## वेनेजुएला पर हमला अमेरिका की साम्राज्यवादी हरकत

*संयुक्त राज्य अमेरिका की हर साम्राज्यवादी हरकत के बाद त्रासदी हुई है लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राज में इसके नतीजे एक मजाकिया रूप भी ले चुके हैं, जो निरे बेतुकेपन के पर्याय हैं।*

*साल 2003 में, एक तानाशाह को हटाने और वहां लोकतंत्र स्थापित करने के नाम पर इराक पर हमला किया गया। नतीजा यह हुआ कि वह देश ही बिखर गया। आईएसआईएस जैसे संगठन पैदा हो गए और पूरे पश्चिम एशिया में अस्थिरता पैदा हो गई। बाद में यही तरीका उत्तरी अफ्रीका में भी आजमाया गया। साल 2026 में, दुनिया एक और त्रासदी की गवाह बनी- वेनेजुएला में एक साम्राज्यवादी पटकथा उस ट्रम्प प्रशासन द्वारा दोहराई गई, जिसने जबरिया कूटनीति को बमबारी और नौसैनिक नाकाबंदी से बदल दिया।*

*वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी और उनका जबरन देश निकाला अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2 का भी निरादर है। मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के बिना सबूत वाले बहाने के तहत कैरिबियन सागर में तेल टैंकरों को रोककर और नावों पर सवार आम नागरिकों को गैर-कानूनी तरीके से मारकर, संयुक्त राज्य अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दरकिनार करके खुद को जज और जल्लाद बना लिया है। यह दखलंदाजी एक जाने-पहचाने हिसाब-किताब से प्रेरित है। पहला है मोनरो सिद्धांत को फिर से जिंदा करना ताकि अमेरिकी महादेशों में संयुक्त राज्य अमेरिका की बादशाहत फिर से कायम हो सके। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसे वेनेजुएला जैसी सरकारों ने क्यूबा के साथ वैकल्पिक गठबंधन बनाकर पलटना चाहा। दूसरी वजह है लैटिन अमेरिका के चीन के साथ रिश्तों को खत्म करने की चाहत, क्योंकि मादुरो सरकार निवेश और तेल व्यापार के लिए पूरब की ओर देख रही थी। तीसरी वजह है वेनेजुएला के बहुत बड़े कच्चे तेल भंडार पर कब्जा करने की स्वार्थी कोशिश। ये संसाधन अमेरिकी कारोबार के लिए एक 'इनाम' की मानिंद हैं।*

*किसी भी सूरत में, संयुक्त राज्य अमेरिका के जीत के दावे खोखले साबित हो सकते हैं। भले ही मादुरो का शासन दबंगई भरा था, लेकिन वेनेजुएला की यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी का समर्थक आधार अभी भी खासा मजबूत है। बोलिवेरियन आंदोलन अमेरिका समर्थित पिछली कुलीन सरकारों द्वारा फैलाई गई भारी असमानता से निपटने के लिए शुरू हुआ था। जबरन एक नई व्यवस्था लागू करके, संयुक्त राज्य अमेरिका वहां के लोगों को आजाद नहीं कर रहा है, बल्कि औपनिवेशिक लूट के उनके डर को सही साबित कर रहा है। पाखंड बिल्कुल साफ है। जहां ट्रम्प प्रशासन बिना किसी सार्वजनिक सबूत के मादुरो को एक कार्टेल का मुखिया बताकर उन्हें हटाने को सही ठहरा रहा है, वहीं उसने होंडुरास के मादक पदार्थों की तस्करी के दोषी पूर्व नेता जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज़ को रिहा करने का आदेश दिया और वॉशिंगटन समर्थक नसरी असफुरा को सत्ता में आने में मदद की। शीत युद्ध के बाद एक वैश्वीकृत व एक-दूसरे पर निर्भर दुनिया में एक स्थिर एवं उदार व्यवस्था बनने की उम्मीदें अमेरिका और रूस की हरकतों से बार-बार झूठी साबित हुई हैं। फिर भी, जलवायु समझौतों से पीछे हटकर और टैरिफ युद्ध को बढ़ाकर, संयुक्त राज्य अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के प्रति ऐसी नफरत दर्शायी है जो दूसरी अन्य भयंकर हरकतों से भी ज्यादा खतरनाक है। वेनेजुएला पर हमला ट्रम्पवाद के इसी अलगाववादी-साम्राज्यवादी मिश्रण की स्वाभाविक व हिंसक परिणति है। अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय चुप्पी साधे रहता है, तो वह एक ऐसे विश्व व्यवस्था को मंजूरी देगा जहां संप्रभुता वॉशिंगटन की मर्जी पर निर्भर करेगी।*

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति

### वैश्विक परिदृश्य में भारत की मजबूती का बड़ा कारण अर्थव्यवस्था।

## चुनौतियों के बाद भी बढ़ेगा भारत का कद

अनिल त्रिगुणायत

नया वर्ष भारत के लिए नवीन संभावनाओं का वर्ष है। हालांकि इसमें भी दो राय नहीं कि चुनौतियां भी उतनी ही हैं। भारत में एआइ पर एक वैश्विक सम्मेलन इस साल होने वाला है, जिसमें दुनियाभर के राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति रहेगी। भारत ब्रिक्स की भी मेजबानी करेगा। लिहाजा उसमें रूसी और चीनी राष्ट्रपतियों की मौजूदगी भी भारत का कद बढ़ायेगी। इस वर्ष की शुरुआत से ही पूरी दुनिया की उत्सुक निगाह इस पर रहेगी कि यूक्रेन-रूस के बीच शांति समझौता आखिरकार हो पाता है या नहीं। हालांकि जिस तरह से रूसी राष्ट्रपति पुतिन के आवास को निशाना बनाये जाने की बात सामने आयी है, उससे फिलहाल लगता नहीं कि यूक्रेन युद्ध का हल इतनी जल्दी निकल पायेगा। जहां तक भारत की बात है, तो वैश्विक परिदृश्य में भारत का सितारा चमकेगा। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। इस वर्ष पड़ोसी देशों में से सबसे बड़ी चुनौती बांग्लादेश से मिलने की आशंका है, जहां पाकिस्तान, तुर्की, चीन और अमेरिका खेल करने की कोशिश में लगे हुए हैं। आने वाले दिनों में वहां कट्टरता और ज्यादा दिख सकती है, और चुनाव के बाद जो सरकार बनेगी, वह भारत-विरोधी हो, तो आश्चर्य नहीं। वैसे भी वहां भारत-विरोधी कट्टरता जिस तरह दिख रही है, वह चौंकाती है। हालांकि बांग्लादेश को यह बात समझनी होगी कि जो भी सरकार वहां सत्ता में आती है, भारत उसकी मदद ही करता है। और इस बार भी भारत ने वहां निष्पक्ष चुनाव होने की कामना की है। लेकिन इस वर्ष बांग्लादेश पर सतर्क नजर रखनी पड़ेगी।

दूसरी बड़ी चुनौती, जाहिर है, पाकिस्तान है, जो पिछले चार दशकों से भारत विरोधी अभियान में लगा हुआ है। चूंकि इधर अमेरिका से उसके रिश्ते बेहतर हुए हैं, इसलिए वह अपना भारत विरोधी अभियान जारी रखेगा, भले ही उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब ही क्यों न हो। ऑपरेशन सिंदूर में अपने कमतर रक्षा उपकरणों की परीक्षा के बाद चीन ने पाकिस्तान को उच्च गुणवत्ता वाले हथियार दिये हैं, तो अमेरिका ने एफ-16 विमानों के लिए अतिरिक्त फंडिग की है, जो पाकिस्तान को दुस्साहस के लिए दुष्प्रेरित कर सकती है। बड़ी बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों तक उपेक्षित और अलग-थलग रहने के बाद पश्चिम एशिया में उसने फिर से अपनी मजबूत जगह बना ली है। इस संदर्भ में सऊदी अरब से हुए उसके सैन्य समझौते को देखा जा सकता है। कतर और तुर्की से भी उसके रिश्ते बेहतर हुए हैं। वह गाजा में अपना सैन्य बल भेजने वाला है और कुल मिला कर पश्चिम एशिया में सिक्योरिटी प्रोवाइडर की भूमिका में आ रहा है, जो भारत के लिए बड़ी चिंता की बात हो सकती है। बाकी पड़ोसियों की बात करें, तो श्रीलंका, नेपाल, भूटान और मालदीव से हमारे बेहतर संबंध इस साल बने रहने वाले हैं। श्रीलंका की मदद भारत ने की ही है।



नेपाल में अस्थिरता के बावजूद स्थिति भारत के लिए संतोषजनक ही रहने की उम्मीद है, बड़ी शक्तियों की बात करें, तो रूस के साथ हमारे संबंध पुराने और मजबूत हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया भारत यात्रा दोतरफा संबंधों की मजबूती के बारे में बताती है। चीन के साथ हमारे संबंध धीरे-धीरे सुधर रहे हैं और यह प्रक्रिया इस साल भी जारी रहने की उम्मीद है। यूरोप के साथ हमारे संबंध पहले की तुलना में काफी सुधरे हैं। भारत के विशाल बाजार ने यूरोप को पहले ही हमारी तरफ आकर्षित किया है। तिस पर अमेरिका के साथ पहले जैसा रिश्ता न होने के कारण भी यूरोप के देश भारत से संबंध बेहतर करने के इच्छुक हैं। आगामी 26 जनवरी को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा मुख्य अतिथि होंगे और इस अवसर पर यदि यूरोपीय के साथ हमारा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हो जाता है, तो यह बड़ी सफलता होगी। यूरोपीय देशों के साथ बेहतर संबंधों का यह सिलसिला इस साल जारी रहने वाला है।

उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के साथ व्यापार अगले पांच साल में दुगना करने का लक्ष्य रखा गया है, जो देश के व्यापक हित में हो सकता है। न्यूजीलैंड ने अगले पंद्रह वर्षों में भारत में बीस अरब डॉलर के निवेश करने का भरोसा दिलाया है। निस्संदेह, इस करार से उस नकारात्मक वातावरण को दूर करने में मदद मिलेगी, जो अमेरिका के एकतरफा टैरिफ लगाने से बना था। जिसके चलते अमेरिका को निर्यात करने वाले उत्पादक चिंता में थे और रोजगार के अवसरों में कमी की आशंका भी जतायी जा रही थी।

अमेरिका से व्यापार समझौते पर तनातनी के बावजूद भारत द्वारा ओमान के साथ आर्थिक साझेदारी समझौते के बाद न्यूजीलैंड से एफटीए को सिरे चढ़ाना भारतीय निर्यात विविधता को बढ़ावा ही देगा। पिछले एक साल में तीन वैश्विक समझौतों का सिरे चढ़ना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये ऊर्जा का काम कर सकता है। वहीं रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। बहुत संभव है कि इन समझौतों के बाद अमेरिका से होने वाले मुक्त व्यापार समझौते में भारत का पक्ष मजबूत हो पाएगा।

बड़ी शक्तियों में इस साल भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती निःसंदेह अमेरिका है। अगर इस साल की शुरुआत में अमेरिका के साथ हमारा व्यापार समझौता हो जाता है, तो हम मान सकते हैं कि महाशक्ति देश के साथ हमारे रिश्ते सुधरे हैं। अमेरिका के साथ होने वाला व्यापार समझौता निःसंदेह इस वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होने वाली है। हाल के दिनों में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एशिया-प्रशांत के संदर्भ में तीन बार भारत के महत्व का उल्लेख किया है, जो दोतरफा रिश्तों में उम्मीद जगाता है। लेकिन अमेरिका में होता वही है, जो ट्रंप चाहते हैं, और इन दिनों आसिम मुनीर से उनकी नजदीकी भारत-अमेरिका रिश्ते के लिए चिंताजनक है। बीते साल ट्रंप ने पाक सत्ता राजनीति को पीछे हटा कर जिस तरह मुनीर को अपना दोस्त चुना, वह सिलसिला अगर जारी रहा, तो हमारी मुश्किलें बढ़ेंगी।

अलबत्ता यह वर्ष भारत के लिए वैश्विक उपलब्धियों का वर्ष होगा, इसमें संदेह नहीं। भारत में एआइ पर एक वैश्विक सम्मेलन इस साल होने वाला है, जिसमें दुनियाभर के राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति रहेगी। पिछले साल फ्रांस में एआइ पर जो पहला वैश्विक सम्मेलन हुआ था, यह उसी का विस्तार होगा। यह सम्मेलन भी भारत का वैश्विक कद बढ़ायेगा। चूंकि भारत ब्रिक्स की भी मेजबानी करेगा, लिहाजा उस अवसर पर रूसी और चीनी राष्ट्रपतियों की मौजूदगी भी भारत का कद बढ़ायेगी। जहां तक अर्थव्यवस्था की बात है, तो 2025 में भारत सबसे तेज रफ्तार वाली अर्थव्यवस्था बना रहा, और वैश्विक स्थिति को देखते हुए इस साल भी भारत सबसे आगे रहेगा। और सच तो यह है कि वैश्विक कूटनीति में भारत की मजबूती का एक बड़ा कारण आर्थिक मोर्चे पर भारत का लगातार शानदार प्रदर्शन है।

खुला मंच

## दांत बजाते आम और दांत निपोरते खास

सहीराम

वे हंसे थे यह दिखाते हुए कि मैं चाहे यह करूं, मैं चाहे वो करूं। मेरी मर्जी। वे एक संप्रभु राज्य की बेबसी पर हंसे थे कि उसके चोर-दरवाजों से हम किस खूबी से निकल भागे हैं।

देखो जी, जिस तरह की शीतलहर चल रही है, उसमें तो हंसने की बजाय दांत बजाने-किटकिटाने की संभावना ही ज्यादा है। लेकिन बेशर्मों पर बेशरमाई इस कदर सवार रहती है कि वे हंसने के नाम पर कभी दांत दिखाने लगते हैं, जिसे अगर हरियाणवी अंदाज में कहें तो दांत फाड़ना भी कह सकते हैं। लेकिन जब थू-थू होने लगती है तो वे दांत निपोरने भी लगते हैं। ललित मोदी और विजय माल्या ने इसी तरह पहले तो दांत फाड़े और फिर दांत निपोरने लगे हैं। उन्होंने पार्टी करते और बेशर्मी दिखाते हुए पहले तो अपनी महानता का बखान किया, जिसे अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना ही कहा जा सकता है। उन्होंने अपने आपको भारत के महान भगोड़े बताया और हंसे। वे उस तरह से नहीं हंसे थे जैसे बलात्कार आरोपी सेंगर, जेल जाते हुए हंसा था। वे तो भारतीय गणराज्य पर, यहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर, कानून के चोर-दरवाजों पर और भी न जाने किस-किस पर हंसे थे।

वे हंसे थे अपना यह अहंकार दिखाते हुए कि हम इस मुल्क की दौलत लूटकर भागे, बताओ तुमने हमारा क्या बिगाड़ लिया? वे हंसे थे अपनी कुटिलता और धूर्तता पर कि देखो हमने तुम्हें कितनी सफाई से लूटा। वे सिर्फ अपने भ्रष्ट आचरण पर नहीं हंसे थे, वे देश में व्याप्त उस भ्रष्टाचार पर भी हंसे थे, जिसके चलते उन्हें इतने बड़े-बड़े कर्ज मिले और वे विदेश भाग गए और अब वहां आराम से पार्टियां कर रहे हैं।

वे हंसे थे इस देश की मेहनतकश गरीब जनता पर कि देखो मेहनत से तो रोटी भी नहीं कमाई जा सकती, लेकिन बेईमानी से विदेशों में ऐश की जा सकती है। जब चाहे पार्टी करो] अदालत का सहारा लेकर अपना प्रत्यर्पण रोके रहो और जब चाहे सरकार को कटघरे में खड़ा कर दो। वे हंसे थे यह दिखाते हुए कि मैं चाहे जो करूं, मेरी मर्जी। वे एक संप्रभु राज्य की बेबसी पर हंसे थे कि हम किस खूबी से निकल भागे हैं। वे हंसे थे उस समर्थन पर, जो राजनीतिक हलकों से, नौकरशाही से, न्यायिक व्यवस्था से उन्हें मिलता रहा है। और वे शायद इसलिए भी हंसे थे कि यह समर्थन उन्हें आगे भी मिलता रहेगा। वे अपनी चालाकी, अपनी बेशर्मी, अपनी बेईमानी, अपनी कुटिलता, अपनी धूर्तता और अपनी ठसक पर इतराते हुए हंसे थे। वे हंसे थे इस देश की नासमझी पर, लापरवाही पर और उदासीनता पर। लेकिन फिर जब डरे तो उन्होंने दांत भी निपोरे...।

प्रसंगवश

## नाकाफी होगा एसआईआर की अपील का एक दौर

*भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का एक वाजिब मकसद है- भारत की मतदाता सूचियों में अक्सर जमा हो जाने वाले दोहरावों (डुप्लीकेट्स), मृत या दूसरी जगह जा चुके लोगों के आउटडेटेड पतों और प्रविष्टियों को हटाना। लेकिन अभी चल रहे एसआईआर के लिए आयोग की कार्य-योजना, जो बिहार में अपनायी गयी कार्य-योजना पर आधारित है, इस प्रक्रिया में प्रणालीगत खामियों को अपने अंदर भर रही है। चुनाव निकाय इन खामियों पर ध्यान देने या कबूल करने को भी अनिच्छुक नजर आता है, जबकि बिहार में सामने आयी ठीक इन्हीं समस्याओं में से कई विभिन्न राज्यों में दोबारा दिख रही हैं। यह प्रक्रिया इतनी तेज रफ्तार से हो रही है कि समावेशन का भार राज्य के बजाय मतदाताओं के मत्थे चला गया है। यह रफ्तार यह भी बताती है कि आयोग पात्र मतदाताओं के नाम हटने को एक स्वीकार्य जोखिम मान रहा है। आज के दौर में डिजिटल तकनीकों की उपलब्धता को देखते हुए यह गति उचित हो सकती है, लेकिन इन तकनीकों में असमावेशित (एक्सक्लूड) करने की अपनी प्रवृत्तियां होती हैं। उदाहरण के लिए, वर्तमान एसआईआर 2002-2005 की मतदाता सूचियों से लिये गये ब्योरों का हवाला देने की उम्मीद नागरिकों से करता है, लेकिन ये सूचियां मशीन से पठनीय नहीं हैं और आयोग ने छोटे-मोटे बेमेलपन (मिसमैच) को विलोपन (डिलीशन) का कारण माना है। पहले चरण की मसौदा सूचियों में बाहर हुए नामों के पैमाने को चेतावनी के संकेत के रूप में लिया जाना चाहिए। मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर हो रहे विलोपन को ठीक करने के लिए अपीलों का एक दौर नाकाफी समझा जा रहा है। यह उम्मीद करना कतई वाजिब नहीं है कि अपीलों के एक दौर से अंतिम सूचियों में यह दुरुस्त हो जायेगा।*

*दावे और आपत्ति की प्रक्रियाओं से त्रुटियां उसी हद तक ठीक हो सकेंगी, प्रभावित मतदाता जिस हद तक उनका पता लगायेंगे और उन्हें ठीक कराने की कोशिश करेंगे। यानी, अपील का चरण केवल एक नया फिल्टर जोड़ता है, जो उन लोगों का चयन करेगा जिनके पास राज्य से निपटने के लिए समय, साक्षरता, संपर्क, सामाजिक समर्थन और आत्मविश्वास है। अगर किसी व्यक्ति को नाम हटने का पता नहीं है, काम से समय नहीं निकाल सकता है, निर्धारित दफ्तर तक नहीं जा सकता है, दस्तावेज इकट्ठा नहीं कर सकता है या प्रपत्रों और सुनवाइयों के झमेले से नहीं गुजर सकता है, तो यह त्रुटि एक आधिकारिक तथ्य बन जायेगी। महत्वपूर्ण सूचनाएं अमूमन इस रूप में उपलब्ध नहीं हैं कि उनकी उसी समय सार्वजनिक जांच-परख हो सके, जैसे कि विलोपनों के सटीक कारणों का सूक्ष्म स्तरीय ब्योरा और जनसांख्यिकीय आधार पर अलग-अलग आंकड़े, जिसमें लिंग-आधारित पैटर्न शामिल हों। यह सिविल सोसाइटी, छोटे राजनीतिक दलों, पत्रकारों और मतदाताओं को इस बात की शिनाख्त करने से रोकता है कि प्रक्रिया कहां नाकाम हो रही है, जबकि इसे अब भी ठीक किया जा सकता है। अंत में, एसआईआर राज्य कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाने के काम पर निर्भर है, जिन्हें साथ में अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए, फॉर्म वितरण और संग्रह, डिजिटलीकरण और बार-बार लोगों के घर का दौरा करना पड़ता है। जब उन पर तंग समय-सीमा (डेडलाइन) का भी दबाव बढ़ाया जाता है, तो जिम्मेदारियों को पूरा करने के बजाय किसी तरह लक्ष्य पूरा करने का जोखिम बढ़ जाता है। कुल मिलाकर, वर्तमान एसआईआर एक तरह का प्रशासनिक द्वार-पालन [किसी प्रक्रिया में भागीदारी को नियंत्रित या सीमित करने का काम] लगता है जो मतदाताओं को दो श्रेणियों में बांटता है- वे जो राज्य के पसंदीदा प्रारूप में खुद को लगातार दोबारा साबित कर सकते हैं और जो ऐसा नहीं कर सकते। जो नतीजा सामने है उसे एकल-अपील की खिड़की के जरिए ठीक नहीं किया जा सकेगा, क्योंकि यह खिड़की उस द्वार का ही हिस्सा है।*



राष्ट्रीय शिक्षा नीति

### अकादमिक स्वतंत्रता से नवाचार के केंद्र बन सकते हैं सरकारी संस्थान

## नयी शिक्षा नीति के समक्ष मौजूदा कानूनी बाधाएं

डॉ सुधीर कुमार

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवा पीढ़ी की तकदीर बदलने की दिशा में बड़ा कदम है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों ने एनईपी के प्रावधानों को सबसे पहले अपनाया व शैक्षणिक ढांचे और पाठ्यक्रम में परिवर्तन किए। यह प्रमाण है कि अकादमिक स्वतंत्रता से सरकारी संस्थान भी नवाचार के केंद्र बन सकते हैं। बशर्ते कानूनी बाधाओं को दूर किया जाये।

भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 केवल एक सरकारी दस्तावेज नहीं, बल्कि यह 21वीं सदी के बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की नई आकांक्षाओं का जीवंत प्रतिबिंब है। 34 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आई यह नीति शिक्षा जगत में उस 'पैराडाइम शिफ्ट' की वकालत करती है, जिसका इंतज़ार भारत का युवा और बौद्धिक वर्ग दशकों से कर रहा था। यह नीति जहां एक ओर लचीलेपन, कौशल विकास और बहुविषयक दृष्टिकोण के माध्यम से भारत को 'विश्व गुरु' बनाने का स्वप्न देखती है, वहीं इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की राह में कई सूक्ष्म प्रशासनिक और कानूनी जटिलताएं भी मौजूद हैं। इस नीति की वास्तविक सफलता और विफलता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी इसका 'कानूनी कार्यान्वयन' है। इस वैचारिक यात्रा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों ने प्रेरणादायक पहल की है।

जब देश के कई राज्य और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय इस नीति के जटिल नियमों और बदलावों को समझने की जद्दोजहद में उलझे थे, तब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने दूरदर्शिता का परिचय दिया। यह समझा कि कोई भी नीति तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक उसे जमीनी वास्तविकता से न जोड़ा जाए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के उन अग्रणी संस्थानों में शामिल हुआ, जिसने एनईपी के



प्रावधानों को सबसे पहले अपनाया व अपने शैक्षणिक ढांचे और पाठ्यक्रम में आमूलचूल परिवर्तन किए। परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय को एनईपी के सफल क्रियान्वयन के लिए 'प्लेटिनम अवार्ड' से नवाजा गया।

शिक्षा जगत में प्रायः एनईपी के शैक्षणिक लाभों जैसे रटने की प्रवृत्ति से मुक्ति और कौशल आधारित शिक्षा – पर व्यापक चर्चा होती है, लेकिन इसके 'कानूनी पेचों' पर खामोशी बरती जाती है। इन 'साइलेंट' समस्याओं को सुलझाए बिना नीति का पूर्ण लाभ मिलना दुष्कर है। सबसे बड़ी चुनौती 'संवैधानिक विरोधाभास' की है। संविधान के अनुसार शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है। जब केंद्र सरकार एक राष्ट्रीय नीति लागू करती है, तो राज्यों के अपने विश्वविद्यालय अधिनियमों के साथ उसका स्वाभाविक टकराव होता है। मसलन, एनईपी 'मल्टीपल एंट्री और एग्जिट' की सुविधा देती है। कानूनन, यदि एक छात्र एक राज्य के विश्वविद्यालय से एक वर्ष बाद सर्टिफिकेट लेकर निकलता है और दूसरे राज्य के विश्वविद्यालय में डिप्लोमा में प्रवेश चाहता है, तो दोनों राज्यों के नियमों में भिन्नता छात्र का भविष्य संकट में डाल सकती है। इस 'क्रेडिट ट्रांसफर' की कोई ठोस कानूनी गारंटी स्पष्ट नहीं है।

दूसरा महत्वपूर्ण और मौन मुद्दा 'स्वायत्तता बनाम नियंत्रण' का है। नीति कॉलेजों को ग्रेडेड स्वायत्तता देने का प्रस्ताव करती है, लेकिन प्रस्तावित भारतीय उच्च शिक्षा आयोग के तहत चार अलग-अलग वर्टिकल – नियमन, मान्यता, वित्त पोषण और मानक निर्धारण – कैसे एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप किए बिना काम करेंगे, यह एक कानूनी भूलभुलैया बनी हुई है। यहां शक्ति के केंद्रीकरण का अंदेशा भी रहता है, जो लंबी कानूनी लड़ाइयों और मुकदमों का कारण बन सकता है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल संप्रभुता और डेटा सुरक्षा एक गंभीर पहलू है जिस पर पर्याप्त बहस की आवश्यकता है। 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स' और डिजिटल लॉकर के माध्यम से करोड़ों छात्रों का संवेदनशील शैक्षणिक इतिहास ऑनलाइन उपलब्ध होगा। ऐसे में डेटा हैक होने या दुरुपयोग होने की स्थिति में कानूनी जवाबदेही किसकी होगी, यह अपरिभाषित है। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में कैंपस खोलने की बात एक बड़ा कदम है, लेकिन यहां भी 'भारतीय ट्रस्ट कानून' आड़े आता है। भारत में अधिकांश शिक्षण संस्थान 'लाभ के लिए नहीं' के सिद्धांत पर चलते हैं, जबकि विदेशी संस्थान अक्सर व्यावसायिक मॉडल अपनाते हैं। उन्हें फेमा (फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट) और आयकर कानूनों के तहत आय वापस भेजने की अनुमति देना भारतीय संस्थानों के साथ भेदभावपूर्ण लग सकता है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के तहत कानूनी चुनौती बन सकता है। साथ ही, निजी संस्थानों में फीस नियंत्रण को लेकर नीति की चुप्पी शिक्षा के व्यवसायीकरण को बढ़ा सकती है, जिससे गरीब छात्रों के लिए समान अवसर का संवैधानिक अधिकार प्रभावित होगा। शिक्षा का बाजारीकरण रोकना समावेशी भारत के लिए अनिवार्य है।

इन चुनौतियों के समाधान के लिए अब समय है कि एनईपी को एक मजबूत कानूनी कवच प्रदान किया जाए। जब तक इसे वैधानिक शक्ति प्राप्त नहीं होगी, तब तक राज्यों के बीच क्रेडिट ट्रांसफर और प्रशासनिक बाधाएं बनी रहेंगी। इसके लिए 'विशेष शिक्षा न्यायाधिकरण' की स्थापना अनिवार्य है, जो तकनीकी विवादों का त्वरित निपटारा कर सके। सरकार को चाहिए कि वह एक उच्च-स्तरीय सलाहकार समिति का गठन करे। शिक्षाविदों का व्यावहारिक अनुभव राज्यों के पुराने अधिनियमों और नई नीति के बीच का अंतर पाटने के लिए एक 'मॉडल एक्ट' तैयार करने में मददगार होगा। नई शिक्षा नीति युवा पीढ़ी की तकदीर बदलने का एक ऐतिहासिक अवसर है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का मॉडल प्रमाण है कि अकादमिक स्वतंत्रता से सरकारी संस्थान भी नवाचार के केंद्र बन सकते हैं। लेकिन इसकी दीर्घकालिक सफलता के लिए हमें उन कानूनी बाधाओं को पहचानना होगा जो गतिरोध पैदा कर सकती हैं।

जीवन दर्शन

## प्रसन्नता का स्रोत अपने भीतर ही खोजें

सवाल यह नहीं कि खुशी मिलेगी या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हम इसे स्थायी बना सकते हैं? जब आप अपने अंदर खुशी तलाश लेते हैं, तो संसार में शांति और प्रेम का स्रोत बन जाते हैं।

आपने अब तक अपनी जिंदगी में जो कुछ भी किया, चाहे वह कॅरिअर बनाना हो, व्यवसाय खड़ा करना हो, धन कमाना हो या फिर पारिवारिक दायित्व का निर्वहन, अक्सर इन सबके पीछे एक ही उद्देश्य छिपा होता है, वह है खुश रहना। पर क्या आपको नहीं लगता कि इस सरल-सी चाह को पूरा करते-करते जीवन कहीं न कहीं उलझता ही चला जाता है। यदि आप किसी अन्य जीव के रूप में जन्म लेते, तो जिंदगी की चिंता सीमित होती, भूख लगती, आप पेट भरते और आपको सहज शांति मिल जाती। लेकिन एक इन्सान के रूप में, जीवन न केवल जीवित रहने की जरूरत है, बल्कि उसमें आनंद और शांति की तलाश भी है। मानव इतिहास की सबसे सुविधासंपन्न पीढ़ी है। आप एक बटन दबाकर साल भर का सामान मंगवा सकते हैं। सौ साल पहले राजा-महाराजाओं के पास भी ऐसी सुविधाएं नहीं थीं, जो आज आम आदमी की पहुंच में हैं। फिर भी, विडंबना यह है कि हम



संतुष्ट, प्रसन्न और प्रेमपूर्ण पीढ़ी नहीं हैं। आखिर क्यों? क्या कभी हमने इसकी वजह जानने की कोशिश की है?

दरअसल, हमने बाहर की दुनिया को तो व्यवस्थित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी, पर भीतर की अव्यवस्था जस की तस बनी रही। यदि हम बाहरी चीजों को और नियंत्रित करने निकल पड़ें, तो इस धरती की ही सांसें थम जाएंगी। फिर भी हमें वह प्रसन्नता नहीं मिलेगी, जिसकी हम कामना करते हैं। यदि इतनी कोशिशों के बाद भी संतोष नहीं मिला, तो क्या यह समय नहीं है कि हम देखें कि गलती कहां हुई? यही वह क्षण है, जब दृष्टिकोण बदलना चाहिए।

सवाल यह नहीं कि खुशी मिलेगी या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हम इसे स्थायी बना सकते हैं? और इसका उत्तर सीधा और स्पष्ट है-जब आप अपने अंदर से खुशी तलाश लेते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से संसार में शांति और प्रेम का स्रोत बन जाते हैं। फिर किसी धर्मग्रंथ, उपदेश या सिद्धांत की आवश्यकता नहीं रह जाती। आप जैसे ही भीतर से आनंदमय होते हैं, वैसे ही आपके अस्तित्व से सहज करुणा, सहज प्रेम और सहज शांति प्रवाहित होती है। वास्तव में, एक शांतिपूर्ण समाज और आनंदमय संसार के निर्माण का एकमात्र अचूक उपाय यही है कि प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर उस प्रसन्नता के स्रोत को खोजे, जिसे वह बाहर तलाश रहा है। खुशी कोई उपलब्धि नहीं, जिसे बाहर तलाशा जाए, बल्कि यह आपके अस्तित्व का स्वभाव है। जब आपके भीतर शांति होगी, तो बाहर का संसार भी अपने आप सुंदर दिखाई देने लगेगा। आंतरिक प्रसन्नता ही जीवन का परम उद्देश्य है, और इसे पाने का रास्ता तलाशने के लिए अपने भीतर की गहराई में उतरें, स्वयं को जानें, और उस आनंद को कायम रखें, जो संसार की किसी भी वस्तु या परिस्थिति से स्वतंत्र है। यही मानव जीवन की वास्तविक महत्ता है। शांतिपूर्ण समाज और आनंदमय संसार बनाने के लिए आंतरिक प्रसन्नता जरूरी है।

**सदगुरू जग्गी वासुदेव**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।**
**उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ।।**

**भावार्थ**

ज्ञान को तू तत्वदर्शी ज्ञानियों के पास जाकर समझ, उनको भली भॉंति दण्डवत प्रणाम करने से, उनकी सेवा करने से और कपट छोड़कर सरलतापूर्वक प्रश्न करने से वे ज्ञानी महात्मा तुझे उस तत्वज्ञान का उपदेश करेंगे।

## योजनाओं के नाम भ्रष्टाचार

# 30 सोलर लाइट, 6.33 लाख की सीसी रोड, 6.13 लाख की नाली, 80 पेड़ों की अवैध बिक्री और चुनाव वसूली के आरोप



**जागरण डिंडौरी।** जिले की ग्राम पंचायत सिमरिया में पंचपरमेश्वर एवं ई-ग्राम स्वराज योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव राममिलन परमार पर शासकीय योजनाओं की राशि में अनियमितता और गबन का आरोप लगाते हुए समस्त ग्रामवासियों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर कागजों में लाखों रुपये खर्च दर्शाए गए, जबकि वास्तविक रूप से या तो कार्य कराए ही नहीं गए या फिर अत्यंत घटिया गुणवत्ता के साथ कराए गए। इससे शासन को भारी आर्थिक क्षति हुई है। शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत सिमरिया में 30 नग सोलर लाइट खरीदी दर्शाकर प्रति लाइट 11 हजार 600 रुपये की दर से कुल 3 लाख 48 हजार रुपये का भुगतान किया गया, जबकि मौके पर लगी लाइटों की वास्तविक कीमत लगभग एक हजार रुपये प्रति नग बताई जा रही है। इतना ही नहीं, बिना मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सूचना दिए विद्युत कनेक्शन भी जोड़ दिए गए, जो नियमों के विपरीत है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 के दौरान सरपंच एवं वार्ड पंच पद के प्रत्याशियों तथा उनके प्रस्तावकों से जलकर और मकान कर के नाम पर दो हजार से छह हजार रुपये तक की अवैध वसूली की गई। चुनाव निरस्त होने की स्थिति में यह राशि दो बार वसूली गई, जिसकी कुल रकम लगभग तीन लाख रुपये बताई जा रही है। आरोप है कि यह राशि पंचायत खाते में जमा न कर सचिव द्वारा गबन कर ली गई।शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत सिमरिया में संचालित हाट-बाजार से प्राप्त ठेका राशि को पंचपरमेश्वर योजना के पंचायत खाते में जमा किया जाना था, लेकिन वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक केवल आंशिक राशि ही जमा की गई और शेष राशि का गबन कर लिया गया। इसी तरह पीपल टोला में पंचपरमेश्वर योजना के अंतर्गत कूप जीर्णोद्धार के नाम पर बिना कोई कार्य कराए 25 हजार रुपये की राशि आहरित कर ली गई। बंधिया घाट क्षेत्र में चबूतरा निर्माण कार्य में टाइड फंड की राशि का उपयोग किया गया, जबकि नियमानुसार टाइड फंड का उपयोग स्वच्छता एवं जल संबंधी कार्यों में किया जाना था। आरोप है कि शासन की गाइडलाइन की अनदेखी कर राशि का दुरुपयोग किया गया। वहीं ग्राम पंचायत सिमरिया के पोषक ग्राम बिछिया के टेढ़ियाटोला में पंचपरमेश्वर, ई ग्राम स्वराज से नाली निर्माण कार्य के स्वीकृत कराया गया था। नाली निर्माण कार्य में भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में तय मापदंडों के अनदेखी कर गुणवत्ता विहीन कराया गया है। इसके बावजूद पूरी राशि आहरित कर ली गई।पोषक ग्राम बिछिया के टेढ़ियाटोला में पंचपरमेश्वर योजना से 6.33 लाख रुपये की लागत से कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य में भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क में बोल्डर डालकर मापदंड से पतली सीसी रोड बनाई गई, जिसकी चौड़ाई और लंबाई स्वीकृत माप से कम है, इसके बावजूद पूरी राशि आहरित कर ली गई।

इसके अतिरिक्त महावीर टोला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान काटे गए लगभग 80 नग यूकेलिप्टस के पेड़ों को बिना शासन की अनुमति के बेच दिए जाने का भी आरोप है। इन पेड़ों की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है, जिसकी राशि का गबन कर लिया गया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पंचपरमेश्वर एवं ई-ग्राम स्वराज योजना के तहत कई निर्माण कार्यों में बिना उपयंत्री के तकनीकी मूल्यांकन के ही राशि आहरित कर ली गई, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर पूर्व में 22 दिसंबर 2024, 24 दिसंबर 2024 एवं 10 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही जांच प्रतिवेदन की प्रति उपलब्ध कराई गई। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# पुलिस ने खोले मंडला लूटकांड के बंद ताले आरोपियों की हेकड़ी निकाल पहुंचाया जेल



## मंडला पुलिस ने लूटकांड मामले का किया खुलासा, 5 आरोपियों को जबलपुर से दबोचा, पैसे और कार भी जब्त की

**जागरण मंडला।** कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी लूट का खुलासा किया है. पुलिस की सतर्कता, तकनीकी जांच और साइबर सेल की मदद से इस हाईप्रोफाइल लूटकांड में शामिल 5 आरोपियों को जबलपुर से गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से लूटी गई रकम का एक हिस्सा यानि 31 हजार रुपए और वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त की है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है.

### 30 दिसंबर की रात दो किन्नर सदस्यों से लूट

बताया जा रहा है कि यह घटना 30 दिसंबर की रात की है. जहां किन्नर समाज के दो सदस्य डेढ़ लाख रुपए लेकर अपने डेरी पर जा रहे थे. तभी पीछे से आई एक सफेद रंग की कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर लगने से दोनों महिलाएं गिर पड़ीं. इसी दौरान पैसों से भरा उनका पर्स भी सड़क पर जा गिरा. तभी कार से उतरे दो अज्ञात युवक पर्स उठाकर मौके से फरार हो गए. पीड़ितों ने तुरंत मामले की शिकायत मंडला कोतवाली में की.

### पुलिस ने आरोपियों पर किया 10 हजार इनाम घोषित

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की. पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन व वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई. आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा ?10,000 के इनाम की घोषणा भी की गई. जांच के दौरान पुलिस ने संभावित रूट की पहचान, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला.

### आरोपी पहले से था पीड़ित से परिचित

साथ ही साइबर सेल की सहायता से आरोपियों की गतिविधियों की बारीकी से जांच की गई. जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी सलमान खान फरियादी के समूह की एक महिला सदस्य से पहले से परिचित था. इसी परिचय का फायदा उठाकर आरोपी ने फरियादी के रोजमर्रा के आने-जाने, पैसों की जानकारी और दूसरी गतिविधियों की गोपनीय रेकी की थी. सुनियोजित लूट की साजिश बनाई.

### लूटकांड में 5 आरोपी गिरफ्तार

जानकारी के मुताबिक आरोपी जबलपुर से टाटा जेस्ट कार से मंडला आए. अपनी पहचान छिपाने और पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपियों ने कार के नंबर प्लेट पर काला टेप लगाकर दिया. घटनास्थल की रेकी की और योजना के तहत पीछे से बाइक को टक्कर मारकर पर्स लूट लिया. लूट के बाद आरोपी अंजनिया मार्ग से होते हुए जबलपुर फरार हो गए और रास्ते में ही लूटी गई रकम आपस में बांट ली. पुलिस ने इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# धान खरीदी केंद्र पर हंगामा डिंडौरी में किसानों का सड़क पर प्रदर्शन, प्रशासन की व्यवस्थाएं दिखी लाचार



**जागरण डिंडौरी।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। नर्मदा राइस मिल स्थित धान खरीदी केंद्र पर वारदाना (बारदाना) नहीं मिलने से नाराज किसानों ने जबलपुरङ्कअमरकंटक मुख्य मार्ग पर सड़क जाम कर दिया। यह घटना केवल किसानों के आक्रोश की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि प्रशासनिक तैयारियों की गंभीर कमी को भी उजागर करती है।धान खरीदी शासन की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है, जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का समय पर और उचित मूल्य दिलाना है। लेकिन जब खरीदी केंद्रों पर आवश्यक संसाधन ही उपलब्ध न हों, तो यह योजना किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि परेशानी का कारण बन जाती है। सड़क जाम जैसी स्थिति यह बताती है कि किसानों की बात सुनने के लिए उन्हें मजबूरन कठोर कदम उठाने पड़ रहे हैं।सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि वारदाना जैसी बुनियादी आवश्यकता की कमी पहले से अनुमानित की जा सकती थी। इसके बावजूद समय रहते व्यवस्था न करना, सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। इसका खामियाजा न केवल किसानों को, बल्कि आम नागरिकों को भी भुगतना पड़ा, क्योंकि मुख्य मार्ग पर जाम से यातायात प्रभावित हुआ।अब आवश्यकता है कि जिला प्रशासन तात्कालिक समाधान के साथ-साथ दीर्घकालीन व्यवस्था पर भी गंभीरता से काम करे। किसानों को भरोसा दिया जाना चाहिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं होगी। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी जरूरी है। किसान अन्नदाता है, बाधा नहीं। यदि उनकी समस्याओं को समय पर सुना और सुलझाया जाए, तो सड़क पर उतरने की नौबत ही नहीं आएगी।

# मंडला का नाम बदलने के आरोप का विरोध : गोडवाना गणतंत्र पार्टी ने कहा-इतिहास को कमजोर करने की साजिश, प्रशासन बोला-भ्रामक जानकारी फैला रहे





**जागरण मंडला।** मंडला में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) ने मंगलवार को बड़ा प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मंडला का नाम बदलकर %माहिष्मती नगरी% करने की कथित योजना के विरोध में किया गया। गोंगपा का आरोप है कि यह मंडला के इतिहास और गोंडवाना की समृद्ध विरासत को बदलने का प्रयास है।

### प्रशासन ने कहा-गलत संदर्भ में फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी

जिला जनसंपर्क विभाग ने सोमवार शाम को सोशल मीडिया पोस्ट और प्रेस नोट के माध्यम से स्पष्ट किया था कि मंडला का नाम बदलने संबंधी कोई प्रस्ताव न तो शासन स्तर पर है और न ही ऐसा कोई निर्णय लिया गया है।प्रशासन ने कहा कि पूर्व में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिए गए बयानों को गलत संदर्भ में प्रस्तुत कर भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है।प्रदर्शनकारी बोले-यह गोंडवाना के इतिहास को कमजोर करने की साजिश गोंगपा ने प्रशासन के इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है। पार्टी का कहना है कि मंडला केवल एक भौगोलिक नाम नहीं, बल्कि गोंडवाना की ऐतिहासिक राजधानी और आदिवासी स्वाभिमान का प्रतीक है। इस पहचान को %माहिष्मती% जैसे भ्रामक और विवादित नाम से जोड़ने का प्रयास गोंडवाना के इतिहास को कमजोर करने की साजिश है। गोंगपा ने प्रशासन से सवाल किया कि यदि मंत्री का बयान गलत था, तो उसे उसी मंच या उसी दिन असत्य क्यों नहीं बताया गया? पार्टी ने पूछा कि आंदोलन खड़ा होने के बाद ही सफाई क्यों दी जा रही है।

### अक्टूबर में मंत्रियों के दिए गए बयानों पर जताया विरोध

दरअसल, यह विवाद अक्टूबर माह में मंडला में आयोजित कलचुरी समाज के एक कार्यक्रम से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल और पीएचई मंत्री संपतिया उइके शामिल हुई थीं। समाज द्वारा मंडला में माहिष्मती नगरी होने के प्रमाणों का हवाला देते हुए इसे माहिष्मती नगरी घोषित करने की मांग रखी गई थी। मंत्रियों के उस दौरान दिए गए बयानों को लेकर अब गोंगपा विरोध कर रही है। मंगलवार को मंडला स्टेडियम के नजदीक निषादराज मंगल भवन के सामने एक विशाल आम सभा आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम, महासचिव अमान सिंह पोर्ते, प्रदेश अध्यक्ष इंजी. कमलेश तेकाम, डॉ. आनंद राय सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के पश्चात कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# एसपी ने ली मासिक अपराध समीक्षा बैठक

### बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले की कानून-व्यवस्था एवं अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिले के समस्त थानों के गंभीर अपराध, महिला संबंधी अपराध, मर्ग, शिकायतों का निराकरण, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, ई-समन/वारंट तामीली, सीसीटीएनएस फीडिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा वर्ष 2025 सहित विगत वर्षों के आपराधिक आंकड़ों की समीक्षा की गई, जिसमें यह पाया गया कि वर्ष 2025 में गंभीर सहित अन्य अपराधों में कमी आई है। अवैध हथियारों की धरपकड़, चोरी, लूट, स्नैचिंग के प्रकरणों का सफल खुलासा, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल बरामदगी, तथा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत नाबालिग बालक-बालिकाओं एवं गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी में सफलता प्राप्त हुई है। बैठक में जमानत निरस्तीकरण, जेल से रिहा अपराधियों की चेकिंग, गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सतत निगरानी, जनसंवाद, गुंडा परेड, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा अन्य राज्यों की पुलिस से समन्वय जैसे प्रभावशील कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही हत्या एवं हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों में घटना के कारण, तरीका एवं प्रयुक्त हथियारों के संबंध में भी विश्लेषण किया गया। इसी प्रकार जिले के सभी अनुभागों के वर्ष 2025 एवं पूर्व के आपराधिक आंकड़ों तथा की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई तथा वर्ष 2026 हेतु निर्धारित लक्ष्यों एवं संभावित चुनौतियों पर चर्चा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले द्वारा साइबर अपराधों पर नियंत्रण हेतु की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई ।

# पति ने ईंट और डंडे से पीटा, पत्नी गंभीर रूप से घायल, आरोपी फरार

**छतरपुर।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नांद में घरेलू हिंसा का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। आरोपी पति ने मामूली विवाद पर पत्नी पर बेरहमी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना 04 जनवरी सुबह करीब 9 बजे की है। जब महिला गिरजा खाना बना रही थी, तभी उसके पति कृष्णपाल सिंह यादव उम्र 33 वर्ष ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने पहले ईंट से महिला की आंख पर वार किया, जिससे आंख में गंभीर चोट आई। इसके बाद डंडे से लगातार हमला किया, जिससे महिला का एक हाथ भी बुरी तरह घायल हो गया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल महिला के बेटे ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल गिरजा को प्राथमिक उपचार के लिए राजनगर अस्पताल पहुंचाया। वहां हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा वार्ड में भर्ती महिला के साथ उसकी केवल 3 साल की छोटी बच्ची मौजूद है। बच्ची का अपनी मां के सिर पर हाथ फेरते हुए सहलाने का दृश्य देखकर वार्ड में मौजूद लोग भावुक हो गए। पीड़िता गिरजा ने बताया कि मामूली बात पर पति ने यह बर्बर हमला किया। वह पहले भी आए दिन मारपीट करता रहा है और इसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है। महिला के चार बेटियां और एक बेटा हैं, सभी छोटे-छोटे हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी कृष्णपाल सिंह यादव के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है और जांच जारी है।

## गढ़ीमलहरा में टकराए ट्रक

**छतरपुर।** पूरा जिला इन दिनों भीषण ठंड की चपेट में है और आम जनजीवन लगातार अस्त-व्यस्त है। हालात इतने खराब हैं कि सुबह के वक्त सड़कों पर दृश्यता शून्य हो रही है। इतना ही नहीं ठंड का प्रकोप ऐसा है कि मंगलवार को नौगांव का वह तापमापी यंत्री भी खराब हो गया, जिसमें एक दिन पहले सोमवार को 1 डिग्री पारा दर्ज हुआ था। घने कोहरे के कारण जिले में लगातार सड़क हादसे भी हो रहे हैं। रविवार को चंद्रनगर कस्बे में और सोमवार को बकस्वाहा में यात्री बसें कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई थीं, जबकि मंगलवार को गढ़ीमलहरा में कोहरे के ही कारण दो ट्रक आपस में टकरा गए। हालांकि किसी भी हादसे में जनहानि नहीं हुई है। जिले में पड़ रही भीषण ठंड के चलते कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों का दो दिन के लिए अवकाश घोषित किया है।

**नौगांव के तापमान ने छुआ ऐतिहासिक स्तर :** जिले के नौगांव में जब तापमान ने 1 डिग्री सेल्सियस के ऐतिहासिक स्तर को छुआ, तो प्रशासन और विभाग के लिए इन आंकड़ों पर यकीन करना मुश्किल हो गया। सालों से मध्य प्रदेश के सबसे ठंडे शहर का खिताब रखने वाले नौगांव की ठंड इस बार विभाग की फाइलों में संदिग्ध मान ली गई है। दरअसल नौगांव में रविवार और सोमवार को पड़ी भीषण ठंड के बाद जब न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, तो सागर स्थित मौसम कार्यालय ने इसे तकनीकी त्रुटि करार देते हुए तापमापी मशीन को ही तलब कर लिया।

## लालघाटी पर बड़ा सड़क हादसा यात्री बस पेड़ से टकराई, 11 घायल

**बकस्वाहा ।** सर्द मौसम के साथ बढ़ता घना कोहरा अब सड़कों पर जानलेवा साबित होने लगा है। सोमवार सुबह बकसवाहा थाना क्षेत्र के लालघाटी इलाके में कोहरे की सफेद चादर के बीच एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया, जिसने कुछ देर के लिए नेशनल हाईवे की रफ्तार ही थाम दी। टीकमगढ़ से जबलपुर जा रही महाकाल ओरछा ट्रांसपोर्ट की यात्री बस क्रमांक एमपी 36 पी 0575 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में बस में सवार 11 यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि कुछ मीटर आगे तक दिखाई नहीं दे रहा था। लालघाटी के पास सड़क किनारे एक ट्रक पहले से खराब अवस्था में खड़ा था, कोहरे के कारण बस चालक को यह ट्रक समय रहते नजर नहीं आया। इसी दौरान सामने से एक अन्य ट्रक आ गया। दोनों ट्रकों के बीच फंसी बस को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, लेकिन नियंत्रण बिगड़ गया और बस सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। इसी बीच सामने से आ रहा ट्रक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

# बंधन से आज़ादी चार श्रमिकों को 30-30 हजार की आर्थिक सहायता




**जागरण डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति एवं जिला सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। टी.एल. मीटिंग के पश्चात अपरान्ह 2 बजे से शुरू हुई इस बैठक में जिले में बंधक श्रम उन्मूलन एवं संबंधित अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।बैठक में बंधक श्रम (उत्सादन) अधिनियम, 1976 के तहत विमुक्त कराए गए कुल चार बंधक श्रमिकों को तात्कालिक राहत प्रदान की गई। इनमें गीता बाई (20 वर्ष), संगीता समरदैया (18 वर्ष), उमेश कुमार (19 वर्ष) एवं लालू सिंह (60 वर्ष) शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी विमुक्त श्रमिकों को पृथक-पृथक 30-30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी गई।कलेक्टर भदौरिया ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि बंधक श्रम, बाल श्रम एवं श्रमिकों के अधिकारों से संबंधित अधिनियमों की जानकारी आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए। इसके लिए प्रत्येक शनिवार को संबंधित निकायों में आयोजित लोक कल्याण शिविरों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति शोषण का शिकार न हो और समय रहते प्रशासन तक अपनी बात पहुंचा सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा बंधक श्रम उन्मूलन के लिए आपसी समन्वय के साथ निरंतर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

# अवैध शराब बिक्री से त्रस्त महिलाएं हाथों में शराब लेकर पहुंची एसपी कार्यालय



## शराबबंदी की रखी मांग, कहा पुलिस संरक्षण में बिक रही शराब

**जागरण, कटनी।** कटनी जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे शिकंजा अभियान की हकीकत उस समय सामने आ गई जब स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र की दर्जनों ग्रामीण महिलाएं हाथों में शराब की पेटियां और बोतलें लेकर सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय जा पहुंचीं। महिलाओं ने पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर शराब माफिआओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय परिसर में ही धरना दे दिया।

### विधायक से गुहार, पुलिस की अनदेखी

प्रदर्शन कर रही देवरी मडाई ग्राम की महिलाओं का नेतृत्व कर रही गुड्डी बाई चौधरी ने बताया कि गांव में राजेश पटेल, बाबू पटेल, संदीप पटेल और दीपक पटेल नामक व्यक्ति लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब बेच रहे हैं। इसकी वजह से गांव के युवा और नाबालिग बच्चे नशे की गर्त में जा रहे हैं। महिलाओं का आरोप है कि उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय स्लीमनाबाद पुलिस और बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे से भी की थी लेकिन विधायक ने सिर्फ आश्वासन दिया और पुलिस ने माफिआओं पर हाथ डालने तक की जहमत नहीं उठाई।

### महिलाओं ने खुद मारा छापा, पुलिस ने किया कार्रवाई से इनकार

मंगलवार को महिलाओं का धैर्य जवाब दे गया। त्रस्त होकर महिलाओं ने खुद ही अवैध शराब बेच रहे संदीप पटेल के ठिकाने पर धावा बोल दिया। वहां से भारी मात्रा में शराब बरामद करने के बाद महिलाओं ने डायल 112 को फोन कर पुलिस बुलाई। महिलाओं का गंभीर आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शराब जब्त करने या आरोपियों पर कार्रवाई करने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस के इसी ढुलमुल रवैये से नाराज होकर महिलाएं जब्त की गई शराब खुद लेकर जिला मुख्यालय स्थित एसपी कार्यालय पहुंच गईं।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। महिलाओं ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ कुछ पुलिसकर्मी इन शराब माफिआओं से बंधी बंधाई रकम लेते हैं इसीलिए वे शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करते। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी गांव में शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगी।

इस पूरे घटनाक्रम पर एसडीओपी आकांक्षा द्विवेदी ने कहा कि कुछ महिलाएं शराब लेकर कार्यालय आई थीं। उनकी शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। ग्रामीण महिलाओं की शिकायत पर गांव में तत्काल टीम भेजकर अवैध शराब पर कार्रवाई की जाएगी। यदि डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लापरवाही बरती है या कार्रवाई से मना किया है तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई होगी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने यात्री बस को मारी टक्कर, कई यात्री घायल

**कटनी।** पन्ना-कटनी मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने आगे चल रही यात्री बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार कई यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की गंभीर जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ना राजा कंपनी की यात्री बस क्रमांक एमपी 21 पी 0283 कटनी से पन्ना की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 21 जी 2220 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में एएसआई शिवेंद्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र हरदेनिया और आरक्षक अभिनव पाराशर मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम ने बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित हो गया था जिसे पुलिस की तत्परता से जल्द ही सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच की जा रही है।

## अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने भगवान सिंह

**ब्यौहारी।** 4 जनवरी की हुए अधिवक्ता संघ के चुनाव में भगवान सिंह 98 मत प्रकार प्रथम स्थान विजई हुई दूसरे स्थान पर रहे राजकुमार शर्मा कुछ 70 मत मिला तीसरे स्थान पर राम बदन पांडे को 28 मत एवं राम सत्य पटेल को 18 मत प्राप्त हुए अधिवक्ता संघ चुनाव से पहले ही भगवान सिंह का जीतना तय माना जा रहा था क्योंकि दो ब्राह्मण अधिवक्ता खड़े हो जाने से वोट कट गया दूसरी तरफ भगवान सिंह को एक गुट राजनीतिक समर्थन भी मिला जबकि राजकुमार शर्मा को किसी भी राजनीतिक गुट की तरफ से सहयोग प्राप्त नहीं हुआ।

# चांदसी डॉक्टर के सहयोग से चल रही फर्जी पैथालॉजी लैब




## बिना डिग्री डिप्लोमा के खून जांच कर रहा सुनील तिवारी

**ब्यौहारी।** नगर के अंतर्गत लछ्मी नारायण मंदिर के पास चांदसी डाक्टर के दुकान के वगल में विना पंजियन के सुनील तिवारी द्वारा खून जांच किया जा रहा है पैथालॉजी का कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है ताकि अधिकारियों को पता न चल सके और विना डिग्री, डिप्लोमा के सुनील तिवारी द्वारा खून जांच किया जा रहा है अभी हाल ही में चांदसी डाक्टर के यहां एक रोगी की भी मौत हो चुकी है फिर भी चांदसी डाक्टर द्वारा फर्जी पैथालॉजी में जांच कराया जा रहा है छेत्र के लोगों ने कलेक्टर से फर्जी पैथालॉजी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है ।

# बरही से लापता 10 वर्षीय बालक की तलाश को लेकर करणी सेना का एसपी कार्यालय में प्रदर्शन



**कटनी।** बरही क्षेत्र से लापता हुए 10 वर्षीय बालक दिव्यराज सिंह चंदेल की तलाश को लेकर राजपूत करणी सेना ने आक्रामक रुख अपनाया। 6 जनवरी को राजपूत करणी सेना के जिला व संभागीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में एसपी कार्यालय पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल के गठन सहित अन्य मांगों को लेकर एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया से मुलाकात की। करणी सेना के पदाधिकारियों ने एडिशनल एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बालक के लापता होने से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। संगठन ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष और तेज जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाए ताकि बालक को जल्द से जल्द सुरक्षित खोजा जा सके। इस दौरान एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया ने करणी सेना को आश्वस्त किया कि जिले की पुलिस पूरी तरह सक्रिय है और बालक की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिव्यराज सिंह चंदेल को शीघ्र ही खोज लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह सोनू सोलंकी, उपाध्यक्ष मंगल सिंह, संभाग मीडिया प्रभारी सुरजीत सिंह मंजू सोलंकी, संभागीय प्रवक्ता शैलेंद्र सिंह बघेल, राजेंद्र सिंह बघेल, बबलू सिंह, सुरजीत सिंह परिहार, शुभम सिंह गौतम, शरद सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे। करणी सेना ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही बालक का पता नहीं चलता तो संगठन आगे और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## जिला शिकायत निवारण समिति के माध्यम से हुए निराकरण

**कटनी।** जिला शिकायत निवारण समिति की सदस्य एड अंजुला सरावगी बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक मृत्यु दावा प्रकरण, चिकित्सिय प्रकरण, एडब्लूएफबीसीआई मुख्यमंत्री चिकित्सीय राशि नामांकन एवं नवीन अधिवक्ता गणों को 12000 की राशि जीरो पेंडेंसी करते हुए इस वर्ष 12579 अधिवक्तागणो का नामांकन किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कटनी मंडला प्रभारी आर.के.सिंह सैनी ने पूर्व में ही तीन-तीन महीनों तक का जो भुगतान नहीं हुआ था उसे 2025 के अंतिम सप्ताह में संपन्न करवाया इस मद्देनजर मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में 19 नवंबर तक 330 मृत्यु दावा प्रकरण का निराकरण करते हुए उनके संबंधित परिजनों के खाते मे कुल 8 करोड़ 25 लाख रूपए चिकित्सीय प्रकरण एडब्लूएफबी सीआई के कुल 147 प्रकरणों में 19 लाख 99 हजार 500 रूपए मुख्यमंत्री चिकित्सा राशि के कुल 77 प्रकरणों में 72 लाख 96 हजार रूपए एवं नवीन अधिवक्ता गणों को 12000 की मिलने वाली राशि में का 824 प्रकरणों का कुल रूपए 98 लाख 88 हजार अधिवक्ता गणों के खाते में मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ताओं के हितों में हमेशा खड़े रहने वाले आर के सिंह सैनी एवं उनके परिषद के सदस्यों के देखरेख में स्थानांतरित किए गए जो अब तक का एक रिकॉर्ड है साथ ही मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में इस अधिवक्ता नामांकन प्रकरणों का निराकरण करते हुए लगभग 12579 नवीन अधिवक्ता के नामांकन किये गए जो अभी तक का एक रिकॉर्ड है। आर के सिंह सैनी ने कहा भविष्य में किसी भी अधिवक्ता को कोई परेशानी ना हो इसलिए सभी प्रकरणों का निराकरण जल्द से जल्द किया जा रहा है। एड अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने बताया की अधिवक्ता गणों के सभी कार्य एवं उनके हितार्थ कार्य हेतु परिषद के उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी एवं परिषद के सभी माननीय सदस्य गणों के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है इसमें कार्यकारी सचिव नीलेश सिंह, पूर्व कार्यकारी सचिव श्रीमती गीता शुक्ला, देवेंद्र पांडे, प्रणाय खरे, राहुल तिवारी, मयूर मिश्रा, अंकित सेन, यश ठाकुर, सागर शर्मा का सहयोग रहा। अधिवक्ताओं के सभी निराकरणों एवं उनकी मांगों को पूर्ण करने पर एडवोकेट अंजुला बजाज, राजेश सिंह, अक्षय बजाज, अनुराग गुप्ता, सचिन यादव, आदित्य श्रीवास्तव, कहकशा मंसूरी, माहि विश्वकर्मा, विपिन चक्रवर्ती, गौरव खाम्परिया, श्रीकांत श्रीवास्तव, यशपाल सिंह राजपूत, सभया दुबे, फातमा खातून, पूजा सोनी, उपेंद्र सिंह, समर सैनी, मंगलजीत सिंह, दशमीत सिंह, निलेश निषाद, शीतल पटेल, सुलेखा पटेल, रोशनी पटेल, आकाश उइके व अन्य अधिवक्ता गणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए साधुवाद किया।

## ग्राम खारी में प्रौढ़ की झाड़ियों मिलीं लाश, घर से कई दिनों से गायब था

**ब्यौहारी।** थाना अंतर्गत ग्राम खारी मृतक का नाम रामनारायण गोण पिता बृजलाल सिंह उम्र 45 वर्ष पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।


## मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग

### अभिरुचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण

क्रमांक- /वी.भा.न्यास/2026, भोपाल, दिनांक 05.01.2026

मध्यप्रदेश शासन, स्वराज संस्थान संचालनालय अधीन वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित बौद्धिक गतिविधियों के संचालन तथा निष्पादन हेतु संस्थाओं का चयन किये जाने हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) का आमंत्रण किया जा रहा है। ऑनलाइन प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तिथि 06.01.2026 सुबह 10:00 बजे तथा अंतिम तिथि 12.01.2026 शाम 6:00 बजे तक होगी, जिससे संबंधित सूचना, प्रपत्र एवं अन्य जानकारी वेबसाइट https://www.veerbharatnyas.com पर अपलोड की गई है।

उक्त से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार-पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित वेबसाइट पर ही किये जावेंगे। अन्य संबंधित जानकारी वीर भारत न्यास से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

न्यासी सचिव
वीर भारत न्यास
स्वराज संस्थान संचालनालय, म.प्र.

G-24003/25

## जन्मतिथि सुधार सूचना

मैं व्यासमुनि मिश्रा आर्मी नं. JC, 781987A Rank NB SUB. पिता श्री सूर्यनारायण मिश्रा निवासी ग्राम मिसिरगवॉं पोस्ट सरईसेंगर तहसील मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूँ एवं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि आधार कार्ड नं. 3495 4020 4389 है एवं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मैं आर्मी नं. JC, 781987A Rank NB SUB. 36 RSR Regiment के पद पर पदस्थ हूँ जो सही व सत्य है। मेरे दस्तावेजों में मेरे पिता की जन्मतिथि 01.07.1959 अंकित है जबकि पिता के समस्त दस्तावेजों में जन्मतिथि 01.06.1956 दर्ज है जो सही व सत्य है। जन्मतिथि 01.07.1959 और 01.06.1956 दोनो जन्मतिथि एक ही व्यक्ति के हैं व मेरे पिता के हैं। अतः उपरोक्त आर्मी रिकार्ड के सभी अभिलेखों में मेरे पिता का सही जन्मतिथि 01.06.1956 दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 82985 व्यासमुनि मिश्रा

## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आर्मी नंबर 4571536F, रैंक नायक (Naik), निवासी- ग्राम/पोस्ट पथरी, तहसील सिरमौर, जिला रीवा (म.प्र.) के श्री विकास चतुर्वेदी की पुत्री का नाम आर्मी दस्तावेज में "वैशाली" (VAISHALI) अंकित है। अब नाम में केवल उपनाम जोड़ते हुए इसे "वैशाली चतुर्वेदी" (VAISHALI CHATURVEDI) किया जाए। यह परिवर्तन मात्र उपनाम जोड़ने हेतु है, उच्चारण में कोई परिवर्तन नहीं है। अतः भविष्य में उक्त आर्मी रिकार्डो समेत सभी शासकीय, शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम "वैशाली चतुर्वेदी" (VAISHALI CHATURVEDI) अंकित किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 83133 विकास चतुर्वेदी


## संचार संकर्म समिति की बैठक आज

**कटनी।** संचार संकर्म समिति की बैठक का आयोजन 7 जनवरी को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल विकास निगम, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 2 वर्ष में कराये गये निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। संचार संकर्म समिति के सचिव ने बैठक मे सभापति अजय कुमार गौटिया सहित सदस्य संचार संकर्म समिति जिला कटनी श्रीमती शीला सिंह, सुश्री माला मौसी, श्रीमती कविता पंकज राय के साथ साथ सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौजूद रहने का आग्रह किया है।


### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


## प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक स्कूलों में 3 दिन का अवकाश घोषित

**कटनी।** जिले में शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिली है। लगातार गिरते तापमान और सुबह होने वाले कोहरे और ठंड के मद्देनजर विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रभारी कलेक्टर हरसिमरनप्रीत कौर ने प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिये 3 दिवस का अवकाश घोषित कर दिया है। प्रभारी कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार न्यूनतम तापमान होने की संभावना एवं स्थानीय परिस्थिति के मद्देनजर जिले की समस्त शासकीय, अशासकीय एवं सीबीएसई विद्यालयों एवं अन्य बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालय बुधवार 7 जनवरी, गुरूवार 8 जनवरी एवं शुक्रवार 9 जनवरी को बंद रहेंगे। जबकि विद्यालयों की अन्य महत्वपूर्ण योजनायें तथा परीक्षाओं का संचालन यथावत रहेगा।


### बेचना है

चोरहटा बाईपास में 52×126 वर्ग फिट डबल रोड में ढावा संचालित है, इसमें 2W/4W की एजेंसी या कोई बड़ा शो रूम डाला जा सकता है, बेचना है।

श्रीकान्त मिश्रा
मो. 9981603232

RN.83132 (8/1)

### आवश्यकता है

जी.एस. सिक्यूरिटी सर्विसेज को मुंबई महाराष्ट्र के लिए तत्काल सुरक्षाकर्मी की आवश्यकता है। वेतन 20000 रूपये प्रति माह + P.F. & ESIC + रहने के लिए रूम मिलेगा। योग्यता 10वीं पास, लम्बाई-5 फीट 10 इंच, इच्छुक उम्मीदवार मोबाइल-8982149857, 8396010263 पर सम्पर्क करें।

RN. GM Sir 7/1

## जन्मतिथि सुधार सूचना

मैं व्यासमुनि मिश्रा आर्मी नं. JC, 781987A Rank NB SUB. पिता श्री सूर्यनारायण मिश्रा निवासी ग्राम मिसिरगवॉं पोस्ट सरईसेंगर तहसील मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूँ एवं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि आधार कार्ड नं. 3495 4020 4389 है एवं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मैं आर्मी नं. JC, 781987A Rank NB SUB. 36 RSR Regiment के पद पर पदस्थ हूँ जो सही व सत्य है। मेरे दस्तावेजों में माता श्रीमती चन्द्रकली मिश्रा की जन्मतिथि 01.07.1964 अंकित हैं जब कि माता के दस्तावेजों में जन्मतिथि 01.01.1965 हैं जो सही व सत्य है। जन्मतिथि 01.07.1964 और 01.01.1965 दोनो जन्मतिथि एक ही व्यकित के हैं व मेरी माता के है। अतः उपरोक्त आर्मी रिकार्ड के सभी अभिलेखों में मेरी माता का सही जन्मतिथि 01.01.1965 दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 82984 व्यासमुनि मिश्रा

## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

### प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

केन्द्रीय जेल रीवा के अधीनस्थ समस्त सर्किल जिला जेल-उमरिया, सीधी, बैढ़न, एवं सब जेल त्योंथर, मऊगंज, ब्यौहारी, बुढ़ार में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. सिस्टम के रख-रखाव (ए.एम.सी.) के लिये प्रथम वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक 31/01/2026 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 13/01/2026 प्रात:11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी) | 28/01/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29/01/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 30/01/2026 सायं 05:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 5. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 02/02/2026 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोट :- 1. निविदा फार्म, नियम व शर्तें तथा इस निविदा संबंधी अन्य विवरण संबंधी अन्य विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर किया जायेगा, जिसका पृथक से प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। 2. ई-निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा की जावेगी।

G-24015/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लो.नि.वि. रीवा (म.प्र.)

E-mail Address-piurewa@gmail.com, dpepiu.rewa@mp.gov.in Phone: 07662-406740

**वाहन हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से प्रति वाहन माहवार किराये के आधार पर निम्नानुसार वाहन उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत ट्रेबल्स एजेंसियों से मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | जिला | निरीक्षणकर्ता अधिकारी का नाम | वाहन का नाम | मॉडल | वाहन की संख्या | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई.एम.डी. (एफ.डी.आर. के रूप में) | वाहन प्रदाता की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रीवा | कार्यपालन यंत्री वि./यां.कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.) | स्कार्पियो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 2 | रीवा | कार्यपालन यंत्री (भवन) | स्कार्पियो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 3 | रीवा | सहायक यंत्री (सिविल) | बोलेरो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 4 | रीवा | सहायक यंत्री (सिविल) | बोलेरो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 5 | रीवा | सहायक यंत्री (सिविल) | बोलेरो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 6 | रीवा | सहायक यंत्री (वि./यां.) | बोलेरो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |

**1.** निविदा प्रपत्र दिनांक 04.01.2026 से दिनांक 09.01.2026 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में रु. 2000/- (प्रति वाहन) जमा करके क्रय किया जा सकता है। **2.** मुहर बन्द निविदा लिफाफा दिनांक 13.01.2025 को शाम 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री के माध्यम से पहुँचना आवश्यक है। डाक विलम्ब हेतु यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। **3.** निविदा की अमानती राशि (धरोहर राशि) किसी शेड्यूल बैंक की एफ. डी. आर. के रूप में रू. 10000.00 (दस हजार) की निविदा प्रपत्र के साथ (अलग लिफाफे में जो कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग संभाग रीवा के नाम देय हो जमा करना आवश्यक है, साथ ही ट्रेवल्स एजेंसी पंजीयन, पैन कार्ड, जीएसटी पंजीयन एवं निविदा शर्त में दिये गये समस्त अभिलेख जमा करना अनिवार्य है। **4.** निविदा की अन्य शर्ते निविदा फार्म के साथ दिया जायेगा। **5.** निविदा दिनांक 14.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे निविदाकारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जायेगी।

G-24024/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लो.नि.वि. रीवा म.प्र.

## संक्षिप्त खबरें

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के फार्म 10 तक होंगे जमा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के विभिन्न जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के कुल 4,767 रिक्त पदों पर भर्ती करने आवेदन जमा कराना शुरु कर दिया गया है। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 1,573 पद और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 3,194 पद शामिल हैं। इनमें दिसंबर, 2025 तक के रिक्त पदों के साथ जनवरी 2026 से जून 2026 तक संभावित रिक्तियां भी शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास द्वारा पूर्णतः अस्थाई, मानदेय आधारित एवं मानसेवी रिक्त पदों के लिए पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2025 (फेज-2) के अंतर्गत की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र आवेदिकाएं एमपी ऑनलाइन द्वारा विकसित चयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। आवेदन 10 जनवरी तक भरे जा सकेंगे। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 तय की गई है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे, ऑफलाइन आवेदनों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

### पूर्व पार्षद के बेटों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**जागरण, मुरैना।** पूर्व पार्षद के बेटों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया है। दरअसल सिग्नल बस्ती के रहने वाले अजय जाटव के साथ सोमवार को खेत पर घटना घटी। आरोप है कि पूर्व पार्षद गब्बर जाटव के बेटों अंकित जाटव और लक्की जाटव ने चार से पांच साथियों के साथ अजय को घेर लिया और लाठियों से जमकर पिटाई की। अजय दोपहर में खेत पर गया था। इसी दौरान अंकित और लक्की जाटव अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे। सात से आठ आरोपियों ने युवक पर हमला किया। इसके बाद कट्टे और अधिया से आठ राउंड फायर किये, जिसमें एक गोली अजय जाटव के दाएं पैर में लगी। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में अजय के हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पूर्व पार्षद गब्बर जाटव ने अजय जाटव के स्वामित्व की लकड़ियों को काटने का प्रयास किया था, जिसका अजय ने विरोध किया था। इसी रंजिश के चलते हमले की आशंका जताई जा रही है।

### उमरियापान नगर परिषद ने बनाया देश में कीर्तिमान

**भोपाल।** कटनी जिले की ढ़ीमरखेड़ा तहसील में नवगठित नगर परिषद उमरियापान देश की ऐसी पहली नगर परिषद बन गई है, जहां नगरपरिषद के सभी 15 वार्डों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर है। मध्यप्रदेश के गजट में 31 दिसंबर 2025 को विधिवत वार्डों के विस्तार क्षेत्र और नामकरण की अधिसूचना का प्रकाशन हो गया है। कटनी जिले के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराई गई अधिसूचना में सभी 15 वार्डों के नाम भारत के अमर शहीदों परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर हैं।

# देश के मध्य में होने के कारण निवेश के लिए मप्र सबसे बेहतर राज्यः सीएम

## जयपुर में आयोजित डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट में सीएम ने निवेशकों को दिया न्यौता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेश के लिए सबसे बेहतर राज्यों में से है, जो पिछले एक साल में देश में सबसे ज्यादा निवेश करने वाला तीसरा राज्य बना है। उन्होंने कहा कि देश के मध्य में होने के कारण मध्यप्रदेश व्यापार, व्यवसाय, उद्योग-धंधे और स्टार्ट-अप्स लगाने से लेकर अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए एक अनुपम केंद्र बन रहा है। सीएम सोमवार को जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट 2026 में मध्यप्रदेश सेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश आज देश के उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सहयोगी सरकार सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार कर रहे हैं। प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां, विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, स्किल्ड मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेशकों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के सभी राज्यों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आज भी उहापोह की स्थिति में है, ऐसी परिस्थिति में भी भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। मध्यप्रदेश विकास के सभी सेक्टर्स में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर भी कई बड़े पुरस्कार मिले हैं। हमारे टूरिज्म सेक्टर में सबसे अच्छे रिजल्ट देखने को मिल रहे हैं। पिछले दो साल में हमने प्रदेश में दो नए टाइगर रिजर्व बनाए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई कि निवेशक मध्यप्रदेश में अपना व्यापार-व्यवसाय स्थापित करेंगे, तो हम सभी को पूरा सहयोग करेंगे। राजस्थान हमारा सहोदर भाई है। दोनों राज्यों में आईटी सेक्टर के उद्योग स्थापित हों, इसके लिए हमारी सरकार राजस्थान के साथ मिलकर काम करेगी।



### हम साझा विकास के ओर बढ़ रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को जयपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आईटी सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश भी सभी सेक्टर में विकास कार्यों को गति देते हुए भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है मध्यप्रदेश और राजस्थान भाई-भाई हैं। दोनों राज्य अपनी साझा विरासत का संरक्षण करते हुए साझा विकास के लिए निरंतर प्रगतिशील हैं। तकनीक के इस समय में आईटी का विशेष महत्व है। इसके दृष्टिगत दोनों राज्यों में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें, इस उद्देश्य से स्टार्ट-अप, इनोवेटर्स और उद्योगपतियों से संवाद के लिए जयपुर में टीआईई ग्लोबल समिट आयोजित की जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने पड़ौसी राज्य राजस्थान के साथ वर्षों पुराने विवाद को खत्म कर पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना पर काम शुरू कर दिया है।

### राजस्थान पाकिस्तान थोड़े ही, हम 7 प्रतिशत पानी देंगे

मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच वर्षों से चले आ रहे जल विवाद की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि पिछले 25 साल से दोनों प्रांतों के बीच झगड़ा चला कि राजस्थान को 5 प्रतिशत पानी क्यों दें। लेकिन हम जब सरकार में आए और मैंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात की ,तो उन्होंने कहा कि पानी की वजह से उद्योग आदि में दिक्कत आ रही है,पानी मिल जाएगा,तो राजस्थान का भविष्य भी अच्छा हो जाएगा। तब हमने साफ कर दिया कि 5 प्रतिशत नहीं,7 प्रतिशत भी देंगे। राजस्थान पाकिस्तान थोड़ी है। राजस्थान भी हमारा ही प्रदेश है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना की सौगात दी। इससे राजस्थान के 15 और मध्यप्रदेश के 13 जिले लाभान्वित हो रहे हैं। इसी के साथ मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना और महाराष्ट्र के साथ ताप्ती ग्राउंड वॉटर रीचार्ज मेगा परियोजना पर भी मिलकर काम कर रहा है।

# हर कार्यकर्ता बने भाजपा की विचारधारा का संवाहकः सिंह

**विसं, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हर कार्यकर्ताओं को अपने आचरण और कार्यशैली पर विशेष ध्यान देना होगा। कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा जन जन तक पहुंचाना होगा। सिंह सोमवार को प्रदेश की अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक वैचारिक और सामाजिक आंदोलन है। इस आंदोलन की आत्मा उसका समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो अनुशासन, सेवा और संगठन के मूल मंत्र को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचता है। कार्यकर्ता को भाजपा की विचारधारा का संवाहक बनकर सरकार की योजनाओं, संगठन के संदेश और राष्ट्रहित के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना होगा। बूथ की मजबूती और संगठन की शक्ति से चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित होती है, इसलिए आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में संगठन को और मजबूती देने के लिए कार्य करें। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अंत्योदय, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। गरीबों को पक्का आवास, किसानों को सम्मान निधि, महिलाओं को सशक्त करने की योजनाएं, युवाओं के लिए रोजगार एवं स्टार्टअप के अवसर और वंचित वर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा, यह सभी उपलब्धियां नए भारत की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार जनकल्याण, विकास और




प्रशासनिक पारदर्शिता के नए आयाम स्थापित कर रही है। इन ऐतिहासिक उपलब्धियों को केवल घोषणाओं या आंकड़ों तक सीमित न रखते हुए, लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के रूप में जनता के बीच प्रस्तुत करना कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए कार्यकर्ता पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय सहयोग करें।

### मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की पहचान हैं

प्रदेश प्रभारी ने बूथ स्तर की भूमिका को संगठन की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की पहचान है और वही चुनावी विजय की आधारशिला भी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल व विधानसभा स्तर पर नियमित संपर्क, बैठक, संवाद और सेवा गतिविधियों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ कार्य करना ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। संगठन विस्तार पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं और नए सामाजिक वर्गों को संगठन से जोड़ना समय की मांग है।

# आईपीएस मीट 16 और 17 को भोपाल में, पहले दिन बैद्धिक सत्र

## प्रतिनियुक्ति पर गए अफसर भी होंगे शामिल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** दिसंबर में आईएएस मीट के समापन के बाद जनवरी में राजधानी भोपाल में आईपीएस मीट का आयोजन होगा। इसके लिए 16 और 17 जनवरी की तारीख तय की गई है। आईपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष और एसएएफ एडीजी चंचल शेखर के अनुसार इस आयोजन की शुरूआत कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में होगी जहां पहले दिन अफसरों के लिए बौद्धिक सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दूसरा दिन फन और गेम्स एक्टिविटी के लिए रिजर्व होगा और इस दौरान कई रोचक एवं साहसिक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। इस आयोजन में प्रदेश भर में पदस्थ आईपीएस अफसरों के साथ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात अफसरों को भी आमंत्रण भेजकर उन्हें सपरिवार आने को कहा जाएगा। इस आयोजन के लिए अलग अलग कमेटियां बनाई गई हैं। स्पेशल डीजी आदर्श कटियार की कमेटी पहले दिन पुलिस अफसरों के लिए आयोजित होने वाली बौद्धिक चर्चा के लिए आधुनिक दौर में पुलिसिंग को लेकर आ रही चुनौतियों और उनसे निपटने के लिए सभी सत्रों के विषय तय करेगी। अब तक तय कार्यक्रम के अनुसार कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में पहले दिन के पहले सेशन में आयोजित उद्घाटन समारोह में सीएम डॉ मोहन यादव मौजूद रहेंगे। इन मनोरंजक खेलों, गायन, वादन, नाटक, कुकिंग, फन और गेम्स की एक्टिविटी के लिए स्थान तय नहीं हो पाया है। एक-दो दिन के भीतर आयोजन की पूरी रूपरेखा तैयार कर आईपीएस एसोसिएशन के सभी सदस्यों के साथ रिटायर अफसरों को भी आमंत्रण भेज दिया जाएगा।

# कांग्रेस के प्रदर्शन से पहले राहुल गांधी आएंगे इंदौर

## इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के खिलाफ कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के खिलाफ कांग्रेस 11 जनवरी को इंदौर में बड़ा प्रदर्शन करेगी। जानकारों की माने तो कांग्रेस इस प्रदर्शन से पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इंदौर आ सकते है। हालांकि उनके स्वदेश लौटने के बाद ही उनके इंदौर आने पर निर्णय होगा। इंदौर घटना को लेकर कांग्रेस लगातार सरकार और स्थानीय मंत्री को घेर रही है। भाजपा सरकार के मंत्रियों,सांसद और विधायकों के बंगलों का घेराव किया जा रहा है। कांग्रेस ने तय किया कि इस घटना को लेकर इंदौर में 11 जनवरी को व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाए। जिसमें प्रदेशभर के कांग्रेसी शामिल होंगे। लेकिन इस प्रदर्शन से पूर्व प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व राहुल गांधी को इंदौर बुलाने के प्रयास में है। हालांकि राहुल गांधी वर्तमान में विदेश प्रवास पर है,ऐसे में उनके इंदौर आने को लेकर अब तक निर्णय नहीं लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि अब तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं हुआ है। अगर उनके आने की स्थिति बनती है,तो सूचना दी जाएगी। इस संबंध में प्रदेश संगठन प्रभारी संजय कामले का कहना है कि फिलहाल संगठन का पूरा ध्यान 11 जनवरी को इंदौर में होने वाले प्रदर्शन की तैयारियों पर है। राहुल गांधी इस समय विदेश प्रवास पर है,उनके वापस लौटने पर ही यह स्थिति साफ हो पाएगी कि उनका इंदौर आने का कार्यक्रम बनता है या नहीं। कामले ने कहा कि यदि राहुल गांधी इंदौर आने के लिए सहमति देते है,तो वे 11 जनवरी से पहले प्रवास पर आ सकते है।



जेपी अस्पताल में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन किया।

इधर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी बूथ चलो,गांव चलो अभियान के तहत सोमवार को भोजपुर में आयोजित किसान जन आंदोलन यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने रायसेन जिले की ग्राम तरावली में ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति का गठन किया गया है। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करने का संकल्प दिलाया। किसान जन आंदोलन यात्रा को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव के समय लाड़ली बहनों और किसानों से बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन सत्ता में आते ही जनता से धोखा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लाड़ली बहनों को 1500 रुपये देकर दिखावा किया, लेकिन यू-टर्न लेकर उनके परिवारों पर 5-5 हजार रुपये के बिजली बिल थमा दिए।जिसे चुनाव में जिताया, उसी को अपमानित किया गया।पटवारी ने कहा कि किसानों से कहा गया था कि धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल में और गेहूं 2700 रुपये में खरीदा जाएगा, लेकिन आज तक न धान के दाम मिले, न गेहूं के।

### साइलेंट अटैक से 6वीं की छात्रा की मौत

**जागरण, धार।** जिले के बदनावर जवाहर नवोदय विद्यालय मुलथान में मंगलवार सुबह एक छात्रा की अचानक मौत हो गई। छठवीं कक्षा में पढ़ने वाली 13 साल की निशा सूर्यवंशी स्कूल ग्राउंड में पीटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ी। गिरने के बाद छात्रा दोबारा उठ नहीं सकी। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने साइलेंट अटैक से बच्ची की मौत की आशंका व्यक्त की है। निशा रोज की तरह सुबह पीटी के लिए बाकी बच्चों के साथ ग्राउंड पर गई थी। सुबह करीब सवा 7 बजे वह पीटी करते-करते अचानक गिर पड़ी। ग्राउंड पर मौजूद बच्चों और शिक्षकों ने उसे संभाला।



# भाजपा बोली-यह राष्ट्रविरोधी विचारों का प्रसार




**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में सोमवार रात कुछ छात्रों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादित नारे लगाए जाने का मामला सामने आया है। नारेबाजी का करीब 35 सेकेंड का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे 5 जनवरी की रात जेएनयू कैंपस में रिकॉर्ड किया गया बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ छात्र 'मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर' जैसे नारे लगाते और गाते दिख रहे हैं। इस पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया कि यह प्रदर्शन उमर खालिद और शरजील इमाम के समर्थन में किया गया। उन्होंने इसे विरोध नहीं, बल्कि 'राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार' बताया।

### कांग्रेस ने कहा- यह गुस्सा जाहिर करने का तरीका

- **उदित राज (कांग्रेस):** यह गुस्सा जाहिर करने का तरीका है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से असहमति है; उमर खालिद और शरजील इमाम के साथ नाइंसाफी हुई है।
- **गिरिराज सिंहः** जेएनयू 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का ऑफिस बन गया है; ऐसे विचार देशद्रोही हैं।
- **हन्नान मौला (सीपीएम):** ऐसे नारे नहीं लगाने चाहिए; विरोध में सावधानी जरूरी है।

### हर साल होता है प्रदर्शनः छात्र संघ

जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि 2020 में एबीवीपी से जुड़े लोगों ने कैंपस में छात्रों के साथ हिंसा की थी। हर साल 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा में छात्र प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि लगाए गए नारे वैचारिक थे, किसी व्यक्ति पर व्यक्तिगत हमला नहीं थे और किसी के लिए निर्देशित नहीं थे।

### प्रशासन ने की एफआईआर की मांग

मंगलवार को जेएनयू प्रशासन ने वसंत कुंज पुलिस को पत्र लिखकर साबरमती हॉस्टल के बाहर नारेबाजी के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रशासन ने इसे कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन बताते हुए कहा कि ऐसे नारे लोकतांत्रिक विरोध के खिलाफ हैं और कैंपस की शांति, सुरक्षा व सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### उमर-शरजील की जमानत याचिका हुई है खारिज

दरअसल, एक दिन पहले 2020 दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसी फैसले के बाद कैंपस में विरोध-प्रदर्शन हुआ।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का निधन

**पुणे, जेएनएन।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार तड़के निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। उन्हें पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सुबह करीब 3.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर दोपहर तक कलमाड़ी हाउस में रखा गया और शाम 5.15 बजे अंतिम संस्कार किया गया। कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। वे पुणे से तीन बार सांसद चुने गए। राजनीतिक जीवन में उन्होंने रेल राज्य मंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। खेल प्रशासन में उनका नाम लंबे समय तक प्रभावशाली रहा। वे भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रहे और 2010 में दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति के अध्यक्ष भी थे।



## प्रथम पृष्ठ के शेष

### विकास के साथ ही ...

और पीपीपी मोड, सूचना प्रौद्योगिकी, शहरी गतिशीलता और नमामि नर्मदे तथा हरित एवं नदी संरक्षण के लिए प्रभागों का गठन प्रस्तावित है। बैठक में सीएम ने कहा कि शहरों के विकास से जुड़ी योजनाओं को नियोजित ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। अधिकारी सभी नगरीय निकायों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्थाओं के प्रति विशेष रूप से सजगता और सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि पेयजल की पाइप लाइन और सीवेज लाइन न तो एक दूसरे के समीप हो और न ही कहीं भी एक दूसरे को क्रास करें।

सीएम ने कहा कि निकायों को अपनी आमदनी बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। शहरी क्षेत्रों में निजी निवेश को प्राथमिकता दी जाए, उन्होंने कहा कि नागरिक सेवा में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों के अधिकाधिक उपयोग, अर्बन मोबिलिटी तथा ई-वाहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में बताया गया कि शहरी गतिशीलता प्रभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश ईवी पॉलिसी क्रियान्वयन, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, रोपवे, मल्टी लेवल पार्किंग, सार्वजनिक साइकिल सेवा, सिटी मोबिलिटी प्लान तथा ई-वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा।

**नदियों में न मिले दूषित पानी :** सीएम ने बैठक में साफ किया कि अधिकारियों को यह विशेष तौर पर ध्यान देना होगा कि विकास योजना में स्थानीय सीवेज का पानी किसी भी जलाशय या वहां से निकली नदियों के जल में नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने नर्मदा और तापी नदी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए नदियों के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे के समान नमामि नर्मदे परियोजना का क्रियान्वयन सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से करें। इसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, उद्योग विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### हरिद्वारः घाटों पर गैर...

जो 14 जनवरी 2027 से प्रस्तावित है। इसके साथ ही सरकार हरिद्वार और ऋषिकेश को 'सनातन पवित्र शहर' घोषित करने पर भी विचार कर रही है। राज्य सरकार 1916 के उस ऐतिहासिक समझौते के प्रावधानों को खंगाल रही है, जो मदन मोहन मालवीय और ब्रिटिश सरकार के बीच हुआ था। मालवीय जी गंगा सभा के पहले अध्यक्ष थे। समझौते का उद्देश्य गंगा की अविरल धारा और तीर्थ नगरी की पवित्रता बनाए रखना था, जिसमें गंगा घाटों पर गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध, तथा हरिद्वार-ऋषिकेश में स्थायी निवास पर रोक जैसी शर्तें शामिल थीं। इसमें काम के लिए आकर कार्य पूर्ण होने पर लौटने का प्रावधान था। सूत्रों का कहना है कि सरकार इन मूल प्रावधानों को 'बहाल करने' पर विचार कर रही है।

**फीस तय** — प्रवेश एवं शुल्क विनियमक समिति में प्रदेशभर के नर्सिंग कालेजों की हुई सुनवाई

# खर्चे नहीं बताने पर 22 हजार तक कम कर दी फीस

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रवेश एवं शुल्क विनियमक समिति ने कोरोना काल के दौरान संचालित होने वाले दो दर्जन नर्सिंग कालेजों की फीस तय कर दी है। कालेजों की फीस 22 हजार तक कम कर दी गई गई है। यह फीस विद्यार्थियों को स्कालरशिप देने के लिए निर्धारित की गई है। फीस फिक्स नहीं होने पर विद्यार्थियों को स्कालरशिप भी आवंटित नहीं हो पा रही थी। फीस कटौती से कॉलेज संचालक परेशान हैं, क्योंकि उनकी फीस में काफी कटौती हो गई है। वे गत छह साल से फीस फिक्स कराने प्रयास कर रहे हैं।

नर्सिंग कालेजों की कोरोना काल की बीएसएसी नर्सिंग, पीबी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग की फीस अभी तय की गई है। फीस कमेटी ने करीब दो दर्जन कालेजों की पिछले चार सत्रों 2019-20, 2020-21, 2021-22 और 2022-23 की फीस तय की है। कालेजों की सीबीआई जांच में कालेजों में हुआ फर्जीवाड़ा सामने आया था। स्थिति सामान्य होने पर फीस कमेटी ने नर्सिंग के सभी कोर्स की फीस निर्धारित करना शुरू कर दी है। कालेजों ने अपने प्रस्ताव पूर्व में ही कमेटी में जमा कर दिए थे। उन्हें देखते हुए मप्र आयुर्विज्ञान विवि और मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल (एमपीएनआरसी) ने विगत चार सालों के संबद्धता और मान्यता प्राप्त कालेजों की



सूची तलब कर मिलान किया गया है। कमेटी ने पिछले चार सत्र की 24 कालेजों की बीएससी नर्सिंग, पीबी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग की फीस निर्धारित की गई है। इसमें कालेजों की फीस में काफी कटौती की गई है। इसमें उनकी फीस 22 हजार रुपये तक कम कर दी गई है। कालेजों की फीस 2019 के पहले 80-80 हजार रुपये सालाना से ऊपर थी। फीस कमेटी उनकी बढ़ी हुई फीस पर कैंची चला दी। इससे उनकी फीस अब 55 हजार के आसपास रह गई है। कमेटी ने पीबी नर्सिंग की न्यूनतम फीस 41 हजार और अधिकतम फीस 54 हजार तक, बीएससी नर्सिंग की 53 हजार 300 से 70 हजार तक और एमएससी नर्सिंग की 94 हजार से एक लाख 25 हजार रुपये सालाना तक तय की है।

### संबद्धता लेने कतार में लगे कालेज

फीस कमेटी ने प्रदेश के 72 नर्सिंग कालेजों की वर्तमान सत्र 2025-26 की बीएससी नर्सिंग, पीबी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग कालेजों की फीस तय नहीं की है। क्योंकि उक्त कालेजों ने संबंधित विश्वविद्यालयों से संबद्धता नहीं ली है। जब तक वे संबद्धता नहीं देते हैं उनकी फीस तय नहीं की जाएगी। इसलिए कालेज संबद्धता लेने के लिए विवि में आवेदन जमा करने में जुट गए हैं।

### बैलेंस शीट प्रस्तुत नहीं कर पाए कालेज

सुनवाई के दौरान कालेजों ने 2019 तक फीस का हवाला दिया। उन्होंने पूर्व की फीस बताई, लेकिन कमेटी ने कहा कि जो फीस वे चाह रहे हैं उस समय की बैलेंस शीट प्रस्तुत करें, जिसे कालेज संचालक नहीं दे सके। उन्होंने 2022 की बैलेंस शीट प्रस्तुत कर दी, जिसमें उनके ज्यादा खर्चे कमेटी को नहीं दिखाई दिए। इससे फीस में 22 हजार रुपये की तक की कटौती हो गई है। अब उक्त कालेज अपील में जाने की तैयारी कर रहे हैं

### दो सत्र में नहीं हुए थे प्रवेश

शासन ने सीबीआई रिपोर्ट द्वारा हुए फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद सत्र 2023-24 को जीरो ईयर घोषित कर दिया था। इसके बाद सत्र 2024-25 में कालेजों को मान्यता दी गई और सीटों का आवंटन भी जारी किया गया, लेकिन एक भी विद्यार्थी ने नर्सिंग कालेज में प्रवेश नहीं लिया। इसके चलते गत सत्र 2024-25 स्वयं ही जीरो हो गया है। वर्तमान सत्र 2025-26 में बीस हजार से ज्यादा सीटें रिक्त हैं।

### अधिकत फीस वसूली पर कार्रवाई

कोरोनो काल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की डिग्री अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इसलिए कालेज विद्यार्थियों से वही फीस ले पाएंगे, जो उनकी निर्धारित की गई है। उन्होंने पूर्व में विद्यार्थियों से ज्यादा फीस ली है, तो उन्हें आगामी सत्र में समायोजित करना होगी। इसके अलावा फीस फिक्स नहीं होने के कारण शासन विद्यार्थियों को स्कालरशिप आवंटित नहीं कर रहा था। अब फीस फिक्स हो गई है, तो विद्यार्थियों को स्कालरशिप भी आसानी से मिल पाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी 11 जनवरी को सोमनाथ जाएंगे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर पहुंचेंगे। वे यहां सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यह पर्व मंदिर पर 1026 में हुए पहले बड़े हमले की 1000वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। वर्ष भर चलने वाले इस आयोजन की शुरुआत 8 से 11 जनवरी तक विशेष कार्यक्रमों से हो रही है। पीएम मोदी ने सोमवार को ही एक ब्लॉग पोस्ट में सोमनाथ की 1000 साल की यात्रा पर विचार व्यक्त किये हैं। उन्होंने लिखा कि 1026 में महमूद गजनवी के हमले से शुरू हुई विनाश की श्रृंखला के बावजूद बार-बार मंदिर का निर्माण हुआ।

**आईआरसीटीसी घोटाला**

### लालू को झटका, ट्रायल पर रोक से इनकार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को आईआरसीटीसी घोटाला मामले में फिलहाल कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को उनके खिलाफ आरोप तय किए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया, लेकिन मुकदमे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। यह मामला जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ के समक्ष सुना गया। कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई 14 जनवरी के लिए सूचीबद्ध की है। लालू यादव ने निचली अदालत के उस आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसमें उनके साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव समेत कुछ 14 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे।

### शशि थरूर बोले-मैं कभी पार्टी लाइन से नहीं भटका



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि मैं कभी पार्टी लाइन से नहीं भटका। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल है, किसने कहा कि मैंने पार्टी लाइन छोड़ दी। जब मैंने विभिन्न विषयों पर अपनी राय व्यक्त की तो पार्टी और मैं एक ही लाइन पर खड़े थे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वह 17 साल से पार्टी में हैं और सहकर्मियों के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। अब किसी अचानक गलतफहमी की कोई जरूरत नहीं है। थरूर ने केरल के वायनाड स्थित सुल्तान बथेरी में आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने के लिए केपीसीसी की लक्ष्य 2026 नेतृत्व शिविर में भाग लिया।

**सबरीमाला सोना चोरी मामला**

### आपने भगवान को भी नहीं छोड़ा, सुको की फटकार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट से देवास्वोम बोर्ड के पूर्व सदस्य केपी शंकर दास को बड़ा झटका लगा है। जहां सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शंकर दास की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने केरल हाईकोर्ट के आदेश में उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी। जस्टिस दीपांकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए कड़ी टिप्पणी की है। जस्टिस दीपांकर ने कहा कि आपने तो भगवान को भी नहीं छोड़ा। कोर्ट की तरफ से ये भी साफ किया कि देवास्वोम बोर्ड के सदस्य के नाते शंकर दास की पूरे मामले में जिम्मेदारी बनती है, जिसके चलते वो चोरी के मामले में अपनी भूमिका से पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं।

# 2026 का रोडमैप: एआई, डेटा और डिजिटल नेटवर्क से लैस होगी भारतीय सेना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ 88 घंटे की जंग के विश्लेषण के बाद सेना ने अहम बदलावों की रूपरेखा तैयार की है। सेना ने इसे तीन हिस्सों अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म), मध्यकालिक (मीडियम टर्म) और दीर्घकालिक (लॉन्ग टर्म) रणनीति में बांटा है। अल्पकालिक रणनीति के तहत 2026 का स्पष्ट रोडमैप बनाया गया है। सेना के सूत्रों ने बताया कि इस साल पूरा जोर हथियार हासिल करने की बजाए युद्ध के पूरे वातावरण की त्वरित जानकारी, नेटवर्क और तेज फैसलों पर केंद्रित रहेगा जो ऑपरेशन सिंदूर का अहम सबक है।

**2023-2032 परिवर्तन दशक घोषित:** सेना ने साल 2026 को 'नेटवर्किंग और डेटा सेंट्रिसिटी' और 2027 में ऑपरेशंस के एआई से पूर्ण इंटीग्रेशन के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस प्रक्रिया से जुड़े शीर्ष अधिकारी ने बताया कि यह फैसला सेना की लंबे समय से चल रही परिवर्तन योजना का अगला कदम है। सेना ने साल 2023 से 2032 को परिवर्तन का दशक घोषित किया है। इसके तहत 2023 में संगठन, सोच और काम करने के तरीकों में सुधार 2024 को 'तकनीक आत्मसात' और 2025 में जमीनी स्तर पर बदलाव का रोडमैप अपनाया गया है।



### स्ट्रैटजिक कम्युनिकेश में होगा बदलाव

स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन में भी बदलाव किए जा रहे हैं। योजना यह है कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी, दुश्मन और घरेलू कम्युनिकेशन के लिए अलग-अलग कंटेंट और माध्यम तय हों। नैरेटिव वॉर में दुश्मन के झूठ तंत्र को फेल किया जाए। राजनीतिक नेतृत्व, तीनों सेनाओं के बीच संवाद और मीडिया के साथ तालमेल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सेना की स्टडी में सामने आया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सही समय पर सटीक जानकारी कितनी जरूरी है।

### एआई और ऑटोमेशन से मिलेगी सूचनाएं




आई और ऑटोमेशन का भरपूर इस्तेमाल होगा। यह तीन स्तंभों डेटा, नेटवर्क और फौजी आंकड़ों पर खड़ा होगा। साइबर तंत्र के माध्यम से तय होगा कि कौन-सी जानकारी कहां से आएगी और उसे कैसे सुरक्षित रखा जाएगा।

### कमांडर से सैनिक तक मिलेगी अपडेटेड जानकारी



नेटवर्क, सॉफ्टवेयर और डेटा का सेना देशभर में फैले अपने डिजिटल नेटवर्क, डेटा सेंटर और सॉफ्टवेयर सिस्टम सेंटरों का साझा प्लेटफॉर्म तैयार करेगी। इससे जंग के मैदान में तैनात सैनिक से लेकर कमांडर तक सबको अपडेट जानकारी मिलेगी।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई ताकतवर भारतीय सेना



29 दिसंबर 2025 को भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट (एलआरजीआर-120) की पहली सफल फ्लाइट टेस्टिंग की। इस दौरान रॉकेट को उसकी अधिकतम 120 किलोमीटर रेंज तक दागा गया। उड़ान के दौरान रॉकेट ने सभी तय इन-फ्लाइट मैन्युवर सफलतापूर्वक पूरे किए और निर्धारित लक्ष्य पर सटीक वार किया। रेंज में तैनात सभी ट्रैकिंग सिस्टम ने उड़ान के पूरे रूट के दौरान रॉकेट की निगरानी की। यह सफल परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किया।



17 दिसंबर 2025 को भारतीय सेना को अमेरिका से आखिरी तीन अपाचे एएच-64ई हेलिकॉप्टर मिले। इसके साथ ही भारतीय सेना के 6 अपाचे हेलिकॉप्टर का बेड़ा पूरा हो गया है। इन तीनों हेलिकॉप्टर को पाकिस्तान के साथ लगी पश्चिमी सीमा के पास जोधपुर के 451 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन में तैनात किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने 2020 में बोइंग से थल सेना के लिए 6 हेलिकॉप्टर खरीदने का 600 मिलियन डॉलर (करीब 5,691 करोड़ रुपए) का करार किया था। मूल योजना के अनुसार इन हेलिकॉप्टरों को मई-जून 2024 तक पहुंचना था, लेकिन सप्लाई चेन की समस्याओं और तकनीकी कारणों से 15 महीने की देरी हुई।

**एच-1बी वीजा संकट: दिखने लगा है भारतीय प्रोफेशनल्स पर असर**

# अमेजन के बाद गूगल-एप्पल-माइक्रोसॉफ्ट भी दबाव में, हजारों भारतीय पेशेवर फंसे

**नई दिल्ली, लॉस एंजिल्स, जेएनएन।** अमेरिका के एच 1बी वीजा सिस्टम में आई भारी देरी का असर अब भारतीय आईटी पेशेवरों की रोजमर्रा की जिंदगी और वैश्विक टेक कंपनियों की कार्यप्रणाली दोनों पर साफ दिखने लगी है। इसका ताजा उदाहरण अमेजन का वह आंतरिक मेमो है, जिसमें कंपनी ने भारत में फंसे कर्मचारियों को मार्च 2026 तक रिमोट काम की अनुमति तो दी, लेकिन इतनी सख्त शर्तों के साथ कि असल काम करना ही मुश्किल हो गया। अमेजन अकेली कंपनी नहीं है। गूगल, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियां भी इस संकट से जूझ रही हैं।

अमेजन ने उन कर्मचारियों को अस्थायी रिमोट वर्क की इजाजत दी, जो वीजा अपॉइंटमेंट टलने के कारण भारत में अटके हैं। यह अनुमति 2 मार्च 2026 तक है। लेकिन शर्तें अभूतपूर्व रूप से सख्त हैं। नतीजा यह कि तकनीकी भूमिकाओं में काम करने वाले कई इंजीनियर अपने जॉब का 70-80 फीसदी हिस्सा ही नहीं कर पा रहे। एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने कहा, 'मेरा काम कोडिंग, डिप्लॉयमेंट और डॉक्यूमेंटेशन के बिना अधूरा है।'




### ये हैं अमेजन की शर्तें

- कोडिंग, टेस्टिंग, ट्रबलशूटिंग और डॉक्यूमेंटेशन पर रोक
- रणनीतिक फैसलों, प्रोडक्ट मैनेजमेंट और बिजनेस डेवलपमेंट से दूरी
- कस्टमर इंटरैक्शन, कॉन्ट्रैक्ट नेगोशिएशन और साइन-ऑफ पर प्रतिबंध
- भारत में किसी अमेजन बिल्डिंग/साइट में प्रवेश नहीं
- भारत स्थित टीमों का निर्देशन/पर्यवेक्षण नहीं

### देरी की जड़: नई सख्ती और बैकलॉग

वीजा अपॉइंटमेंट में यह देरी हालिया प्रशासनिक बदलावों से जुड़ी है। नई सोशल-मीडिया स्क्रीनिंग और कड़े अनुपालन नियमों के चलते कई अपॉइंटमेंट 2027 तक खिसक गए हैं। अमेजन, जो एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, ने वित्त वर्ष 2024 में करीब 15,000 एच-1बी वीजा एप्लिकेशन फाइल किए थे। ऐसे में झटका सबसे पहले उसी पर दिखना स्वाभाविक था।

### गूगल, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट ने क्या किया?

- **गूगल:** आंतरिक तौर पर प्रोजेक्ट री-शफलिंग, कुछ टीमों को अस्थायी तौर पर अन्य लोकेशंस में शिफ्ट करना और सीमित रिमोट विकल्प। हालांकि भारत से कोर-कोडिंग पर सख्ती बरकरार है।
- **माइक्रोसॉफ्ट:** क्रिटिकल रोल्स के लिए शॉर्ट-टर्म असाइनमेंट और गैर-भारतीय लोकेशंस से साइन-ऑफ की व्यवस्था। कुछ मामलों में डिलीवरी टाइमलाइन बढ़ाई गई।
- **एप्पल:** प्रोडक्ट-सेंसिटिव कामों में जियो-फेंसिंग और कंप्लायंस के कारण भारत से योगदान बेहद सीमित। कई टीमों में अस्थायी बैक-अप स्ट्रक्चर बनाए गए।

### कितने भारतीय प्रभावित

अमेजन में 700 से ज्यादा कर्मचारी भारत में फंसे बताए जा रहे हैं। आईटी और अन्य कंपनियों को मिलाकर करीब 70 हजार कर्मचारियों पर इसका असर है। इनके परिवार मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। बच्चों की पढ़ाई, घर-किराया, स्वास्थ्य बीमा और कर-स्थिति जैसे मुद्दे उलझ गए हैं।

**देरी का असर:** आईटी, क्लाउड, एआई, डेटा और सेमीकंडक्टर भूमिकाओं तक फैला है।

# मोदी जानते थे मैं खुश नहीं हूं...रूसी तेल को लेकर ट्रंप ने फिर दी धमकी

### तेल मुद्दे पर टैरिफ बढ़ा सकता है अमेरिका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को लेकर सख्त रुख दिखाया है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अगर भारत रूसी तेल मुद्दे पर सहयोग नहीं करता है तो अमेरिका भारत से आने वाले सामानों पर मौजूदा टैरिफ बढ़ा सकता है। ट्रंप का इशारा भारत और रूस के बीच तेल व्यापार की ओर था, जिसका ट्रंप प्रशासन लंबे समय से विरोध करता रहा है।

**मुझे खुश करना जरूरी था:** ट्रंप ने यह भी याद दिलाया कि अगस्त 2025 में इसी मुद्दे को लेकर भारत पर टैरिफ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया गया था। अमेरिका का आरोप रहा है कि रूस को तेल से होने वाली कमाई यूक्रेन में इस्तेमाल हो रही है।




**भारत पर नए टैरिफ की धमकी**

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप का एक और बयान आया है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है, मामला रूसी तेल को लेकर है। ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि भारत अब रूस से तेल खरीदना कम रहा है। कहा कि नरेंद्र मोदी एक अच्छे व्यक्ति हैं और अच्छे दोस्त हैं। ट्रंप के मुताबिक भारत जानता था कि अगर रूस से तेल का आयात जारी रहा, तो अमेरिका की तरफ से टैरिफ जैसे सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।

## उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला



**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी में स्थित आवास पर हमले की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके घर की कई खिड़कियों के शीशे टूटे पाए गए हैं। स्थानीय पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है, हालांकि हमले के पीछे की मंशा अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। यह घटना रविवार देर रात करीब 12.15 बजे की है, जब वेंस के घर के आसपास एक व्यक्ति को भागते हुए देखा गया। घटना के समय वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि संदिग्ध व्यक्ति घर के भीतर प्रवेश करने में सफल नहीं हो सका।

**बलात्कारी गुरमीत राम रहीम को फिर मिली पैरोल**

# 8 साल की सजा में 387 दिन जेल से बाहर गुजारे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** बलात्कारी गुरमीत राम रहीम को 15वीं बार जेल से बाहर आने की अनुमति मिल गई है और, ये सिर्फ 8 साल में हुआ है, जबकि सजा उसे 20 साल की हुई है। आजीवन कारावास की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा वाले गुरमीत राम रहीम को फिर से 40 दिन की पैरोल मिल गई है। गुरमीत राम रहीम को अगस्त, 2017 में रेप केस में दोषी पाए जाने के बाद सजा मिली थी। ताजा पैरोल के दौरान गुरमीत डेरा सच्चा सौदा सिरसा में रहेगा। 4 महीने पहले ही गुरमीत रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आया था, उसी दौरान उसका जन्मदिन भी था। बलात्कार के ऐसे और भी मामले हैं, जिनमें सजा भी हुई है. लेकिन गुरमीत राम रहीम जैसी सुविधा किसी को नहीं मिल पाती है। आसाराम बापू को तो एक बार सजा हुई, और उसके लंबे अरसे बाद अंतरिम जमानत मिल सकी है। कुलदीप सेंगर केस में तो हाई कोर्ट ने सजा ही सस्पेंड कर दी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी है।

### 2017 को 20 साल की हुई थी कैद

गुरमीत राम रहीम इंसान को 25 अगस्त, 2017 को 20 साल कैद हुई थी। उसके बाद 17 जनवरी, 2019 को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति मर्डर केस में भी उम्र कैद हुई। डेरा के मैनेजर रणजीत सिंह के हत्या के मामले में भी अक्टूबर, 2021 में सीबीआई की स्पेशल अदालत से उम्र कैद की सजा सुनाई गई, लेकिन 3 साल बाद हाईकोर्ट ने गुरमीत को उस केस से बरी कर दिया था। गुरमीत को सजा मिलने के करीब चार साल बाद पैरोल पर जेल से बाहर आने का मौका मिला था - और उसके बाद से तो सिलसिला जैसे थम ही नहीं रहा है।

## बिना आधार लिंक बुक नहीं होंगे रेल टिकट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 5 जनवरी से बिना आधार लिंक वाले आईआरसीटीसी यूजर्स सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। ये नियम केवल रिजर्व रेल टिकट बुकिंग खुलने के पहले दिन पर लागू होगा। रिजर्व टिकट की बुकिंग ट्रेन डिपार्चर की तारीख के 60 दिन पहले खुलती है। रेलवे इस नियम को तीन फेज में लागू कर रहा है। पहला फेज 29 दिसंबर से लागू हुआ था। वहीं दूसरा फेज अब शुरू हो गया है और



तीसरा फेज 12 जनवरी से लागू होगा। 29 दिसंबर से बिना आधार सुबह 8 बजे से 12 बजे तक टिकट बुकिंग बंद की थी। 5 जनवरी से सुबह 8 से शाम 4 बजे तक टिकट बुकिंग पर पाबंदी लगा दी गई है। 12 जनवरी से सुबह 8 से रात 12 बजे तक ऐसे यूजर्स की टिकट बुक नहीं होगी। इसका मकसद ओपनिंग डे पर ज्यादा से ज्यादा पैसेंजर्स को ऑनलाइन टिकट बुक करने का मौका देना है और फर्जी अकाउंट्स के जरिए होने वाली बुकिंग को रोकना है।

# टीएमसी नेता मो. गियासुद्दीन नोटों के ढेर के साथ आए नजर

### भाजपा बोली: बंगाल को लूट रही है तृणमूल

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में चुनावी हलचल के बीच सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो क्लिप पर विवाद हो गया है। एक टेबल पर नोटों का ढेर दिख रहा है। एक तरफ तृणमूल कांग्रेस नेता बैठे नजर आ रहे हैं। उनके सामने टेबल के दूसरी तरफ 4-5 लोग बैठे हैं। वीडियो में दिख रहे टीएमसी नेता मोहम्मद गियासुद्दीन मंडल हैं। वे नॉर्थ 24 परगना जिले की बारासात-1 पंचायत समिति के उपाध्यक्ष हैं। वीडियो में उनके साथ स्थानीय बिजनेसमैन रकीबुल इस्लाम बैठे हैं। क्लिप में टीएमसी नेता फोन पर बंगाली भाषा में किसी से बात करते दिख रहे हैं। दूसरी तरफ से एक व्यक्ति की आवाज आती है। वह टीएमसी नेता से पूछता है- खरीदारी कैश में होगी या फाइनेंस पर। इस दौरान एक अन्य व्यक्ति थैला लेकर आता है और टेबल पर रख देता है।



### टीएमसी नेता-बिजनेसमैन का आरोपों से इनकार

टीएमसी नेता गियासुद्दीन मंडल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वीडियो 2022 का है और उनका लेनदेन से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा- मैं सिर्फ वहां बैठा था। यह पुराना वीडियो है। कुछ दोस्त जमीन के सौदे में शामिल थे, मुझे बस इतना ही पता है। वीडियो में टीएमसी नेता के साथ दिख रहे व्यवसायी रकीबुल इस्लाम ने भी किसी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया।

**अवैध नकद लेन-देन हुआ**

वीडियो के सामने आने के बाद टीएमसी पर अवैध नकद लेनदेन के आरोप लग रहे हैं। भाजपा ने टीएमसी नेता के खिलाफ जांच की मांग की। भाजपा नेता तपस मित्रा ने टीएमसी नेता पर भूमाफिया होने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय एजेंसियों से तत्काल जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस बंगाल को लूट रही है और प्रवर्तन निदेशालय से जांच होनी चाहिए।

## आंध्र प्रदेश में ओएनजीसी के तेल कुएं से गैस रिसाव



**कोनसीमा, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले में स्थित ओएनजीसी के एक तेल कुएं से सोमवार को भारी गैस रिसाव हो गया। हादसा राजोल इलाके में कुएं की मरम्मत के दौरान हुआ। गैस रिसाव के साथ तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते आग भी लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गैस और धुएं के घने बादल इरुसुमंदा और आसपास के इलाकों में फैल गए, जिससे पूरे क्षेत्र में धुंध जैसा माहौल बन गया। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने इरुसुमंदा समेत आसपास के तीन गांवों को खाली करा लिया है। फिलहाल किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, तेल कुएं से उत्पादन अस्थायी रूप से रोका गया था और मरम्मत कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान तेज ब्लास्ट हुआ। इसके बाद गैस और कच्चा तेल तेजी से ऊपर की ओर निकलने लगे। कुछ ही देर में गैस ने आग पकड़ ली और कुएं के पास ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं।

**किस्सा** — राष्ट्रपति भवन प्रेस से बजट पेश होने से पहले लीक हुए थे कुछ पेज

# 1950 में लीक हुआ बजट...वित्त मंत्री ने दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगले महीने केंद्रीय बजट 2026 पेश किया जाने वाला है। बजट के मामले में काफी गोपनीयता बरती जाती है, क्योंकि इसमें संवेदनशील वित्तीय योजनाएं होती हैं। इसे समय से पहले लीक होने से बचाने के लिए सख्त सुरक्षा उपाय किए जाते हैं, जिससे मार्केट में हेरफेर और रणनीतिक नुकसान को रोका जा सके। मगर एक बार बजट वास्तव में लीक हो गया था? सन् 1950 में क्या थी बजट लीक की कहानी।

### कैसे लीक हुआ था बजट?

रिपोर्ट्स के अनुसार सन 1950 के भारतीय यूनियन बजट लीक में राष्ट्रपति भवन प्रेस से बजट के कुछ सीक्रेट पेज समय से पहले लीक हो गए थे। तब वित्त मंत्री जॉन मथाई थे। इसके बाद मथाई ने इस्तीफा दे दिया और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ज्यादा सुरक्षित प्रिंटिंग लोकेश (जैसे नॉर्थ ब्लॉक) पर काम शुरू किया गया और लॉक-इन पीरियड जैसे सख्त प्रोटोकॉल लागू किए गए।




### 1 फरवरी को पेश होता है बजट

हमारे देश में बजट पेश करने की तारीखें समय और सरकार के साथ कई बार बदली भी गई हैं। अभी की सरकार में यह तारीख 1 फरवरी है। मोदी सरकार में एक बार फिर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद के लोकसभा में बजट पेश करेंगी। वे एक फरवरी 2026 को संसद में बजट पेश कर सकती हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है कि इस बार 1 फरवरी को रविवार पड़ रहा है। हालांकि, आधिकारिक रूप से अभी तक इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि मोदी सरकार का इस बार संसद का बजट सत्र कब से शुरू होगा और बजट को किस दिन पेश किया जाएगा। वैसे आमतौर पर बजट पेश करने की तारीख 1 फरवरी ही है।

### क्या होता है बजट का लॉक-इन पीरियड

1950 का बजट लीक होना भारत के वित्तीय इतिहास में एक बड़ी घटना साबित हुआ, जिससे संवेदनशील बजट दस्तावेजों को संभालने के तरीके में लंबे समय तक चलने वाले बदलाव हुए। इससे गोपनीयता की जरूरत उजागर हुई, जिसके कारण सख्त लॉक-इन सिस्टम लागू किया गया। लॉक-इन पीरियड बहुत ही सख्त नियम है। बजट की गोपनीयता यानी उसको सीक्रेट रखने के लिए लॉक-इन पीरियड का नियम लागू होता है। इस दौरान बजट बनाने में शामिल जितने भी अधिकारी और वित्त मंत्रालय के अफसर और संबंधित लोग होते हैं, उन्हें नॉर्थ ब्लॉक में बाहरी दुनिया से बिल्कुल ही अलग कर दिया जाता है। वे इस दौरान न अपने घर जा सकते हैं और ना ही किसी फोन और नियम के तहत प्रतिबंधित सामान का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्हें लॉक-इन पीरियड के दौरान बाहर के किसी भी व्यक्ति से मिलने की इजाजत नहीं होती है। मतलब कि जब तक बजट को वित्त मंत्री के द्वारा संसद में पेश न कर दिया जाए, तब तक वे लोग बाहरी दुनिया से कटे हुए होते हैं। यह लॉक-इन पीरियड बजट को सीक्रेट रखने के लिए होती है।

# ऊर्जा मंत्री ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 नवाचारों का किया शुभारंभ

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेसिंग से बिजली उपभोक्ताओं, पेंशनधारकों एवं प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण के लिये पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन नवाचारों का शुभारंभ किया। उन्होंने सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। मंत्री श्री तोमर ने नालंदा अभिलेख कक्ष, क्यूआर फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ और पेंशन मित्र पुस्तिका का विमोचन किया। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पूर्व क्षेत्र कंपनी द्वारा आधुनिक एवं कम्प्यूटरिकृत रिकॉर्ड रूम तैयार किया गया है। रिकॉर्ड को नमी, धूप, शीलन, दीमक और जीर्ण-शीर्ण होने से बचाने के लिये उच्च गुणवत्ता के प्लास्टिक बॉक्स में रखा गया है। रिकॉर्ड का वर्गीकरण करते हुए विभागवार अलग-अलग रैक्स में इंडेक्सिंग की गई जिससे कम्प्यूटर में आसानी से सर्च किया जा सकता है। दूसरी ओर मुख्यालय में पुराना रखा हुआ रिकॉर्ड अब एक ही छत की नीचे होगा और सभी कार्यालयों के कॉरिडोर और स्टोर रूम साफ-सुथरे और व्यवस्थित होंगे।

**क्यू आर फीडबैक प्रणाली :** मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पूर्व क्षेत्र कंपनी के तकनीकी नवाचार क्यूआर फीडबैक प्रणाली का भी शुभारंभ किया गया है। यह प्रणाली शिकायत दर्ज करने का माध्यम नहीं है, बल्कि सकारात्मक सुझावों और अनुभवों के



आधार पर समग्र सेवा-गुणवत्ता एवं व्यवस्था में सुधार लाने का साधन बनेगी। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पेंशन मित्र पुस्तिका कर्मचारियों के सम्मान, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय प्रयास है। साथ ही पेंशन मित्र पुस्तिका का एआई आधारित डिजिटल चैटबॉट का भी शुभारंभ किया गया। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि म. प्र. पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमि., जबलपुर द्वारा सिंथेटिक टेनिस कोर्ट का उद्घाटन किया गया है, जो टेनिस खेलने वाले खिलाडियों के लिए वरदान साबित होगा, साथ ही इससे नये खिलाड़ी भी खेलने के लिए प्रेरित होंगे।

## 15 से 30 जनवरी तक नगर की प्रत्येक बस्ती में होंगे हिंदू सम्मेलन, निकली कलश यात्रा



**टीकमगढ़।** आज नगर में प्रत्येक बस्ती में हिंदू सम्मेलन की तैयारियों की दृष्टि से कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग एवं मातृशक्ति तथा सभी संतो की सहभागिता रही, यह कलश यात्रा दोपहर 1 बजे नजरबाग प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई , पपौरा चौराहा स्थित विजय राघव मंदिर में समाप्त हुई, कलश यात्रा के पूर्व साधु संतों ने भी मार्गदर्शन करते हुए समस्त हिंदू समाज को संगठित होने का आव्हान किया, कार्यक्रम के संयोजक अमर प्रताप सिंह चौहान ने आगामी हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया, राघवेंद्र महाराज ने समस्त हिंदू समाज से सरसता युक्त बनने का आह्वान किया , मंच पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी शिरीष बिहारी मिश्रा जी ने भी बताया कि बस्तियों के हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य है कि हिंदु समाज संगठित एवं शक्ति संपन्न बने । एवं आगामी 15 जनवरी से 30 जनवरी तक नगर की प्रत्येक बस्ती में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा , जिसमें सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज से लोग सम्मिलित हुए ।

## कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ों अतिथि शिक्षक भविष्य सुरक्षित करने की उठाई मांग



**पलेरा/टीकमगढ़।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 2 से 4 जनवरी तक चलाए गए आंदोलन का रविवार को जिला मुख्यालय पर रैली के साथ समापन हुआ। रैली के बाद जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अतिथि शिक्षकों ने संविदा कैडर में शामिल करने और हरियाणा की तर्ज पर सेवा बहाली कानून लागू करने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुनीत मोहन खरे, राजाराम यादव (ब्लॉक अध्यक्ष बल्देवगढ़), रवि कुमार अहिरवार (ब्लॉक अध्यक्ष जतारा), रणजीत सिंह परमार (ब्लॉक अध्यक्ष पलेरा) सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**प्रमुख उपस्थित पदाधिकारी :** फिरोज खान (मीडिया प्रभारी), धीरेंद्र अहिरवार, राकेश यादव,इमरान खान अरविंद यादव, अनिल तिवारी, राम बिहारी पटैरिया, गोविंद राजपूत, राहुल सेन, शिवम यादव, आकाश साहू, राम अवतार यादव, रामपाल अहिरवार, कमलेश रैकवार, सुनील राजपाली, नरेंद्र प्रजापति, कमलेश कुशवाहा और शिवम विश्वकर्मा।

## पेयजल या जहर ? नगर परिषद कारी में नलों से बह रहा गंदा पानी, जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर फिर भी व्यवस्था फेल

### सीएम हेल्पलाइन की जांच भी बनी औपचारिकता, इंदौर जैसी घटना दोहराने की आशंका से सहमे वार्डवासी



**जागरण, टीकमगढ़।** नगर परिषद कारी में पेयजल व्यवस्था इस कदर बदहाल हो चुकी है कि अब यह केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि आम नागरिकों की जान से खुला खिलवाड़ बन गई है। नगर के अधिकांश वार्डों में नल लाइनों से गंदा, बदबूदार और दूषित पानी लगातार सप्लाई हो रहा है। मजबूरी में इसी पानी का उपयोग पीने, खाना बनाने और दैनिक जरूरतों के लिए किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार कई दिनों से नलों से आ रहा पानी पीने योग्य नहीं है। कभी पानी का रंग काला तो कभी पीला और मटमैला नजर आता है, वहीं कई स्थानों पर तेज दुर्गंध भी महसूस की जा रही है। इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा न तो नियमित जल परीक्षण कराया जा रहा है और न ही जल टंकियों और पाइपलाइनों की समय-समय पर समुचित सफाई की जा रही है। हालात यह हैं कि लोग बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर हैं, लेकिन हर परिवार के लिए यह संभव नहीं हो पा रहा। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि नगर परिषद कारी, टीकमगढ़ जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद यहां शासन और प्रशासन की निगरानी लगभग नदारद नजर आ रही है। वार्डवासियों का आरोप है कि नगर परिषद के सीएमओ देवेंद्र आर्या और परिषद अध्यक्ष को इस गंभीर समस्या की गंभीरता का अंदाजा नहीं है। जनस्वास्थ्य से जुड़े इस मुद्दे पर जिम्मेदारों की चुप्पी लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर रही है। नागरिकों ने हाल ही में मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों की घटना का हवाला देते हुए कहा कि यदि वहां जैसी स्थिति कारी में बनी, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद और जिला प्रशासन की होगी। लोगों का कहना है कि चेतावनियों के बावजूद प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजकुमार पांडेय, चतुर तिवारी, विवेक तिवारी, रमन तिवारी, उमेश तिवारी, आशुतोष तिवारी, सचिन तिवारी, विनोद कुशवाहा, पार्षद रामशरूप यादव, अजुद्दी आदिवासी, ब्रजेन्द्र तिवारी, विनोद पटेरिया, संजू अहीरवार सहित पीड़ित वार्डवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर बार-बार शिकायतें की गईं। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बाद नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन निरीक्षण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहा। न तो दूषित पानी की वैज्ञानिक जांच कराई गई और न ही समस्या के मूल कारणों—जैसे पुरानी पाइपलाइन, लीकेज या गंदे जलस्रोत—पर कोई ठोस कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन नालियों के पास से गुजर रही है, जिससे सीवेज और गंदगी के पानी के रिसाव की आशंका बनी रहती है। यदि यही हाल रहा, तो हैजा, पीलिया, टायफाइड और डायरिया जैसी संक्रामक बीमारियों के फैलने से इनकार नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके, नगर परिषद द्वारा न तो स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया गया है और न ही नागरिकों को किसी प्रकार की पूर्व चेतावनी या वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। पीड़ित वार्डवासियों ने जिला कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि तत्काल नगर परिषद कारी की पेयजल व्यवस्था की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, पानी के सैंपल लेकर लैब में परीक्षण कराया जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति टैंकरों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए।

वही इस संबंध में नगर परिषद कारी के सीएमओ देवेंद्र आर्या ने बताया कि गंदे पानी की शिकायत उन्हें प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा कि पानी की टंकी की सफाई कराकर उसमें ब्लीचिंग पाउडर डाला गया है। साथ ही इंजीनियरों और कर्मचारियों को पेयजल लाइनों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ आर्या ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में नलों से गंदा पानी आ रहा है, तो उसका उपयोग पीने के लिए न करें। अब बड़ा सवाल यह है कि जिला मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर बसे नगर परिषद क्षेत्र में यदि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा इस कदर बदहाल है, तो प्रशासनिक दावों की सच्चाई क्या है? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी, या समय रहते नगर परिषद कारी के लोगों को शुद्ध पेयजल नसीब होगा–इसका जवाब अब प्रशासन को देना होगा।

## कायाकल्प या कवर-अप? निरीक्षण से पहले पेंट-पुताई, निरीक्षण के दिन 'सब संतोषजनक'- जिला अस्पताल में गंदगी, जोखिम और सिस्टम का खेल उजागर



**जागरण, टीकमगढ़।** जिला अस्पताल में कायाकल्प योजना के नाम पर जो कुछ बीते दो दिनों में हुआ, उसने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ निरीक्षण से ठीक एक दिन पहले आईसीयू जैसे अति संवेदनशील वार्ड में भर्ती गंभीर मरीजों के बीच रंगाई-पुताई कराई जाती है, वहीं अगले ही दिन कायाकल्प टीम को अस्पताल की व्यवस्थाएं काफी हद तक संतोषजनक नजर आती हैं। सवाल यह है कि क्या कायाकल्प वास्तव में सुधार का माध्यम है या फिर खामियों पर पर्दा डालने की एक सुनियोजित कवायद? रविवार को जिला अस्पताल में सुबह से ही अफरा-तफरी का माहौल रहा। कायाकल्प टीम के सोमवार को आने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन अचानक हरकत में आया। पूरे अस्पताल में झाडू-पोछा, पुटीन की घिसाई, रंगाई-पुताई और सजावट का काम तेज कर दिया गया। परिसर में आनन-फानन में पौधों के गमले रखे गए, दीवारों पर नया रंग चढ़ाया गया, ताकि निरीक्षण टीम को अस्पताल की ऊपरी काया चमकदार नजर आए। लेकिन इस दिखावटी चमक की सबसे बड़ी कीमत मरीजों को चुकानी पड़ी। आईसीयू वार्ड, जहां अति गंभीर और संक्रमण के खतरे वाले मरीज भर्ती रहते हैं, वहीं पुटीन और पेंट का काम कराया गया। पेंट की तीखी गंध, उड़ती धूल और शोर के बीच मरीजों का इलाज चलता रहा। चिकित्सा मानकों के अनुसार आईसीयू में इस तरह का कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित है, इसके बावजूद यह लापरवाही खुलेआम होती रही। मरीजों के परिजनों और स्थानीय लोगों ने इसे मरीजों की जान से सीधा खिलवाड़ बताया। उनका कहना है कि यदि किसी संक्रमित या कमजोर मरीज की हालत बिगड़ती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या निरीक्षण में अच्छे नंबर पाने के लिए मरीजों की सेहत को जोखिम में डालना अब सिस्टम का हिस्सा बन चुका है? इसी बीच सोमवार को कायाकल्प दल की सदस्य डॉ. श्वेता पांडे जिला अस्पताल पहुंचीं और उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मरीजों से बातचीत, साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, ऑफिस मेंटेनेंस सहित आठ मापदंडों पर समीक्षा की गई। टीम ने कमियों पर सुधार के निर्देश देने की बात कही और अस्पताल की व्यवस्थाओं को काफी हद तक संतोषजनक बताया। यहीं से सबसे बड़ा विरोधाभास सामने आता है। जिस अस्पताल में एक दिन पहले आईसीयू में मरीजों के बीच रंगाई-पुताई हो रही थी, वही अस्पताल अगले दिन निरीक्षण में संतोषजनक कैसे हो गया? क्या एक रात में ही संक्रमण का खतरा खत्म हो गया? या फिर निरीक्षण केवल उसी चमक-दमक तक सीमित रहा, जो टीम के आने से पहले तैयार की गई थी? स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों का आरोप है कि जिला अस्पताल में सालभर गंदगी, अव्यवस्था, संसाधनों की कमी और मरीजों की अनदेखी आम बात है। वार्डों की नियमित सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों की मूलभूत सुविधाओं पर गंभीरता नहीं दिखाई जाती। लेकिन निरीक्षण आते ही अस्थायी सुधार कर तस्वीरें और रिपोर्ट तैयार कर दी जाती हैं। खास बात यह भी है कि यदि अस्पताल प्रबंधन चाहता, तो रंगाई-पुताई का काम पहले कराया जा सकता था और मरीजों को अस्थायी रूप से अन्य वार्डों में शिफ्ट किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया, क्योंकि प्राथमिकता मरीज नहीं, बल्कि मेहमानों के सामने अस्पताल को सुंदर दिखवाना था। खुद जिला अस्पताल प्रबंधक श्रीमती अंकुर साहू ने भी यह स्वीकार किया कि जैसे मेहमानों के आने से पहले घर सजाया जाता है, वैसे ही कायाकल्प टीम के आने से पहले अस्पताल को सजाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मरीज भर्ती होने के बावजूद काम हो रहा है, तो वे उसे दिखवाकर रोकने की बात करेंगी। यह बयान अपने-आप में इस बात की पुष्टि करता है कि मरीजों की सेहत के साथ जोखिम लिया गया। अब जनता के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है-क्या कायाकल्प योजना का उद्देश्य अस्पतालों का वास्तविक और स्थायी सुधार है, या फिर निरीक्षण के दिन चमक पैदा कर रिपोर्ट में नंबर जुटाना? यदि आईसीयू में मरीजों के बीच पेंट-पुताई जैसी गंभीर लापरवाही के बावजूद सब कुछ संतोषजनक है, तो फिर सिस्टम में गलती कहां मानी जाएगी? यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होती, तो यह साफ संकेत होगा कि इस व्यवस्था में मरीजों की जान से ज्यादा अहमियत केवल रिपोर्ट, फोटो और फाइलों को दी जाती है-और यही सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है।

## जंगली सूअर के हमले में घायल वृद्ध को वन विभाग की त्वरित सहायता

**पन्ना ।** दक्षिण वनमंडल अंतर्गत रैपुरा रेंज के किशन पाटन के समीप डोंगरहाई क्षेत्र में जंगली सूअर के हमले से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हक्का आदिवासी, पिता पिटवा आदिवासी, उम्र लगभग 60 वर्ष, निवासी किशन पाटन, अपने खेत में रखवाली के दौरान जंगली सूअर के हमले का शिकार हो गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। परिक्षेत्र सहायक घुटेही रंजना नागर एवं बीट गार्ड अलौनी बद्री प्रसाद यादव द्वारा घायल को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रैपुरा में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही दोनों वन कर्मियों द्वारा पीड़ित को तुरंत आवश्यक सहायता राशि भी प्रदान की गई। वन विभाग द्वारा घायल के उपचार एवं आवश्यक सहायता हेतु निरंतर सहयोग किया जा रहा है।



## विधायक कप 2026 का छत्रसाल स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले

### बृजपुर 2 और पन्ना ग्रामीण 1 की शानदार जीत, क्वार्टर फाइनल मुकाबला बुधवार से खेल के साथ सामाजिक संदेश, स्वच्छता दूत बने विधायक कप के विशेष अतिथि



**जागरण, पन्ना ।** पूर्व खनिज मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पन्ना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ खेल, संस्कृति और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर रचनात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पन्ना जिले के ऐतिहासिक छत्रसाल क्रिकेट स्टेडियम, नजरबाग में आयोजित विधायक कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के लिए खास आकर्षण बना हुआ है। टूर्नामेंट के चौथे दिन का पहला मुकाबला बृजपुर 2 और पन्ना ग्रामीण 2 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बृजपुर 2 ने निर्धारित 14 ओवरों में 6 विकेट खोकर 102 रन बनाए। टीम की ओर से धर्मेंद्र ने चार चौके और एक छक्के की मदद से शानदार 39 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में पन्ना ग्रामीण 2 की ओर से भारतेंदु ने तीन विकेट झटके। जवाब में पन्ना ग्रामीण 2 की टीम मात्र 52 रन पर सिमट गई और 50 रन से हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई। बृजपुर 2 की ओर से सुरंजन ने 4 और तरुण ने 3 विकेट चटकाए। शानदार प्रदर्शन के लिए धर्मेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में वीरा 2 की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्मीकांत और अशोक की घातक गेंदबाजी के सामने मात्र 48 रन पर सिमट गई। जवाब में पन्ना ग्रामीण 1 ने 50 रन का लक्ष्य महज 6 ओवर में हासिल कर आसान जीत दर्ज की। इस मैच में केशवेंद्र सिंह को नाबाद 19 रन की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया, वहीं राजवीर ने मात्र 5 गेंदों में 12 रन बनाकर दर्शकों को रोमांचित किया।

**क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का कार्यक्रम :** बुधवार को विधायक कप के दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला क्वार्टर फाइनल पन्ना नगर 2 बनाम पन्ना नगर 3, सुबह 10 बजे से दूसरा क्वार्टर फाइनल बृजपुर 1 बनाम धरमपुर 2, दोपहर 1 बजे से

**स्वच्छता दूत रहे विशेष अतिथि :** आज के मुकाबलों में स्वच्छता दूतों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, जिनमें रवि वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, अश्वनी वाल्मीकि, गौरीशंकर डोम, दीपक डोम, हरप्रसाद कुशवाहा, राजेंद्र सेन और वीरेंद्र चौरसिया शामिल रहे। वही आज के मैच के अंपायर सूर्य प्रकाश तिवारी प्रमोद पाठक मनीष अवस्थी स्कोरिंग का दायित्व राजकुमार रिछारिया और स्वप्निल खरे ने निभाया मैच का आंखों देखा हाल जिला क्रीडा अधिकारी राजेश मिश्रा मृगेंद्र गहरवार और पहलवान सिंह ने सुनाया यह रहे उपस्थित आज के मैच को देखने के लिए जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शिवकुमार मिश्र अमर बहादुर सिंह ध्रुव प्रताप सिंह रविकांत मिश्रा अमित परमार ऋषि बुंदेला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए

**पन्ना ।** कलेक्टर ऊषा परमार ने वर्ष 2026 के लिए संपूर्ण पन्ना जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 25 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी एवं 11 नवम्बर को दीपावली के भाईदूज पर्व पर स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय पर लागू नहीं होगा।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक 8 जनवरी को

**पन्ना ।** आगामी 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए गुरुवार, 8 जनवरी को आवश्यक तैयारियों एवं रूपरेखा के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से होगी।

## जिला स्तरीय कंट्रोल रूम गठित

**पन्ना ।** कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य दूषित पानी के संबंध में प्राप्त किसी भी शिकायत का प्रभावी निराकरण करना है। इसके लिए लैब सहायक भरत कुमार कुशवाहा 9981361597 तथा पीएमयू स्टॉफ रमाशंकर शुक्ला 9993780963 की ड्यूटी निर्धारित कर दूषित पानी के स्त्रोत के स्थल का चिन्हांकन तथा समय-समय पर प्राप्त शिकायत के संबंध में अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आज

**पन्ना ।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में बुधवार, 7 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय पन्ना के सभाकक्ष में जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर शासकीय विभागों को भूमि के आवंटन संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी।卐नजूल अधिकारी संजय कुमार नागवंशी卐 द्वारा बैठक में सर्वसंबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा बढ़ते साइबर फ्रॉड पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बैंक मैनेजरों के साथ समन्वय बैठक आयोजित



**जागरण, पन्ना ।** बढ़ते साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आज दिनांक 06.01.2026 को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में पन्ना शहर के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य साइबर ठगी का शिकार हुए नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करना तथा साइबर सेल एवं बैंकों के बीच एक प्रभावी एवं त्वरित कार्यवाही चैनल विकसित करना रहा, जिससे फरियादियों को अधिकतम राहत समय पर उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में विशेष रूप से वर्तमान समय में तेजी से सामने आ रहे म्यूल (स्त्द्यद्र) खातों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। म्यूल खाता वह बैंक खाता होता है, जिसे कोई व्यक्ति अपने नाम पर किसी दूसरे व्यक्ति के लालच, झांसे अथवा कमीशन के बदले खुलवाता है, और जिसका उपयोग साइबर ठगों द्वारा अवैध रूप से प्राप्त धनराशि को जमा करने, निकालने अथवा इधर-उधर ट्रांसफर करने के लिए किया जाता है। ऐसे खाते साइबर अपराध की रीढ़ माने जाते हैं, जिन्हें रोकना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि नए खाते खोलते समय चद्गञ्ज्ञ्ल प्रक्रिया को पूर्ण सजगता, गंभीरता एवं सत्यापन के साथ अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। यदि खाता खोलते समय या संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि प्रतीत होती है, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित थाना अथवा जिला साइबर सेल पन्ना को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके और साइबर ठगी की राशि को फ्रीज कर रिकवरी सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, ऐसे संदिग्ध एवं म्यूल खातों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जिला साइबर सेल पन्ना के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करने, सूचना साझा करने एवं संयुक्त कार्यवाही करने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे साइबर अपराधियों पर शीघ्र अंकुश लगाया जा सके। बैठक के माध्यम से पन्ना पुलिस द्वारा आम जनता से भी अपील की गई कि किसी भी प्रकार के लालच, कमीशन, आसान पैसे या नौकरी के बहाने अपना बैंक खाता किसी के कहने पर न खुलवाएं। अपने बैंक खाता संबंधी दस्तावेज, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, ओटीपी या मोबाइल नंबर किसी को भी न दें। अज्ञात व्यक्तियों के कहने पर अपने खाते में धनराशि प्राप्त कर उसे आगे ट्रांसफर न करें, अन्यथा आप भी साइबर अपराध में आरोपी बनाए जा सकते हैं।

## विधायक कप में स्वच्छता दूतों का किया गया सम्मान



**जागरण, पन्ना ।** छत्रसाल स्टेडियम में विधायक कप 2026 का आयोजन किया गया है जिसमें पन्ना विधानसभा की 16 क्रिकेट टीमें हिस्सा ले रही है। विधायक कप के चौथे दिन पन्ना नगर पालिका के सफाई कर्मियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया इससे पहले विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के साथ नगर पालिका प्रतिनिधि और सभी स्वच्छता दूतों ने मैदान में टीमों का परिचय प्राप्त किया।

**मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति :** आज के मैचों के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पत्रकार, अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप राघवेंद्र कुमार सेन हरिप्रसाद कुशवाहा रवि बाल्मिक राहुल बाल्मिक अश्वनी वाल्मीकि गौरी शंकर दीपक और वीरेंद्र चौरसिया सहित अनेक प्रतिष्ठित लोग उपस्थि थे इसके अलावा कैलाश गुप्ता रवि पांडे अमित परमार अखिलेश पटैरिया दीपेश व्यास,कमल लालवानी,पूरन यादव,प्रमोद सिंह ठाकुर,राकेश गुप्ता , मृगेंद्र गहरवार,राजकुमार वर्मा और मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे नेखिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और इस आयोजन को पन्ना विधानसभा में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में भी मैदान पर ऐसे ही रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझा/ नायलॉन डोर के विरुद्ध पन्ना पुलिस की सख्त कार्यवाही



**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा मानव जीवन एवं पशु-पक्षियों के जीवन को संकट में डालने वाली नायलॉन डोर तथा शासन द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध जनजागरूकता हेतु हरसंभव प्रयास करने, साथ ही इनके क्रय-विक्रय एवं उपयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध कार्यवाही की गई। आज दिनांक 06.01.2025 को थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सुमित लखेरा नामक व्यक्ति किशोर जी मंदिर के सामने चाइनीज मांझा बेच रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर देखा गया कि मंदिर के सामने एक व्यक्ति कार्टून में चाइनीज मांझा रखकर विक्रय कर रहा है। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सुमित लखेरा पिता स्व. काशी प्रसाद लखेरा, उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक-05, किशोरगंज मोहल्ला, पन्ना बताया। आरोपी से चाइनीज मांझा विक्रय संबंधी लाइसेंस/अनुमति पत्र पूछे जाने पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। कार्टून की तलाशी लेने पर उसमें धागे नुमा चाइनीज मांझा की कुल 07 चकरी पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2000/- रुपये है। उपस्थित पंचों एवं हमराही बल के समक्ष जांच करने पर उक्त मांझा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा होना पाया गया। चाइनीज मांझा का उपयोग पतंग उड़ाने में किया जाता है, जिससे पतंग उड़ाते समय किसी व्यक्ति के गले में गंभीर चोट लगने, पशु-पक्षियों के घायल होने अथवा मृत्यु होने की पूर्ण संभावना रहती है, जिससे मानव जीवन एवं सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। उक्त कृत्य के कारण आरोपी द्वारा धारा 125 बी.एन.एस. का अपराध घटित किया जाना पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से एक कार्टून में रखी 07 चकरी चाइनीज मांझा जप्त कर पुलिस कब्जे में ली गई एवं आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा, सउनि. कुंज बिहारी कोल, आर. प्रसंग मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस द्वारा धरमपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से पशुओं का परिवहन करने वाले 02 आरोपियों पर की गई वैधानिक कार्यवाही

**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध रूप से पशुओं/गौवंश का परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में थाना धरमपुर में 02 आरोपियों के विरूद्ध अवैध रूप से पशु परिवहन करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये अपराध पंजीबद्ध किया गया है । मामले मे दिनांक 06.01.26 को थाना प्रभारी धरमपुर को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कुछ लोग एक बिना नम्बर के पिकप वाहन में कुछ व्यक्ति पशुओं को क्रूरता पूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहे है।थाना प्रभारी धरमपुर द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी धरमपुर उनि. अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना धरमपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर आज दिनांक 06/01/26 को पुलिस टीम मुखबिर के बताये अनुसार कालिंजर नरैनी आमरोड कठगांव मिश्रा ढावा के सामने रोड पर आने जाने वाले वाहनों को रोक रोककर चैक किया गया जो इसी दौरान एक बिना नम्बर की पिकप वाहन को चैक करने पर वाहन में चालक के अलावा बगल की सीट पर एक व्यक्ति बैठा था और वाहन में कुल 09 नग जिसमें 02 बड़े व 07 छोटे भैस प्रजाति के पड़ा जिनके पैर रस्सी से बंधे क्रूरतापूर्वक ठूस-ठूस कर भरे पाये जाने पर पुलिस टीम द्वारा उक्त पिकप वाहन में सवार दोनो व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुये सभी के नाम पता पूँछे गये। पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक उक्त ट्रक में ठूँस-ठूँस कर भरे भैंस/पड़ा को सुरक्षित उतरवाकर परिवहन में प्रयुक्त पिकप वाहन को जप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा मामले में उक्त दोनो आरोपियों के विरूद्ध थाना धरमपुर में पशुक्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के अतंर्गत्त अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

**नाम पता आरोपी :** सुभाष अहिरवार पिता श्यामालाल अहिरवार उम्र 45 साल निवासी आँगासी रोड जमुनियापुरवा थाना बबेरू जिला बांदा उ.प्र.। मुकीम खां पिता मुबीन खां उम्र 32 साल निवासी शिवाजी चौराहा बबेरू थाना बबेरू जिला बांदा उ.प्र.।

**मशरूका :** पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त एक बिना नम्बर का पिकप वाहन कीमती करीब 07 लाख रूपये एवं अवैध रूप से परिवहन कर ले जाये जा रहे कुल 09 नग पड़ा कीमती करीब 03 लाख रूपये को बरामद किया गया । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि कमल सिंह चंदेल, प्र.आ. राधेश पटेल, राजेन्द्र तिवारी, आर. कमलेश,अजीत, लखन, गिरधारी, महिला आर. सविता का सराहनीय योगदान रहा है ।

## वर्ष के पहले त्योहार तिल चतुर्थी को उमड़ी सिद्ध विनायक मंदिर भक्तों की भीड़



**पन्ना ।** शहर के एकमात्र सैकड़ो वर्ष पुराने सिद्धनाथ विनायक मंदिर में भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा के दर्शनार्थ पूजा नार्कन के लिए सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा-राज मंदिर के पीछे गणेश मार्केट पार्श्व में स्थित है इतनी भव्य विशाल प्रतिमा समीप कहीं नहीं है प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी को सात दिवसी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां चलती हैं अनंत चतुर्दशी को समापन होता है आज सारे दिन बाजारों में भीड़ उमर पड़ती है ।

## पन्ना विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त हुए नवीन नाम जुड़वाने के लिए सर्वाधिक आवेदन

**पन्ना ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के शेष चरण अंतर्गत आगामी 22 जनवरी तक नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। गत 23 दिसम्बर को सूची के प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत 6 जनवरी तक पन्ना जिले में कुल 5945 आवेदन मतदाता सूची में नवीन नाम जोड़ने के लिए प्राप्त हो चुके हैं। अब तक पन्ना विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 2573 आवेदन मतदाता सूची में नवीन नाम जुड़वाने के लिए प्राप्त हुए, जबकि पवई विधानसभा में 1814 तथा गुनौर विधानसभा में 1558 मतदाताओं ने मंगलवार तक नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया है।

## डबल लॉक केन्द्रों में 1183 मैट्रिक टन यूरिया एवं 729 मैट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

**पन्ना ।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ओ.पी. तिवारी द्वारा पन्ना जिले के विपणन संघ के डबल लॉक केन्द्रों में उपलब्ध यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी से अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की स्थिति में यूरिया उर्वरक का कुल भण्डारण 16 हजार 528 मैट्रिक टन, डीएपी एवं टीएसपी उर्वरक का भण्डारण 6 हजार 550 मैट्रिक टन तथा एनपीके उर्वरक का भण्डारण 10 हजार 220 मैट्रिक टन है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में बालिका सशक्तीकरण मिशन शीतकालीन सत्र का शुभारंभ, नन्ही परियों की मुस्कान






**जागरण, शक्तिनगर**

एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर पहल के अंतर्गत विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी बालिका सशक्तीकरण मिशन जेम के तहत साप्ताहिक शीतकालीन सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण एवं वंचित पृष्ठभूमि की बालिकाओं को आत्मनिर्भर आत्मविश्वासी एवं सशक्त नागरिक बनाने की दिशा में एनटीपीसी की सतत प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।इसी क्रम में बालिका सशक्तीकरण अभियान 25-26 के शीतकालीन पुनश्चर्या कार्यशाला बैच का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रज्ञा नायक अध्यक्षा वनिता समाज रहीं। इस अवसर को और भी उल्लासपूर्ण बनाते हुए सत्र के दौरान जन्मदिन मना रहीं प्रतिभागी बालिकाओं ने केक काटकर अपने आनंद और उत्साह को साझा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ जिससे संपूर्ण वातावरण प्रेरणा सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण हो गया। अपने प्रेरक संबोधन में संदीप नायक ने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा संचालित बालिका सशक्तीकरण मिशन ग्रामीण बालिकाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय प्रयास है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं में आत्मविश्वास निर्णय क्षमता और नेतृत्व गुणों का विकास आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जीईएम कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को न केवल शैक्षणिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है बल्कि जीवन कौशल आत्म.सुरक्षा संवाद क्षमता और सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री नायक ने सुरक्षा संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए बालिकाओं को सदैव अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को प्राथमिकता देने और सजग रहने की प्रेरणा दी। उद्घाटन समारोह के दौरान जेम की प्रतिभागी बालिकाओं ने मंच से अपने अनुभव साझा किए तथा एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा प्रदान किए जा रहे इस अवसर के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। बालिकाओं को और अधिक प्रेरित करने के उद्देश्य से जेम 25-26 में चयनित बालिकाओंष् पर आधारित एक लघु प्रेरणादायक फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया जिसने उपस्थित सभी जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली कलेंडर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर जोसफ बास्टियन मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण श्रीमती प्रज्ञा नायक अध्यक्षा वनिता समाज सी.एच. किशोर कुमार महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणए सम्मानित ग्राम प्रधानए वनिता समाज की सदस्याएं एनटीपीसी कर्मचारियों के परिजन यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण जेम कोऑर्डिनेटर्स तथा पुनश्चर्या कार्यशाला की प्रतिभागी बालिकाएँ उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम न केवल बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है बल्कि समाज में नारी सशक्तीकरण और समान अवसरों के संदेश को भी प्रभावी रूप से सुदृढ़ करता है।

# जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्षद दल की बैठक आयोजित



**जागरण वैढ़न।** आज जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली कार्यालय में शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्षद दल की बैठक आहूत की गई। बैठक में नगर निगम सिंगरौली के सभी कांग्रेस पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम में बढ़ते भ्रष्टाचारए विकास कार्यों की लगातार अनदेखी तथा आर्थिक बदहाली से जूझ रहे नगर निगम की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि पूर्व में दिग्विजय सिंह के कार्यकाल के दौरान नगर निगम को चुंगी क्षतिपूर्ति राशि एवं विकास कार्यों हेतु पर्याप्त आर्थिक सहायता प्राप्त होती थीए लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा इन मदों में भारी कटौती की गई हैए जिसके कारण शहर के विकास कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि नगर निगम की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। कर्मचारियों के वेतन से लेकर संविदाकारों के भुगतान तक कई.कई महीनों से लंबित हैं। इसके बावजूद सत्ता.धारी नेताओं द्वारा नगर निगम का लगातार आर्थिक दोहन किया जा रहा हैए जो शहर के हितों के साथ खुला विश्वासघात है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण नगर निगम आर्थिक रूप से पंगु होता जा रहा है। शहर के विकास को जानबूझकर रोका जा रहा है और आम नागरिकों के हितों की अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस पार्टी शहरवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष करती रहेगी। भाजपा और आम आदमी पार्टी द्वारा शहर की जनता के साथ किए जा रहे विश्वासघात को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यदि निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय एवं महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल द्वारा द्वेषपूर्ण रवैया अपनाते हुए शहर के हितों के खिलाफ निर्णय लिए गए तो सभी कांग्रेस पार्षद भाजपा और आम आदमी पार्टी के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। बैठक के अंत में यह संकल्प लिया गया कि कांग्रेस पार्षद दल शहर हित में निरंतर आवाज उठाता रहेगा और नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार व जनविरोधी नीतियों का डटकर विरोध करेगा।

एनसीएल की मेजबानी में कोल इंडिया अंतर कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आगाज

# कोयला उद्योग की 11 कंपनियों से 119 खिलाड़ी कर रहे हैं प्रतिभाग

## एनसीएल निदेशक वित्त रजनीश नारायण ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन



**जागरण सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के अमलोरी क्षेत्र में कोल इंडिया अंतर.कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आगाज़ हुआ। उद्घाटन समारोह में एनसीएल निदेशक वित्त रजनीश नारायण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना अनुशासन और सौहार्द के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने खेलों के शारीरिकए मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास से संबंध पर प्रकाश डालते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी अनुषंगी कंपनियों सहित कुल 11 टीमें भाग ले रही हैं। आगामी 8 जनवरी तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में एसईसीएल एससीसीएल एमसीएल डब्ल्यूसीएल बीसीसीएल ईसीएल सीसीएल सीएमपीडीआईएल सीआईएल एनईसी और मेजबान एनसीएल शामिल हैं। प्रतियोगिता में 119 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें 18 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में कॉर्पोरेट जेसीसी सदस्य सीएमएस अजय कुमार महाप्रबंधक अमलोरी क्षेत्र आलोक कुमार महाप्रबंधक कल्याण राजेश त्रिवेदी स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के सदस्यगण अमलोरी क्षेत्र के विभागाध्यक्ष अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में कुल 6 श्रेणियां जिनमें पुरुष एकल पुरुष युगल महिला एकल महिला युगल वेटरन एकल और वेटरन युगल शामिल हैं में मैचों का आयोजन किया जा रहा है। टीम चैंपियनशिप के लिए टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है जिसमें पूल.ए में एनसीएल एमसीएल सीसीएल बीसीसीएल ईसीएल हैं तथा पूल.बी में एसईसीएल सीआईएल एससीसीएल सीएमपीडीआईएल एनईसी डब्ल्यूसीएल हैं। गौरतलब है कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए इंडोर हॉल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। यह आयोजन कोल इंडिया लिमिटेड एवं एनसीएल की खेल एवं फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है जो कर्मचारियों में आपसी सद्भावए ऊर्जा एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देता है।

# ठाकुर जी की भक्ति और प्रभु से बढ़कर और कोई सुख संपदा नहीं

## रामलीला मैदान में श्रीमद्भागवत कथा



**जागरण, वैढ़न।** रामलीला मैदान में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन हो रहा है। श्रीधाम वृन्दावन से कथावाचक डॉ.संजय कृष्ण सलिल जी महाराज ने कथा के दूसरे दिन भक्तों को कथा के माध्यम से ठाकुर जी की भक्ति और जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहींए भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है । प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहींए भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है । व्यासपीठ पर विराजमान सलिल महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस कथा में अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैंए कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए कुछ सीखने के उद्देश्य से कुछ पाने के उद्देश्य से आएं तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के पापों का नाश हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने भक्तों को शुकदेव जन्म परीक्षित जन्म सहित कृष्णभक्ति और जीवन के उद्देश्य के बारे में बताया। अपने प्रवचन में उन्होंने परीक्षित को श्राप के प्रसंग का भी वर्णन किया साथ ही भक्तिएज्ञान और वैराग्य के महत्व पर जोर देते हुए श्री कृष्ण की लीलाओं का भी बखान किया। यहां बताते चलें कि संस्कार टीवी चैनल पर भी श्रीमद भागवत कथा का प्रसारण प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रोजाना किया जा रहा है। तीसरे दिन आज सती चरित्र ध्रुव चरित्र की कथा का वर्णन होगा।

**कथा में इनकी रही उपस्थिति :** दूसरे दिन की कथा में आयोजक मित्रता एन जीओ के संजीव अग्रवाल दुष्यंत सिंह अवनीश दुबे सहित श्याम सुंदर अग्रवाल नारायण जायसवाल संध्या मिश्रा प्रीति अग्रवाल संजय ताम्रकार मनोज गोयल गोपाल अग्रवाल सहित कारीवाल परिवार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तजन भारी संख्या में कथा का रसपान किया।

# एनसीएल ने ऊर्जा सुरक्षा एवं पर्यावरणीय दायित्व के संतुलन विषय पर कार्यशाला का आयोजन




## विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति थर्मल प्लांट व कोल माइनिंग ने शिरकत कर दिया मार्गदर्शन

**जागरण सिंगरौली।** कोल इंडिया की सिंगरौली स्थित अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने ऊर्जा सुरक्षा एवं पर्यावरणीय दायित्व के संतुलन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला की विशेषता यह रही कि इंद्र पाल सिंह मथारू की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति एक्सपर्ट अप्रैज़ल कमेटी. थर्मल प्लांट व कोल माइनिंग के सदस्यगणों ने प्रतिभाग करते हुए पर्यावरण संतुलन के साथ सतत विकास पर अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में एनसीएल से निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी/संचालन सुनील प्रसाद सिंह निदेशक तकनीकी/परियोजना एवं योजनाआशुतोष द्विवेदी मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल निदेशक तकनीकी सीएमपीडीआईएल राजीव कुमार सिन्हा एनसीएल की परियोजनाओं के महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्ष व अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति थर्मल प्लांट व कोल माइनिंग के अध्यक्ष इंद्र पाल सिंह मथारू ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने भारत की प्रकृति.पूजक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि सततता केवल नीति का विषय नहीं बल्कि समय की अनिवार्यता है। उन्होने जोर दिया कि विकास को नैतिक जिम्मेदारी पर्यावरणीय संवेदनशीलता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए ताकि समाज स्थानीय समुदाय और भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति थर्मल पावर एवं कोल माइनिंग के सदस्य सचिव सुंदर रामनाथन ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी सत्रों के दौरान समिति के सदस्य डॉ. विनोद अग्रवाल ने टर्म्स ऑफ़रेफ़्रेंस व पर्यावरण स्वीकृति से संबंधित प्रक्रियाओं पर व्याख्यान दिया। डॉ.उमेश जे.कहालेकर ने कोयला परियोजनाओं में सतत विकास की अवधारणा पर अपने विचार साझा किए। वहीं प्रो. एस.एस. सिंह ने खदान पुनर्स्थापन एवं जैव विविधता संरक्षण में पौधारोपण की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा. संतोष कुमार हम्पन्नावर ने पर्यावरणीय प्रबंधन एवं अनुपालन से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर संबोधन दिया। कार्यशाला के शुभारंभ में एनसीएल के निदेशक तकनीकी/संचालन सुनील प्रसाद सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया व पर्यावरणीय स्वीकृतियो खनन गतिविधियों एवं हरित पहलों के बीच संतुलन को बनाए रखने को लेकर एनसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य एनसीएल के अधिकारियों एवं परियोजना टीमों के लिए पर्यावरणीय नियामकीय प्रक्रियाओं की बेहतर समझ विकसित करना था । कार्यशाला के समापन अवसर पर एनसीएल के निदेशक तकनीकी/योजना एवं परियोजना आशुतोष द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला के आयोजन में महाप्रबंधक पर्यावरण राकेश कुमार एवं उनकी टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# जिले में कॉलेज चलो अभियान को नहीं मिली गति

## उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश का नहीं हो रहा पालन

**जागरण,रीवा।** जिले के अधिकांश महाविद्यालयों ने अभी कॉलेज चलो अभियान को गति नहीं दी है। कुछ महाविद्यालयों ने अभियान संबंधी एक-दो कार्यक्रम किए और उसके बाद प्रचार-प्रसार रोक दिया। जबकि अभियान को सतत् संचालित करने के निर्देश विभाग ने दिए थे। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग का निर्देश जारी हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी महाविद्यालय के जिम्मेदार ठण्ड का बहाना लेकर जकड़े हुए हैं। ऐसे में विभाग का कॉलेज चलो अभियान अभी और हासिये पर ही रह सकता है। गौरतलब है कि मप्र शासन के निर्देश पर विभाग प्रत्येक वर्ष नया शिक्षण सत्र शुरु होने से पहले कॉलेज चलो अभियान संचालित करता आ रहा है। कॉलेज चलो अभियान संचालित करने के निर्देश विभाग ने गत दिसम्बर माह में जारी कर दिए गये हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह अभियान आगामी 31 जनवरी तक संचालित होना है। चूंकि महाविद्यालयों ने अभियान को पर्याप्त समय नहीं दिया। ऐसे में अभियान के संचालन की अवधि में अब वृद्धि होने का अनुमान है।

### छात्रों को करेंगे जागरुक

अभियान के तहत प्रत्येक सरकारी महाविद्यालय अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के छात्रों, शिक्षकों से सम्पर्क करेंगे। महाविद्यालयों द्वारा अपने नजदीक के विद्यालयों में जाकर 12वीं के छात्रों को जागरूक व प्रेरित किया जाता है। कक्षा 12वीं के छात्रों को उच्च शिक्षा अध्ययन के लाभ से अवगत कराया जाता है। साथ ही, छात्र किस संकाय में प्रवेश लेकर अपना हुनर निखार सकते हैं, इसके लिए उन्हें मार्गदर्शन भी दिया जाता है।

### अभिभावकों से करना है सम्पर्क

छात्रों के अभिभावकों से भी महाविद्यालयीन शिक्षक संवाद स्थापित करेंगे, ताकि महाविद्यालयों की सुविधाओं और यहां अध्ययन करने पर कैरियर आदि की जानकारी छात्रों, अभिभावकों को सीधे मिल सके। महाविद्यालयों को अभियान के तहत नई शिक्षा नीति के लाभ से अवगत कराने छात्रों के मध्य पम्पलेट का वितरण भी करना होगा। इसके अलावा विद्यालयों में पीपीटी, वीडियो आदि के प्रदर्शन महाविद्यालयीन प्राध्यापक करेंगे, जिसके माध्यम से छात्रों का ध्यान महाविद्यालयीन शिक्षा की तरफ खींचने का प्रयास होगा। अभियान के बेहतर संचालन हेतु महाविद्यालयों को किसी एक प्राध्यापक को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी देनी होगी। इस अभियान के संचालन में होने वाले व्यय की आपूर्ति महाविद्यालयों द्वारा जनभागीदारी मद से की जायेगी।

# अध्यक्ष राष्ट्रीय जनजाति आयोग 8 को एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत करेंगे पौधारोपण

**जागरण वैढ़न।** अध्यक्ष राष्ट्रीय जन जाति आयोग अंतर सिंह आर्य के जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार अध्यक्ष श्री आर्य 8 को प्रातः 9.30 बजे सर्व प्रथम एक मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेगे। तत्पश्चात सिकल सेल एनीमिया स्वास्थ्य जॉच शिविर में शामिल होगे। अध्यक्ष श्री आर्य प्रातः 10.30 बजे आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम मे शामिल होगे। प्रातः 11 बजे वनरक्षा समिति वन अधिकारी हितग्राही और पेसा समिति के आदिवासी प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनो के साथ आयोजित सम्मेलन बैठक में शामिल होगे। दोपहर 2 बजे प्रेसवार्ता को संबोधित करेगे। तत्पश्चात सिंगरौली स्थित सर्किट हाउस में स्थानीय आदिवासी नेताओ के साथ आयोजित बैठक में शामिल होगे।

# भारत पर्व के लिये नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत होंगे

**जागरण वैढ़न।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेशानुसार 26 जनवरी को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लोकतंत्र का लोकोत्सव ष्भारत पर्वष् का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर गौरव बैनल ने भारत पर्व के नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जगदीश गोमे को नियुक्त किया है।

# पांच दिवसीय किसान जन आंदोलन यात्रा का शुभारंभ

## किसानों के अधिकारों की रक्षा करने बुलंद की आवाज



**जागरण, वैढ़न।** माजन मोड़ स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सिंगरौली शहर किसान कांग्रेस का किसान जन आंदोलन यात्रा का शुभारंभ हुआ पांच दिवसीय किसान जन आंदोलन यात्रा का आज से तय कार्यक्रमानुसार आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ हुआ अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के निर्देशानुसार प्रदेश भर में किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचार उनके अधिकारों की अनदेखी नाइंसाफी एवं किसानों के कई स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर प्रदेश व्यापी किसान जन आंदोलन के तहत जिला किसान कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर के त्वाधान एवं किसान कांग्रेस सिंगरौली शहर अध्यक्ष मनोज दुबे के नेतृत्व में माजन मोड़ स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रभारी व्योहारी विधानसभा अरविंद सिंह चंदेल जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान एवं कई वरिष्ठों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किसान जन आंदोलन यात्रा को रवाना कर शुभारंभ किया गया यात्रा हिर्रवाह ब्लाक के लिए रवाना हुई जिस यात्रा का रास्ते भर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया जिस दौरान यात्रा का स्वागत तेलाइ में उग्रसेन शर्मा रावेंद्र शमा प्रेमसागर शर्मा द्वारा स्वागत किया गया वही कृष्णा शर्मा रामसकल शर्मा द्वारा बिलौंजी में स्वागत किया गया तत्पश्चात यात्रा हिर्रवाह पहुंचकर आम सभा में तब्दील हुई जहा पर भारी संख्या में किसानों ने स्वागत कर समर्थन दिया अरविंद सिंह चंदेल पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर एवं किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज दुबे द्वारा आम सभा को संबोधित करते हुए बताया गया आज किसानों के ऊपर प्रदेश भर में भ्रष्ट भाजपा सरकार द्वारा जो अत्याचार उनके हक अधिकारो की अनदेखी की जा रही है जन विरोधी नीतियों को लागू करने का प्रयास किया जा रहा है कांग्रेस उसको होने नही देगी हर हाल में किसानों के साथ कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता साथ खड़ा है कांग्रेस कोई पार्टी नहीं बल्कि एक विचारधारा है जो आम जनता किसान गरीबों के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करते आई है जिसे आज की भाजपा सरकार आम जनता की नीतियों को खत्म कर जनविरोधी नीतियों को लागू करने का प्रयास कर पूजीपतियो के हाथो को मजबूत करते जा रही है जिससे लगातार आम जनता त्रस्त हो रही है इन्ही सब कारणों से हम सभी कार्यकर्ता साथी इस यात्रा के माध्यम से आप सभी को आगाह कर भाजपा सरकार तक आपके आवाज को पहुंचना चाह रहे है इसलिए आप अधिक से अधिक इस यात्रा में सामिल होकर अपने अधिकार के लिए आवाज बुलंद करे।

**यात्रा में निम्न की रही उपस्थिति :** उक्त यात्रा में श्रीमती मधु शर्मा श्रीमती कृष्णा सिंह परिहार ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानु अमित द्विवेदी श्रीमती संगीता सिंह श्रीमती बांतों कौर सुरेश दुबे रूपेश चंद्र पांडे पंकज पाण्डेय सूर्य द्विवेदी केपी सिंह विजय शाह श्रीमती सुषमा वर्मा अनिल सिंह नंदकिशोर सिंह दादे राम दुबे राम सकल शर्मा रावेंद्र शर्मा मकसूद रजा सूर्य प्रकाश सिंह आकिब अहमद बिट्टू कुन्दन पाण्डेय औरंगजेब बृजेंद्र शर्मा सतनारायण वैश्य जितेंद्र जयसवाल लोलर दुबे रामसहाय पनिका राम लल्लू कुशवाहा संजय शर्मा श्रवण वैश्य कृष्ण शाह सुनील देव सिंह राघवेंद्र सिंह अखिलेश पांडे विद्यापति शाह मनोज शाह उग्रसेन शर्मा नरेश तिवारी तुला प्रसाद कुशवाहा डीके सिंह आरिफ पठान अनिल वैश्य रितेश शाह सत्येंद्र नाई कृष्ण शर्मा राजू सिंह चंदावली शर्मा राम ब्रिज शाह श्याम बिहारी नापित विष्णु दत्त पांडे सयुग वेग अजमल रजा मनोज शर्मा रामरुप शर्मा रही उपस्थिति रही।

## मैदान से हटकर

### एडिटेड तस्वीरों पर नाराज हुईं प्रतिका रावल, निकाली भड़ास

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज प्रतिका रावल ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं उनकी एडिटेड तस्वीरों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने निजता के हनन पर भड़ास निकाली है। वनडे विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रतिका की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी, लेकिन इसके साथ ही उन्हें सोशल मीडिया पर एक नई परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रतिका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने लिखा, @grok, मैं अपनी किसी भी तस्वीर को लेने, उसमें बदलाव करने या एडिट करने की अनुमति नहीं देती, चाहे वह पुरानी हो या भविष्य में पोस्ट की जाने वाली। अगर कोई तीसरा व्यक्ति मेरी तस्वीर को किसी भी तरह से एडिट करने के लिए कहे, तो कृपया उस अनुरोध को अस्वीकार करें। महिला प्रीमियर लीग को लेकर भी प्रतिका की उपलब्धता पर नजर बनी हुई है। 25 साल की इस बल्लेबाज ने महिला विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था। सात मैचों में उन्होंने 308 रन बनाए और भारत की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। हालांकि, चोट के कारण टूर्नामेंट बीच में छोड़ना पड़ा, इसके बावजूद वह सभी टीमों में चौथी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। (जेएनएन)



## खेल एक नजर

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पुरस्कार राशि में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है और 18 जनवरी से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में यह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के आयोजकों ने मंगलवार को स्थानीय मुद्रा में अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो 2026 के लिए 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (75 मिलियन अमेरिकी डॉलर) निर्धारित की गई है। यह 2025 में 96.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पुरस्कार राशि से 16 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष एकल वर्ग में चैंपियन रहने वाले खिलाड़ियों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (2.8 मिलियन डॉलर) मिलेंगे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के लिए पुरस्कार राशि में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसके साथ ही आयोजकों का कहना है कि मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले सभी एकल और युगल खिलाड़ियों को न्यूनतम 10 प्रतिशत बढ़ी हुई पुरस्कार राशि मिलेगी।

### अनाहत सिंह 28 मिनट में ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश के फाइनल में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 साल की अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। फाइनल में अनाहत का सामना यूरोपीय जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन से होगा। अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन में सभी आयु वर्गों में नौवीं बार फाइनल में पहुंची है और उनका लक्ष्य 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद इस प्रतियोगिता में अंडर-19 खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनना है। इस बीच लड़कों के अंडर-17 वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आर्यवीर दीवान सेमीफाइनल में मिस्र के फिलोपेटर सालेह से 9-11, 5-11, 7-11 से हार गए।



### बेयरस्टो ने महाराज के ओवर में बनाए 34 रन, 10 विकेट से जीती सनराइजर्स

**सेंचुरियन, जेएनएन।** क्विंटन डीकॉक और जॉनी बेयरस्टो के बीच पहले विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। कैपिटल्स ने 20 ओवरों में सात विकेट पर 176 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया, लेकिन सनराइजर्स ने केवल 14.2 ओवरों में ही लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। सनराइजर्स की इस जीत के नायक बेयरस्टो (45 गेंद पर नाबाद 85 रन) और डीकॉक (41 गेंद पर नाबाद 79 रन) रहे। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 177 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे सनराइजर्स को 17 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर लौटने में मदद मिली।

बेयरस्टो ने अपनी पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उन्होंने केशव महाराज के पारी के 12वें ओवर में पांच छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बनाए, जो अब एसए20 के इतिहास का सबसे महंगा ओवर बन गया है। डीकॉक ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए।

# स्मिथ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले छठे खिलाड़ी, द्रविड़ को पीछे छोड़ा

## सिडनी टेस्टः ऑस्ट्रेलिया का पहली पारी में स्कोर 518/7, इंग्लैंड के खिलाफ 134 रन की बढ़त

**जेएनएन, सिडनी**

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड के वर्तमान एशेज सीरीज के तीसरे शतक और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ के पहले शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में सात विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 384 रन बनाए थे। हेड ने सुबह 91 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे। स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले उनका इस सीरीज में उच्चतम स्कोर 61 रन था, जो उन्होंने एडिलेड में पहली पारी में बनाया था। स्मिथ का यह एशेज में कुल मिलाकर 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेबस्टर 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने अभी तक आठवें विकेट के लिए 81 रन जोड़े हैं। उस्मान ख्वाजा जब अपना 88वां और अंतिम टेस्ट मैच खेलने के लिए क्रीज पर आए, तो उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। उन्होंने उसी मैदान पर 49 गेंदों में 17 रन बनाए, जहां उन्होंने 15 साल पहले टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। हेड ने 105 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। वह 2002-03 में मैथ्यू हेडन के बाद किसी एक एशेज सीरीज में तीन शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बन गए। नाइटवॉचमैन माइकल नेसर (24) के कार्स की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट होने के बाद उन्होंने अपनी रन-रेट बढ़ा दी। नेसर के आउट होने से तीसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी समाप्त हो गई।



**3682** रन स्मिथ एशेज में बना चुके हैं और इस प्रतियोगिता में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। ब्रेडमैन ने सर्वाधिक 5028 रन बनाए हैं। नाबाद 129 रनों की पारी के दौरान स्मिथ ने 3636 रन बनाने वाले हॉब्स को पीछे छोड़ा है। स्मिथ द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए रन ब्रेडमैन के इंग्लैंड के खिलाफ 5028 रनों के बाद किसी एक टीम के खिलाफ बनाए गए दूसरे सर्वाधिक रन हैं।

**13** शतक स्टीव स्मिथ एशेज में लगा चुके हैं, जो किसी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए दूसरे सर्वाधिक शतक हैं। डॉन ब्रेडमैन ने सर्वाधिक 19 शतक लगाए हैं। एससीजी में शतक लगाने से पहले स्मिथ 12 शतकों के साथ जैक हॉब्स की बराबरी पर थे। स्मिथ के इंग्लैंड के खिलाफ ये 13 शतक किसी बल्लेबाज द्वारा एक ही टीम के खिलाफ लगाए गए संयुक्त रूप से दूसरे सर्वाधिक शतक हैं। इस मामले में भी ब्रेडमैन इंग्लैंड के खिलाफ 19 शतकों के साथ सबसे आगे हैं। सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज और जो रूट ने भारत के खिलाफ13-13 शतक लगाए हैं।

**37** शतक स्मिथ टेस्ट में लगा चुके हैं, जो किसी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए छठे सर्वाधिक शतक हैं। वह राहुल द्रविड़ के 36 शतकों से आगे निकल चुके हैं। स्मिथ को इतने शतकों के लिए 219 पारियां लगीं। केवल पोंटिंग (212) और कुमार संगाकारा (218) ने ही उनसे तेज 37 टेस्ट शतक लगाए हैं।

**18** वां शतक बतौर कप्तान टेस्ट में स्मिथ ने लगाया। केवल तीन अन्य बल्लेबाजों ने कप्तान के रूप में उनसे अधिक शतक लगाए हैं। इन 18 में से 11 शतक उन्होंने 26 घरेलू टेस्ट में लगाए हैं, जो रिकी पोंटिंग के साथ किसी कप्तान के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक हैं।

**07** पचास या उससे ज्यादा रनों की साझेदारी एससीजी में ऑस्ट्रेलिया के लिए हो चुकी है, जो एशेज में एक पारी में सर्वाधिक है। ये 2007 में भारत द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ दपहली पारी में की गई आठ 50+ रनों की साझेदारी के बाद किसी टेस्ट पारी में दूसरे सर्वाधिक हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफीः रिषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली पांच साल में पहली बार नॉकआउट में

**जेएनएन, अलूर (कर्नाटक)**

रिषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली ने रेलवे को एलीट ग्रुप-डी के मैच में छह विकेट से हराकर एक दौर का मुकाबला बाकी रहते विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने जीत की नींव रखी और टीम को छह मैचों में पांचवीं जीत दिलाई। शीर्ष पर काबिज दिल्ली ने पांच साल में पहली बार नॉकआउट में जगह बनाई। रेलवे ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया लेकिन आयुष बडोनी और नवदीप सैनी ने तीन-तीन विकेट लेकर उसे 40.4 ओवर में 179 रन पर आउट कर दिया। रेलवे के छह विकेट 23.2 ओवर में 99 रन पर गिर गए थे। कुश मराठे (51 रन) की अकेले टिक सके। दिल्ली ने 21.4 ओवर में चार विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांश आर्य ने 41 गेंद में 80 रन बनाए। पंत ने नौ गेंद में तीन छक्कों और एक चौके के साथ 24 रन बनाए। वहीं एक अन्य मैच में गुजरात ने ओडिशा को 233 रन से हराया। अक्षर पटेल ने 60 गेंद में 73 रन बनाए और पांच ओवर में सिर्फ 14 रन दिए। गुजरात ने छह विकेट पर 333 रन बनाए, लेकिन ओडिशा की टीम 28.1 ओवर में 100 रन पर आउट हो गई। अन्य मैचों में सौराष्ट्र ने सेना को 111 रन से हराया, जबकि हरियाणा और आंध्र का मैच बराबरी पर छूटा।



### यूपी की लगातार छठी जीत

राजकोट में उत्तर प्रदेश ने विदर्भ को 54 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 339 रन बनाए, जिसमें अभिषेक गोस्वामी ने 103 रन की शानदार पारी खेली। उन्हें प्रियंक गर्ग (67), ध्रुव जुरेल (56) और रिंकू सिंह (57) के तेज अर्धशतकों का अच्छा मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमन मोखाड़े ने संघर्षपूर्ण 147 रन बनाए, लेकिन विदर्भ की टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 285 रन ही बना सकी। उत्तर प्रदेश की ओर से कुलदीप यादव ने 52 रन देकर तीन विकेट झटके।

### अमेरिका में जन्में अमन का दोहरा शतक

अमेरिका में जन्में अमन राव की ताबड़तोड़ नाबाद दोहरे शतक से खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी हैदराबाद ने बंगाल को 107 रन से करारी शिकस्त दी। आईपीएल नीलामी में राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़े 21 साल के राव ने अपनी सिर्फ तीसरी लिस्ट-ए मैच 109 गेंदों पर नाबाद 200 रन बनाए। यह इस टूर्नामेंट का दूसरा दोहरा शतक था। इससे पहले दिसंबर में ओडिशा के स्वस्तिक सामल ने सौराष्ट्र के खिलाफ 212 रन बनाए थे। राव की इस पारी की बदौलत हैदराबाद ने पांच विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। राव ने मोहम्मद शमी (70 रन पर तीन विकेट), आकाश दीप (बिना किसी सफलता के 78 रन) और मुकेश कुमार (बिना किसी सफलता के 55 रन) जैसे भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ 120 रन बटोर कर अपने कौशल का परिचय दिया। लक्ष्य का बचाव करते हुए भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज (58 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने बंगाल की टीम 44.4 ओवर में 245 रन पर सिमट गई।

# टी-20 रैंकिंगः मंधाना और शेफाली टॉप-10 में, हरमनप्रीत को फायदा





**दुबई, जेएनएन।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी-20 की नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गई। भारत ने इस मैच को 15 रन से जीत कर 30 दिसंबर को समाप्त हुई सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। हरमनप्रीत रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब पहुंच गई हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जेमिमा रोड्रिग्स हालांकि शीर्ष 10 से बाहर हो कर 12वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से नीचे आ गई है। पांचवें टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनका 28 रन पर एक विकेट लेना ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को शीर्ष पर पहुंचने से रोकने के लिए काफी नहीं था। दीप्ति रेटिंग अंक के मामले में सदरलैंड (736) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरनी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर पहुंच गई। श्रीलंका के लिए कविशा दिलहारी (एक पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चमारी अटापट्टू (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) ने गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार किया।

# मलेशिया ओपनः लक्ष्य सेन ने किया नए सत्र का जीत से आगाज, मालविका बाहर

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद मंगलवार को सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाकर नए सत्र की शानदार शुरुआत की। पिछले सत्र के आखिर में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले 24 साल के लक्ष्य ने मलेशिया ओपन में विश्व रैंकिंग में 21वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 70 मिनट में 21-16, 15-21, 21-14 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सेन का अगला मुकाबला फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव या हांगकांग के ली चेउक यिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बाएं घुटने की चोट के कारण छह महीने के अंतराल के बाद वापसी करने वाली मालविका बंसोड़



को महिला एकल में हालांकि पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन रत्चनोक इंतानोन से 11-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# ऑकलैंड ओपनः कड़े संघर्ष के बाद 45 की वीनस विलियम्स 12 साल छोटी मैग्डा लिनेट से हारीं

**वेलिंगटन, जेएनएन।** वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में भी अपने जुझारूपन का शानदार नमूना पेश किया, लेकिन आखिर में वह मंगलवार को ऑकलैंड ओपन डब्ल्यूटीए टूर टेनिस टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हार गईं। वर्ष 2026 में अपना पहला एकल मैच खेल रही वीनस ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में उन्हें 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लिनेट से 6-4, 4-6, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। लिनेट उस समय केवल दो साल की थीं, जब वीनस ने पेशेवर टूर पर अपना पहला एकल मैच खेला था। मंगलवार का मैच डब्ल्यूटीए टूर पर एकल वर्ग में विलियम्स का 1101वां मैच था। उन्होंने अपने से 12 साल छोटी खिलाड़ी के सामने जिस तरह की चुनौती पेश की उससे उनका होबार्ट इंटरनेशनल और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के



लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को ऑकलैंड ओपन के अलावा 12 जनवरी से होबार्ट में होने वाले टूर्नामेंट तथा साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से शुरू होगा। ऑकलैंड में खेला गया यह मैच वीनस का पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में कैरोलिना मुचोवा से 6-3, 2-6, 5-1 से हारने के बाद पहला एकल मैच था। वीनस ने इससे पहले ऑकलैंड ओपन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना के साथ मिलकर सोमवार को युगल मैच खेला था, जिसमें उन्हें इवा जोविक और एलेक्जेंड्रा एला से 7-6 (7), 6-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

# नेशनल ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की स्वर्णिम शुरुआत

**भोपाल, खेप्र।** मेजबान मध्यप्रदेश ने 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। प्रतियोगिता में मप्र ने सीनियर 10 मिक्स इवेंट में पहला स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र ने रजत तथा पंजाब ने कांस्य पदक जीता। कड़ाके की सर्दी के बीच छोटी झील पर आयोजित राष्ट्रीय ड्रैगन बोट में पहले दिन दो किमी की रेस हुई। डी-10 सीनियर मिक्स के फाइनल मुकाबले में 9:46.267 समय के साथ मप्र ने सोने का तमगा हासिल किया। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर मालती राय व एशियन कैनो फेडरेशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। चैंपियनशिप में देश के एक हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मप्र कयाकिंग कैनोइंग के सचिव मयंक ठाकुर ने बताया कि बुधवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो किलोमीटर के बचे हुए फाइनल व 500 मीटर की हिट्स फाइनल रेस आयोजित होगी।



खेल मंत्री ने किया चैंपियनशिप का शुभारंभ

### लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 9 से

**भोपाल, खेप्र।** लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का 11वां संस्करण नौ जनवरी से खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट लाल परेड के पुलिस जिम्नेजियम बैडमिंटन हाल में आयोजित किया जाएगा, जिसके फाइनल मुकाबले 14 जनवरी को होंगे। जिला बैड बैडमिंटन संघ भोपाल के तत्वधान में होने वाले इस टूर्नामेंट में बालक, बालिका, महिला एवं पुरुष वर्गों में होगी भिड़ंत। आयोजन के सचिव गोपाल सिंह धाकड़ ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। टूर्नामेंट में विभिन्न वर्ग सब जूनियर व जूनियर (बालक एवं बालिका), सीनियर व मास्टर्स (पुरुष एवं महिला) में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सभी विजेताओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### गणतंत्र दिवस समारोह एवं भारत पर्व की तैयारी संबंधी बैठक 12 को

**सतना।** गणतंत्र दिवस समारोह एवं भारत पर्व मनाये जाने की तैयारियों के संबंध में बैठक 12 जनवरी को टीएल बैठक के पहले कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

### सड़क सुरक्षा समिति एवं नवीन बस स्टैण्ड संचालन संबंधी बैठक 8 को

**सतना।** जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति एवं नवीन बस स्टैण्ड संचालन संबंधी बैठक 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।






# परसमनिया के सखौहा बीट में खनिज अधिकारी ने मारा छापा

## पकड़ा अवैध उत्खनन , हाईवा एवं पोकलेन मशीन जब्त



**जागरण सतना**

परसमनिया क्षेत्र के अंतर्गत हो रहे अवैध उत्खनन की जानकारी लगते ही जिला खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी ने मंगलवार को अचानक छापामार कार्यवाही कर दी। इस दौरान खनिज अधिकारी ने एक हाइवा और एक पोकलेन मशीन भी जप्त कर ली है। इस कार्यवाही की खबर लगते ही अवैध खनन माफियॉ में हडकम्प मच गया। इस कार्यवाही के दौरान उचेहरा एसडीएम सोमेश द्विवेदी भी दलबल के साथ मौजूद रहे।

### लम्बे समय से चल रहा था खेल

जानकारी के मुताबिक परसमनिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सखौहा बीट में अवैध उत्खनन लम्बे समय से चल रहा था जिसकी जानकारी जिला खनिज अधिकारी को लगी थी। बताया जाता है कि खनिज अधिकारी ने यहां पर अवैध उत्खन्न करते हुये पाये जाने पर सडक निर्माण करने वाले संविदाकार रविशंकर जैसवाल के विरूद्ध अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर लिया है। कितने रकवे पर उत्खनन किया गया है। इसकी भी जिला खनिज अधिकारी ने नाप कराई है यह कार्यवाही 11 बजे दिन से देर शाम तक जारी रही । इस कार्यवाही के दौरान खनिज निरीक्षक राकेश देशमुख भी मौजूद रहे। जानकारी मिली है कि उक्त व्यक्ति को पुराने पत्थर उठाने की स्वीकृति थी मगर उनके द्वारा लगातार अवैध उत्खनन किया गया। जिसके चलते मंगलवार को जिला खनिज अधिकारी ने बडी कार्यवाही को अंजाम दिया है।

> सखौहा बीट में अवैध उत्वनन करते हुये एक हाइवा व पोकलेन मशीन जप्त की गई है। रविशंकर जैसवाल के विरूद्ध अवैध उत्वनन प्रकरण दर्ज किया गया है। उस क्षेत्र की नाप कराई गई है जहां पर अवैध उत्वनन किया जा रहा था यह कार्यवाही 11 बजे दिन से शुरू हुई थी जो देर शाम तक चली।
>
> **दीपमाला तिवारी जिला खनिज अधिकारी सतना**

# सिकमी पंजीयन सत्यापन नहीं होने पर किसानों ने लगाया जाम



## बाधित रहा आवागवन , एसडीएम की समझाइस पर माने किसान

**जागरण सतना।** धान खरीदी केंद्रों की अव्यवस्थाओं से नाराज किसानों ने बुधवार को सर्किट हाउस चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। किसानों ने पंजीयन सत्यापन न होने और खरीदी प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी किसान ट्रैक्टर लेकर सड़क पर बैठ गए जिससे चौराहे से गुजरने वाला यातायात पूरी तरह ठप हो गया। किसानों का कहना था कि सिकमी किसानों का धान पंजीयन सत्यापन नहीं हो पा रहा है जिससे वे समर्थन मूल्य पर फसल नहीं बेच पा रहे हैं। इसके अलावा तौल के बाद धान खरीदी में देरी और भुगतान से जुड़ी समस्याओं को लेकर भी नाराजगी जताई गई। चक्का जाम के चलते ओवरब्रिज और रीवा रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह और टीआई रावेंद्र द्विवेदी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार नागौद पुलिस ने दबोचा



**जागरण सतना।** दुष्कर्म के एक आरोपी को नागौद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है यह कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक रीवा के निर्देश , एसपी, एएसपी एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में नागौद टीआई अशोक पाण्डेय द्वारा की गई है।

### ये है मामला

पुलिस ने बताया कि 4 जनवरी को फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि तकरीबन 3 वर्ष से अर्जुन सिंह राजपूत निवासी सेमरा खुर्द से इंस्ट्राग्राम के माध्यम से बात चीत होती थी जिससे अर्जुन सिंह ने मुझे अपना मोबाइल नम्बर दिया था 02 जनवरी को दोपहर करीबन 03 बजे मेरे बताये अनुसार अर्जुन सिंह राजपूत मुझे नागौद बस स्टैण्ड में मिला और अपनी मो.सा. में बैठाकर नागौद बल्लाधार पुल के नीचे ले जाकर जबरजस्ती मेरे साथ गलत काम किया बोला कि अगर तुम शादी नही करोगी तो तुम्हे व तुम्हारे परिवार को जान से खतम कर दूंगा रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की पता तलाश की गई आरोपी अर्जुन सिहं राजपूत को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया।

# पात्र युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करायें

## विषेश कैंप का आयोजन 9 एवं 10 जनवरी को

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग की शैक्षणिक संस्थाओं एवं स्कूल शिक्षा विभाग की हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 9 एवं 10 जनवरी 2026 को विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान जिले के समस्त महाविद्यालयों एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में विशेष शिविर में सुचारू संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य के लिए संस्थाओं के प्रमुखों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेशानुसार उच्च शिक्षा की संस्थाओं के लिए शा. स्वा. स्नात, महाविद्यालय सतना के लिए प्राचार्य डॉ. एससी राय तथा स्कूल शिक्षा की संस्थाओं के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सतना के लिए डीईओ कंचन श्रीवास्तव को नियुक्त किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों के संस्था प्रमुखों से एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यो से संपर्क स्थापित कर 9 एवं 10 जनवरी को विशेष कैंप आयोजित कर पात्र युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही 8 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# तो क्या प्रधानमंत्री सड़क योजना का नाम डुबो देगे महाप्रबंधक?



**जागरण, सतना।** जिले मे ज्यादातर सड़क मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माण किया गया है, ताकि ग्रामीण लोग इस सड़क मार्ग से चलकर मेन मार्ग तक पहुच सके इसके तहत पूरे जिले में प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत एक जाल सा बुन दिया था किन्तु इस सड़क रूपी यह जाल पूरी तरह से पगडडियों में बदलता नजर आ रहा है, नये निर्माण मे तो हकीकत ही कुछ और ही है एक तरफ सडक बन रही है तो दूसरी तरफ से उखड रही है, यह सब कार्य जिले में बैठे इस योजना के आकाओ के बदौलत संभव हो रहा है। वही दूसरी तरफ ग्रामीणों में जो विभाग एवं समय सीमा के तहत निर्माणाधीन सडक मार्गो में पैचिंग का कार्य किया गया है तो उसमें सडक के बगल की मिट्टी खोदकर गड्डो की भराई की गई। तो वही विभाग के इमानदार अधिकारी अपने निकटतम संविदाकारों को दोनो हाथो से विभागीय रकम को लुटा रहे है। शायद ऐसा विभाग को करना भी चाहिए अगर संबंधित ठेकेदारो को दानपुण्य नही करेगे तो उनको आर्शीवाद नही मिल पायेगा। इस कलयुग में आर्शीवाद भी कोई चीज है, तभी तो इस कार्यालय में बैठे उपयंत्री से लेकर कार्यपालन यत्रियों के घरो के चूल्हे जल पायेगे नही तो इस कमर तोड महगाई में इनका और इनके परिवार का भरण पोषण थोडा ही हो पायेगा इसके लिए दान पुन्य तो इनको करना इनकी विवशता है।

### शिकायत के बाद भी नही होती कार्यवाही

वैसे ज्यादातर लोग सीएम हेल्पलाइन में सडक निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को लेकर शिकायत करते है शायद यह वो भूल जाते है कि शिकायत से कुछ नही होगा सीएम हेल्पलाइन छोटे तपके के मुलाजिमो के लिए है मगरमच्छो के लिए नही है, इनका इस शिकायत से कोई फर्क नही पडता बहुत होगा तो राजस्व टीम को जांच जिम्मा सौप देगे उनके विषय में सभी जानते ही है कि वो और बडे वाले है। वो तो निर्णय देने में बहुत ओ होते है। बस लक्ष्मी की कृपा चाहिए जहां लक्ष्मी का वास होता है वहां सीएम हेल्पलाइन बौनी पड जाती है। क्योकि सभी लोग लक्ष्मी के ही पुजारी है लक्ष्मी प्राप्त करने के लिए दिन रात्रि 108 माला फेरते है। तो ये कम थोडा है। वैसे भी वर्तमान में इस पीएम जीएसवाई की कुर्सी में विराजमान जीएम उमेश साहू है उनके विषय में विभाग के ही कुछ लोगो का कहना है कि वो साहू जी है वो किसी को कुछ नही देगे वो सिर्फ कुछ ऐजेसियों पर ही मेहरबान है, वैसे उनकी सबसे पसदीदा निर्माणाधीन एजेंसी है दक्षिणा इंफ्रा कंपनी पर ये कुछ ज्यादा ही मेहरबान है तभी तो अधिकांश जगह इनकी शिकायत आती है पर कही कुछ नही होता। कही जनपद सदस्य चिल्ला रहे है तो कही सरपंच इसके बावजूद साहू जी है कि अपनी पलक नही खोल रहे वो सिर्फ लगातार लक्ष्मी रूपी हवन कुड सजा कर लक्ष्मी प्राप्त करने के लिए दिन रात्रि जाप कर रहे है। साहू जी का यही हाल रहा तो आने वाले समय में प्रधानमंत्री के नाम से संचालित सडक योजना के नाम की नइया को पूरी तरह से डुबो देगे अगर प्रधानमंत्री के नाम को सुरक्षित रखना है तो जिले भर में संचालित इस योजना के कार्यो की गुणवत्ता को लेकर स्वयं जिले के कलेक्टर को संज्ञान लेना होगा।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 9 और 10 जनवरी को शैक्षणिक संस्थानों में लगेंगे विशेष कैंप

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग की शैक्षणिक संस्थाओं, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, प्रशिक्षण केन्द्र में 9 एवं 10 जनवरी 2026 को विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान जिले की विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों को संबंधित विद्यालय के लिए प्रशिक्षण केन्द्र में निर्वाचन कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेशानुसार नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस अभियान में कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं में प्रत्येक क्लास टीचर से सर्वप्रथम यह जानकारी प्राप्त करने के लिए कहें कि उनकी कक्षा के अंदर कितने छात्र-छात्रा का नाम 23 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक नामावली में अभी तक नाम दर्ज नहीं है, उनकी सूची तैयार कर लें तथा कक्षावार ही नाम जोडने के फार्म-6 भरने का अभियान की तिथियां निर्धारित कर ले।






# पशुओ का अवैध परिवहन करते ट्रक जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

## मझगवां पुलिस ने की कार्यवाही



**जागरण सतना।** पशुओ का अवैध परिवहन करते जहां 30 लाख रूपये कीमत का डीसीएम ट्रक जप्त किया गया है। वहीं 7 लाख 84 हजार रूपये कीमत की 42 नग भैस पड़ा जप्त किये गये है। दो आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुर्वे के मार्गदर्शन में मझगवां टीआई आदित्य नारायण धुर्वे द्वारा की गई है।

### ये है मामला

बताया जाता है कि 06 जनवरी को थाना प्रभारी मझगवां को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कुछ लोग एक डीसीएम ट्रक में पशुओं को क्रूरता पूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहे है । थाना प्रभारी मझगवां द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया । थाना मझगवां पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर 06 जनवरी को पिण्डरा पेट्रोल पम्प के पास से डीसीएम क्रमांक यूपी 90 बीटी 7276 मे कुल 42 नग भैस पड़ा जिनके पैर रस्सी से बंधे क्रूरतापूर्वक ठूंस.ठूंस कर भरे पाये जाने पर उपरोक्त भैस पडा व डीसीएम ट्रक को जप्त कर दोनो आरोपियों के विरूद्ध थाना मझगवां में पशुक्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के अतंर्गत्त अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

अहसान पिता आशिक अली उम्र 28 साल निवासी ग्राम लहुरेटा थाना नरैनी जिला बांदा , समीम अली पिता महबूब अली उम्र 28 साल निवासी ग्राम लहुरेटा थाना नरैनी जिला बांदा उ प्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर 30 लाख रूपये कीमत का डीसीएम ट्रक एवं 7 लाख 84 हजार रूपये कीमत की 42 नग भैसे जप्त की गई है।















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com